सुप्रभात
रांची, मंगलवार
17.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 185



12 श्वेता तिवारी ने बेशर्म रंग पर किया डांस

## न्यूज डायरी

### कोडरमा से सीएम की जोहार यात्रा आज से फिर शुरू

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दूसरे चरण की खतियान जोहार यात्रा की शुरुआत मंगलवार को कोडरमा से करेंगे। जिला प्रशासन ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीएम के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये है। सीएम हेलीकॉप्टर कोडरमा जेजे कॉलेज में उतरेंगे। इसके बाद यहां से सड़क मार्ग से कोडरमा के बागीटांड़ स्टेडियम पहुंचेंगे। साथ ही वहां लोगों को संबोधित करेंगे।

### राजेश कच्छप ने भी इडी से मांगी मोहलत

**रांची।** कैश कांड मामले में गिरफ्तारी के बाद सुर्खियों में आए रांची के खिजरी से कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप रांची से बाहर रहने के कारण सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे। उन्होंने कुछ व्यस्तताओं का हवाला देते हुए उन्होंने अपने वकील के माध्यम से ईडी के समक्ष हाजिर होने के लिए 2 सप्ताह का समय मांगा है। फिलहाल राजेश कच्छप दिल्ली में है। बता दें कि ईडी की टीम कैश कांड मामले में विधायक राजेश कच्छप से पूछताछ करने वाली थी। विधायक अनूप सिंह ने राजेश कच्छप समेत दो अन्य विधायकों के खिलाफ अरगोड़ा थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस एफआईआर में कहा गया था कि सरकार अपदस्थ करने की कोशिश की गई थी और विधायकों को प्रलोभन दिया जा रहा था। इसी मामले में ईडी सोमवार को उनसे पूछताछ करनेवाली थी।

### दुमका को दहलाने की साजिश भारी मात्रा में विस्फोटक मिला

**दुमका।** पुलिस और एसएसबी ने नक्सलियों के नापाक मंसूबे को विफल कर दिया है। पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। यह बरामदगी शिकारीपाड़ा प्रखंड के करकट्टा पहाड़ के वन क्षेत्र से हुई है। गणतंत्र दिवस के पहले यह बड़ी सफलता हाथ लगी। दुमका पुलिस और एसएसबी की 35वीं वाहिनी ने संयुक्त कार्रवाई की. दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के करकट्टा पहाड़ के वन क्षेत्र में यह कार्रवाई की गयी। इसमें नक्सलियों द्वारा छुपा कर रखे गए भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में 220 जिलेटिन की छड़, 411 पीस डेटोनेटर, नक्सलियों के 49 पीस बैज, 50 मीटर तार और भारी मात्रा में नक्सली साहित्य बरामद हुआ है।

### रेल राज्यमंत्री आज आयेंगे साहिबगंज

**साहिबगंज।** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर साहिबगंज पहुंचेंगे। उनकी यात्रा से भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं और उनके स्वागत की तैयारी में जुटे हैं। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने बताया कि केंद्रीय रेल राज्यमंत्री सुबह ट्रेन से साहिबगंज रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। राजमहल लोकसभा क्षेत्र में 17 और 18 जनवरी को पार्टी की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

### याद किये गये कामरेड महेंद्र सिंह

**गिरिडीह।** पूर्व विधायक कामरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बगोदर प्रखंड के खंभरा गांव में स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## धर्मसंकट : एक ओर स्थायी करने की मांग और दूसरी ओर इसके विरोध में प्रदर्शन



सेवा स्थायीकरण' की मांग को ले कर सोमवार को मुख्यमंत्री आवास घेरने आक्रोश मार्च की शक्ल में मोरहाादी मैदान से निकले निकले अनुबंधित नर्सें और पारामेडिकल कर्मी।




अनुबंधकर्मियों को स्थायी करने के विरोध में आदिवासी संगठनों ने सोमवार को जयपाल सिंह स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक विरोध मार्च निकाला और पुतला फूंका।

# चंपई सोरेन की बिगड़ी तबीयत, चेन्नई एयरलिफ्ट

### डॉक्टरों ने बेहतर ईलाज की दी सलाह, शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** टीएमएच में इलाजरत आदिवासी कल्याण और परिवहन मंत्री चंपई सोरेन की स्वास्थ्य अचानक खराब हो गयी। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें बेहतर इलाज के सोमवार को एयरलिफ्ट कर चेन्नई भेजा गया है। परिवहन मंत्री पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका सुगर लेवल डाउन हो गया था और बुखार भी नहीं उतर रहा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी ट्वीट कर चम्पई सोरेन के स्वस्थ होने की कामना की है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उनका हालचाल लेने टीएमएच पहुंचे थे। सीएम ने भी फोन पर उनका हालचाल लिया था। सोमवार को जब उनकी हालत और बिगड़ने लगी तो डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उनको चेन्नई ले जाने की सलाह दी है। इसके बाद सोमवार की दोपहर उन्हें चेन्नई ले जाया गया। (शेष पेज 11 पर)

### केरल के सीएम से मिले हेमंत सोरेन कई मुद्दों चर्चा

# झारखंड में पर्यटन को विकसित करने का आग्रह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केरल के सीएम पिनारायी विजयन से तिरुवनंतपुरम में शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों राज्य के मुख्यमंत्री ने हर क्षेत्र में एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री हेमंत ने केरल की तर्ज पर झारखंड के पर्यटन को विकसित करने में सहयोग करने का आग्रह किया। इस पर श्री विजयन ने पूरी मदद करने का भरोसा दिया। केरल के पर्यटन सचिव केएस श्रीनिवास के ने मुख्यमंत्री के समक्ष केरल के पर्यटन को लेकर प्रेजेंटेशन दिया। मौके पर पर्यटन मंत्री पीए मुहम्मद रियाज, केरल के मुख्य सचिव डॉ वीपी जॉय एवं अन्य उपस्थित थे। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन केरल दौरे पर हैं। वहां के मुख्यमंत्री पी विजयन से मुलाकात के दौरान दोनों ने एक-दूसरे का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान श्री सोरेन ने वहां के पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। सीएम अपने परिवार के साथ वहां पहुंचे हैं। मुलाकात पर दोनों ने खुशी जतायी और एक-दूसरे के प्रति आभार जताया। सीएम हेमंत ने ट्वीट कर केरल के मुख्यमंत्री का धन्वाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पी विजयन से मिलकर काफी अच्छा लगा। उनसे आपसी सहयोग और हित के मुद्दों पर चर्चा हुई, जो कि काफी अच्छी रही। श्री सोरेन 12 जनवरी को विशेष विमान से केरल पहुंचे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी, बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य भी केरल छुट्टियां बिताने आये हैं। प्रकृति प्रेमी श्री सोरेन हर साल एकबार परिवार संग छुट्टियां बिताने बाहर जाते हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने ट्वीट कर इस मुलाकात की जानकारी दी। (शेष पेज 11 पर)

### भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में बोले नड्डा, साल 2023 अहम

# 9 राज्यों में चुनाव लड़ना है और जीतना भी, तैयार रहें

### प्लान : चुनावी राज्यों से मांगी रिपोर्ट, बनेगा जीत का फॉर्मूला

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले 2023 में नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के महत्व को रेखांकित करते हुए सोमवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से इन सभी चुनावों में जीत दर्ज करने के लिये कमर कसने का आह्वान किया। दो दिनी बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते अपने अध्यक्षीय भाषण में नड्डा ने कहा, साल 2023 हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें नौ प्रदेशों में चुनाव लड़ना है और जीतना भी है। बैठक में चुनावी राज्यों के दिग्गजों से रिपोर्ट कार्ड मांगी गयी। उसी आधार पर पार्टी आगे की रणनीति तय करेगी। नड्डा ने 1 लाख 30 हजार बूथों को मजबूत करने पर जोर दिया। इससे पूर्व पीएम मोदी ने एक भव्य रोड शो का आयोजन किया और उसके बाद बैठक में शिरकत की। (शेष पेज 11 पर)

### मोदी ने किया रोड शो

इससे पहले पीएम मोदी ने संसद मार्ग स्थित पटेल चौक से लेकर नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद् (एनडीएमसी) के कन्वेंशन सेंटर तक रोड शो किया। करीब एक किलोमीटर तक के इस रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सड़क के दोनों ओर मौजूद थे। सड़क पर जगह-जगह भाजपा के झंडे, पोस्टर और बैनर लगाये गये थे। रोड शो के बाद पीएम मोदी कार्यकारिणी की बैठक एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। रोड शो के दौरान जगह-जगह मोदी और नड्डा के कटआउट भी लगे थे। सड़क के दोनों ओर अलग-अलग मंच बने हुए थे, जिन पर कलाकार भारतीय संस्कृति की झलक दिखाते हुए नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे थे।

### खूंटपानी कस्तूरबा विद्यालय: पढ़ाई नहीं वार्डेन पर प्रताड़ना का आरोप

# देर रात 61 छात्राएं 17 किमी पैदल पहुंची चाईबासा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के खूंटपानी में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन की प्रताड़ना से परेशान होकर 61 छात्राएं रविवार की 1 बजे रात को ही आवासीय विद्यालय छोड़कर पैदल मुख्यालय चाईबासा के लिए निकल पड़ीं। लगभग 17 किलोमीटर पैदल चलने के बाद सुबह 6 बजे सभी छात्राएं चाईबासा पहुंचीं और सांसद सांसद गीता कोड़ा को अपनी आप बीती सुनायी। सांसद ने सोमवार की सुबह पूरे मामले की जानकारी डीसी और अन्य अधिकारियों की दी।

**क्या है छात्राओं का आरोप :** छात्राओं ने बताया कि वार्डन छात्राओं से पढ़ाने के बजाय शौचालय की सफाई से लेकर कई अन्य तरह के काम लेती हैं। इन्हीं सब मामलों को लेकर खूंटपानी प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं के सब्र का बांध रविवार की देर रात टूट गया। वार्डेन सुसिला टोपो की प्रताड़ना से तंग छात्राएं रात में ही 17 किमी सफर तय कर अपनी आप बीती सुनाने खुटपानी से चाईबासा पहुंच गयीं। इन छात्राओं ने वार्डेन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। (शेष पेज 11 पर)

### स्कूल और छात्राओं की सुरक्षा पर उठे सवाल

सवाल यह है कि रात 1 बजे से सुबह 6 बजे तक जिला प्रशासन को इस बात की भनक तक नहीं लगी कि किसी एक सड़क पर 61 छात्राएं पैदल चल रही हैं। विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है और इसे देखने वाला कोई नहीं है। जिले में नक्सल अभियान चल रहा है लेकिन पुलिस किस अभियान पर है इसकी पूरी हकीकत सामने आ गयी। अब मामले की जाच की बात कही जा रही है। जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार सील ने कहा कि मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

# 12 को मिल जायेगा झारखंड को नया डीजीपी

### सुप्रीम कोर्ट को सरकार ने बताया, अवमानना याचिका निष्पादित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यूपीएससी ने राज्य के डीजीपी पद के लिए तीन वरिष्ठ अफसरों के नाम का पैनल भेजा है। इनमें से किसी एक को आगामी 12 फरवरी को डीजीपी पद पर नियुक्त कर लिया जायेगा। सरकार के इस जवाब के बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौजूदा डीजीपी नीरज सिन्हा के खिलाफ दायर अवमानना याचिका निष्पादित कर दी। मालूम हो कि झारखंड के मौजूदा डीजीपी और 1987 बैच के आइपीएस अधिकारी नीरज सिन्हा आगामी 11 फरवरी को पद छोड़ रहे हैं। नीरज सिन्हा 31 जनवरी 2022 को सेवानिवृत्त होने के बाद भी इस पद पर बने हुए हैं।

झारखंड में नये डीजीपी की नियुक्ति में हो रही देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को यूपीएससी को डीजीपी के पद के लिए अधिकारियों के नामों की सिफारिश करने के प्रस्ताव में खामियों को दूर कर जवाब देने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और अन्य के खिलाफ अवमाननावाद याचिका पर सुनवाई के लिए 16 जनवरी की डेट रखी थी। झारखंड सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कोर्ट को बताया कि यूपीएससी की ओर से जो तीन नाम मिले हैं, उनमें से किसी एक की नियुक्ति 12 फरवरी को डीजीपी के पद पर कर दी जायेगी। मौजूदा डीजीपी नीरज सिन्हा 11 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं।

### ये तीन नाम तय

झारखंड के नये डीजीपी को ले कर दिल्ली में यूपीएससी ने कुछ दिन पहले ही इसके लिए पैनल के तीन नाम तय कर दिये हैं। इनमें आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर, अजय सिंह, और अनिल पालटा शामिल है।

# इडी ने संजय तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को कहा

### मिड डे मील घोटाला में झारखंड पुलिस को पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जांच में खुलासा हुआ है कि झारखंड मिड डे मील के 100 करोड़ रुपये के घोटाले का मास्टरमाइंड संजय तिवारी अपने वाहनों के लिए फर्जी पंजीकरण संख्या का इस्तेमाल कर रहा था। उसने राष्ट्रीय राजमार्ग का जाली पहचान पत्र भी बनवाया था। इडी ने छापेमारी के दौरान इन वाहनों और आइडी कार्ड भी जब्त किया था। अब इडी ने झारखंड पुलिस को इस संबंध में पत्र लिखा है। संजय तिवारी के खिलाफ उन पांच एसयूवी के लिए फर्जी पंजीकरण संख्या का उपयोग करने के लिए प्राथमिकी दर्ज करने को कहा है, जिनका वह उपयोग कर रहा था।

**मनी लॉन्ड्रिंग में किया फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर का प्रयोग :** इडी ने एनएचएआइ को भी बताया है कि संजय तिवारी ने अपनी तस्वीर लगा कर किसी और के नाम से एनएचएआई का फर्जी पहचान पत्र बनवाया था। फर्जी पंजीकरण संख्या और नकली आईडी का उपयोग करना जालसाजी और प्रतिरूपण का आपराधिक कृत्य है। ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा है कि संजय तिवारी ने एसयूवी के लिए इस तरह के फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर और एनएचएआई के आईडी का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया है।

### भानु कंस्ट्रक्शन का मालिक है संजय तिवारी

धनबाद के हीरापुर निवासी संजय तिवारी रांची स्थित भानु कंस्ट्रक्शन कंपनी का मालिक है। यह घोटाला 2017 में सामने आया था। खुलासा हुआ था कि झारखंड मिड डे मील प्राधिकरण की 100.14 करोड़ रुपये की राशि एसबीआई की हटिया शाखा में भानु कंस्ट्रक्शन (36310149578) के खाते में स्थानांतरित की गई। झारखंड मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के एसबीआई खाते से भानु कंस्ट्रक्शन को फंड का हस्तांतरण तब सामने आया, जब 19 सितंबर 2017 को राज्य निकाय ने हटिया शाखा को जिलों को धन जारी करने का निर्देश दिया। लेकिन बैंक को मध्या? भोजन प्राधिकरण के खाते में पैसे नहीं मिले। इसकी आंतरिक जांच से पता चला कि जुलाई 2017 में राज्य से मिड डे मील अथॉरिटी के एसबीआई हटिया खाते में 100.14 करोड़ रुपये आए थे। 5 अगस्त को पूरी रकम भानु कंस्ट्रक्शन के खाते में ट्रांसफर कर दी गई। वहीं, संजय तिवारी ने इस खाते से कैश निकालना शुरू कर दिया। खाते में इस बेहिसाब जमा के बारे में बैंक को सूचित भी नहीं किया।

# सुप्रीम कोर्ट से आलम और पंकज मिश्रा को बड़ी राहत

### बरहरवा टेंडर विवाद

**रांची।** मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंद्रेश की खंडपीठ ने हाइकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें इडी को प्रतिवादी बनाते हुए साक्ष्य पेश करने का निर्देश दिया था। अदालत ने ईडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई मार्च में होगी। राज्य सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा। हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में गयी थी। सरकार का कहना था कि यह पूरी तरह के टेंडर विवाद है, जिसकी जांच राज्य पुलिस करना है। इसमें ईडी को जांच करने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की दलील को स्वीकार करते हुए हाइकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी, साथ ही ईडी से जवाब मांगा है। बड़हरवा के टोल प्लाजा टेंडर को लेकर शंभू नंदन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को आरोपित बनाया था। पुलिस जांच में दोनों को क्लीनचिट दे दी गयी है।

# मारवाड़ी कॉलेज का 20 जनवरी को होगा दीक्षांत समारोह : प्राचार्य

## ग्रेजुएशन की 6,382 और मास्टर्स की 853 डिग्रियां, तैयारी अंतिम चरण में

### ग्रेजुएशन और मास्टर्स को मिला कर 89 टॉपरों को दिए जाएंगे गोल्ड मेडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज का चौथा दीक्षांत समारोह 20 जनवरी को होगा। इसमें ग्रेजुएशन व मास्टर्स के 3 बैच के लिए कुल 7235 डिग्रियां बांटी जायेंगी, जिसमें ग्रेजुएशन की 6,382 और मास्टर्स की 853 डिग्रियां शामिल हैं। वहीं ग्रेजुएशन और मास्टर्स को मिला कर 89 टॉपरों को गोल्ड मेडल दिए जाएंगे. कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में ग्रेजुएशन के सत्र 2013-15, 2014-17, 2015-18 और मास्टर्स के सत्र 2014-16, 2015-17 व 2016-18 के स्टूडेंट्स को डिग्रियां मिलेंगी। मालूम हो कि इससे पहले कॉलेज में तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन वर्ष 2015 में किया गया था।

**विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड तय :** प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। छात्रों को भारतीय परिधान में डिग्री दी जानी है। विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड तय कर लिया गया है। छात्र दीक्षांत समारोह में सफेद कुर्ता-पाजामा व अंगवस्त्र पहनेंगे। वहीं छात्राएं कुर्ता या लाल पाढ़ की सफेद साड़ी और अंगवस्त्र पहनेंगी।

**टॉपर लिस्ट : यूजी सत्र 2013-16 व पीजी सत्र 2014-16 के टॉपर :** बांग्ला- धारिनी महती, अर्थशास्त्र -रूपम, अंग्रेजी- आसिफ, भूगोल- हर्षिता सिंह, हिंदी- आरती, इतिहास- सिकंदर कुमार, गृह विज्ञान : रुखसार जेवा, दर्शनशास्त्र : दीपिका बिरूआ, राजनीति विज्ञान- स्नेहा, मनोविज्ञान- आसमानी कुमारी, उर्दू- मुमताज रहमानी, कुडुख- संजना, नागपुरी- पूजा, बॉटनी- सुमन, रसायन- रंजीत, गणित- अब्दुल हई, भौतिकी- पूजा, जूलॉजी- अस्मिता साधु, फैशन डिजाइनिंग- अंकुर, कंप्यूटर एप्लीकेशन- बासित अली, बायो टेक्नोलॉजी : उज्मा आफरीन, कंप्यूटर मेंटेनेंस- शालिनी, आईटी- धर्मेंद्र, सीएनडी- नीलम, बीबीए- पल्लवी, बीकॉम -अमरदीप, एमकॉम - दिव्या, एमबीए- शवनम आरा, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी- शफीनाज बानो व एमसीए - पैराबावुला श्रवणी।

### यूजी सत्र 2014-17 और पीजी 2015-17 के टॉपर

बांग्ला : सुमित दास, अर्थशास्त्र- अनंत सिंह देव, अंग्रेजी -अजीत कुमार शर्मा, भूगोल- रामनाथ गंझू, हिंदी- कुमारी पिंकी, इतिहास- बजरंग काशी, गृह विज्ञान- प्रियंका श्रीवास्तव, दर्शनशास्त्र- सोनाली चक्रवर्ती, राजनीति विज्ञान- अक्षय प्रसाद, मनोविज्ञान- आरती कुमारी, उर्दू- अशफाक अहमद, नागपुरी- मुकेश मुंडा, बॉटनी -रुकैया सज्जाद, रसायन शास्त्र- प्रतीक्षा कुमारी, गणित- रजनी कुमारी, भौतिकी- प्रीति गुप्ता, जूलॉजी : रुखसार जहान, फैशन डिजाइनिंग- जेबा निगार, कंप्यूटर एप्लीकेशन- पुरुषोत्तम कुमार सानू, बायोटेक्नोलॉजी- शमा अर्शी, कंप्यूटर मेंटेनेंस- दीपिका कुमारी, आईटी- अभिषेक सिंह, सीएनडी- आराधना लकड़ा, बीबीए- नौरीन कियनात, बीकॉम- अमन कुमार वर्मा, एमकॉम- अमन कुमार पांडेय, एमबीए- किशोर नंद कुमार, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी- भावना सिंह व एमसीए नित्या कुमारी।

### यूजी सत्र 2015-18 व पीजी सत्र 2026-18

बांग्ला : राजमणि कोइरी, अर्थशास्त्र- कुमारी पूजा, अंग्रेजी- दीपक, भूगोल- उम्मे हबीबा, हिंदी- गुलशन परवीन, इतिहास : फिरदौस परवीन, गृह विज्ञान- शाजिया आफरीन, दर्शनशास्त्र- अमित, राजनीति विज्ञान- हर्षदीप, मनोविज्ञान- प्रेरणा, उर्दू- अवसर अहमद, कुडुख- प्रियंका, नागपुरी- अजय मुंडा, बॉटनी- शाहानी परवीन, रसायन शास्त्र- सुमित रंजन, गणित- निवेश चौबे, भौतिकी -अल्का टोप्पो- जूलॉजी वजीहा, फैशन डिजाइनिंग- अंकिता कुमारी, कंप्यूटर एप्लीकेशन- ऐश्वर्या गुप्ता, बायो टेक्नोलॉजी- मनीषा, कंप्यूटर मेंटेनेंस : अनुराग राज, आईटी- सिमरन गुप्ता, सीएन बीबीए- अनुकृति बनर्जी।

# एग्जाम वॉरियर आर्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता : सेठ

## गुरुनानक स्कूल में आर्ट एवं पेंटिंग एग्जाम वॉरियर प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि बच्चों के बीच परीक्षा के तनाव को कम करना आवश्यक है। श्री सेठ सोमवार को गुरुनानक स्कूल में सोमवार को भव्य आर्ट एवं पेंटिंग एग्जाम वॉरियर प्रतियोगिता का उद्घाटन कर रहे थे। इसमें रांची के 45 छोटे, बड़े स्कूलों से जुड़े 1500 से अधिक बच्चों ने सहभागिता निभाई। एक घंटे की इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। परीक्षा पर चर्चा से संबंधित कई कलाकृतियां बनायीं गयी थी। एग्जाम वारियर्स प्रतियोगिता में गुरुनानक स्कूल की रिद्धि भाटिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रहे केंद्रीय विद्यालय हिनू के श्रेष्ठ कुमार मिश्रा और तृतीय स्थान पर सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल की श्रेष्ठा बर्मन रही। प्रथम तीन विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र दिया गया। 10 पेंटिंग्स को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस एवं मेडल प्रदान किये गये। वहीं 25 अन्य को सुपीरियर आर्ट वर्क का सर्टिफिकेट दिया गया। अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया जायेगा। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में राकेश कुमार, सजीत मिंज, दयाल साव, जाकिर शाह एवं आरोप नंदी ने भूमिका निभाई। श्री सेठ ने कहा कि यह कोई प्रतियोगिता नहीं है। यह आपके लिए उत्सव है। जिसमें आप अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर वर्ग से संवाद किया है। इसी क्रम में वे बच्चों से संवाद करते हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि यह परीक्षा जीवन की परीक्षा नहीं है। इसलिए परिणाम की चिंता किये बगैर बेहतर नागरिक बनने के लिए काम करें। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि आप बिना किसी दबाव के इस उत्सव में भाग लें और अपनी रचनात्मकता को सामने लायें। मौके पर मनोज कुमार, एसडी सिंह, विनय जायसवाल, पूनम आनंद, गुरविंदर सिंह शेट्टी, रमेंद्र कुमार, राजीव सहाय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# इंदिरा कुमारी बनीं श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ की राष्ट्रीय प्रवक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दलित सेना की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष (महिला विंग) इंद्रा कुमारी को श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ की राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उन्हें सम्मानित किया गया। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक महाराष्ट्र सदन नई दिल्ली में संपन्न हुई, जिसमें रविदास आचार्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश राठोर (पूर्व विधायक ज्वालापुर), दुष्यंत कुमार गौतम (हरियाणा से राज्यसभा सांसद), पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया एवं सभी राज्यों से आये राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहे। बताते चलें कि फरवरी में होने वाले संत श्री गुरु रविदास जयंती को लेकर चर्चा हुई। श्री गुरु रविदास की तरफ से सभी उपस्थित लोगों का अभिनंदन किया गया। नवचयनित इंद्रा कुमारी ने इसके लिए सबों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री गुरु रविदास महापीठ की उम्मीदों पर खरा उतरने की हरसंभव कोशिश करूंगी।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में विद्यालय के स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर 15 एवं 16 जनवरी 2023 को सी.बी.एस.ई. सी.ओ.ई. पटना द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सोनी श्रीवास्तव तथा मौसमी दास विशेषज्ञ थीं। झारखंड और बिहार के प्रतिष्ठित 27 विद्यालयों के लगभग 60 से अधिक अध्यापकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस प्रकार के सत्र आयोजित करने के लिए विद्यालय की प्रशंसा की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कार्यशाला का आयोजन करने के लिए सी.बी.एस.ई. सी.ओ.ई. पटना को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है। निश्चय ही इस सत्र से हमारे अध्यापक लाभान्वित होंगे और अपने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे।

# रांची की महिलाओं को सुरक्षित यात्रा करायेगी सहेली राइड

## राजधानी में सहेली राइड सर्विस की हुई शुरुआत

बासुकीनाथ पांडेय



**रांची।** राजधानी रांची में महिलाओं के लिए सहेली राइड (स्कूटी पिक एंड ड्रॉप सर्विस) की शुरुआत हो चुकी है, जिसका दायरा रांची में करीब 25 किलोमीटर तक होगा। महिलाएं स्कूल कॉलेज ऑफिस जाने वाली लड़कियां सभी कम किफायती दर में राइड सर्विस की सेवा ले सकेंगी। इस सर्विस की शुरूआत सहेली राइड के फाउंडर चितरंजन कुमार और उनकी धर्मपत्नी ने किया। मौके पर उन्होंने हरी झंडी दिखाकर महिला चालक को रवाना किया। सहेली राइड के फाउंडर चितरंजन कुमार ने कहा कि हमारा मकसद महिलाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान सुरक्षित पहुंचाना तो है ही, साथ ही महिलाओं को रोजगार प्रदान भी करना है और आने वाले समय में रांची का दायरा बढ़ाया जायेगा। झारखंड के अलावा विभिन्न राज्यों में भी यह सेवाएं शुरू करने की प्लानिंग हो चुकी है।

सहेली राइड में नौकरी पाने वाली महिलाओं ने कहा कि यह महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है और यह हम सबों को रोजगार प्रदान कर रहा है। सहेली राइड में कैप्टन महिला लड़की होगी वह हमारी सहेली सारथी हैं। सहेली राइड महिलाओं के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। यदि कोई भी लड़की अपने सहेली राइड मोबाइल ऐप से स्कूटी बुक करती है तो कुछ ही मिनटों में उसके पास स्कूटी सहेली सारथी पहुंच जाएगी वह बुकिंग करने वाली लड़की को उसके गंतव्य तक पहुंचायेंगी।

## खबर एक नजर में

### किक्की सिंह ने राज्यपाल को भेंट की अपनी लिखित पुस्तकें



**रांची।** किक्की ने अपनी लिखित पुस्तकें नॉवेल शादी का सपना और कविता संग्रह तेरे नाम का...सोमवार को राज्यपाल रमेश बैस को भेंट की। पुस्तक को सप्रेम भेंट पाकर राज्यपाल ने उनकी लेखन की बहुत प्रशंसा की और उन्हें लेखन के क्षेत्र में आसीन ऊंचाइयों तक जाने की शुभकामना दी। उन्होंने यह भी कहा कि लेखकों के माध्यम से ही आज समाज से कई प्रकार की कुरीतियां दूर हो सकी हैं। किक्की को उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए झारखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ,प्रेस क्लब, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, मेघा रे मेघा रे यह प्यार का नगमा है जैसे महान गीतों के लेखक संतोष आनंद आदि सम्मानित कर चुके हैं। वह आरयू से पत्रकारिता में मास्टर्स कर रही हैं।

### डीएवी नीरजा सहाय में स्वस्थ्य जागरूकता अभियान



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में ऑर्किड हॉस्पिटल के सहयोग से स्वस्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ नौशाद के द्वारा विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के हेल्थ और सेफ मॉनिटरों को आपातकाल में पीसीआर देने की ट्रेनिंग दी गयी। डायट्रीशियन सरोज ने छात्रों को स्वस्थ भोजन का महत्व बताया साथ ही डॉ तबिश ने छात्रों को पढ़ाई करते हुए एवं खेलकूद करते समय शरीर को सीधा रखने का प्रयास करने की सलाह दी। विद्यालय की वरीय शिक्षिका तनुश्री चक्रवर्ती के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में जागरूकता आती है और वे किसी भी आपात स्थिति में घबराते नहीं हैं।

### मानवाधिकार के हनन के विरुद्ध कार्रवाई हो



**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंप कर सरकार से राज्य में आदिवासी और वंचितों के मानवाधिकार के लगातार हनन के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। सचिव ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान सचिव को वर्तमान में आदिवासी, मूलवासियों एवं वंचितों के विरुद्ध विभिन्न तरीकों से पुलिसिया व सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे दमन के मामलों से अवगत कराया। ज्ञापन में सरकार से मांग की गयी है कि सभी मामलों में उचित कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय और मुआवजा व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। प्रतिनिधिमंडल में आलोका कुजूर, अनिल सिंह, एलिना होरो, लालमोहन सिंह, पीएम टोनी और सिराज शामिल थे।

### एनएसयूआई ने टेक्निकल यूनिवर्सिटी में कुलपति का घेरा, 19 और 21 की परीक्षा स्थगित

**रांची।** छात्र संगठन एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने सोमवार को बी-टेक के सातवें सेमेस्टर की परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने के लिए कुलपति और कुलसचिव का घेराव किया। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह के नेतृत्व में झारखंड के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों से आये प्रतिनिधियों ने अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि 19 जनवरी से बी टेक के सातवें सेमेस्टर की परीक्षा होने वाली है। छात्रों की शिकायत है कि सिलेबस अब तक पूरा नहीं किया गया है। गेट की परीक्षा भी जल्द होने वाली है। इससे विद्यार्थियों को परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। छात्रों की मांग को देखते हुए यूनिवर्सिटी में आपातकालीन बैठक बुलाई गई। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक और सभी अधिकारियों ने छात्र हित में फैसला लेते हुए 19 और 21 जनवरी की परीक्षा को स्थगित करने का फैसला लिया। स्थगित परीक्षा गेट एग्जाम के बाद 14 ओर 15 फरवरी को कराने का निर्णय लिया गया।

## यहोवा शालोम मिनिस्ट्री ने मनायी 11वीं वर्षगांठ

**रांची।** यहोवा शालोम मिनिस्ट्री का सोमवार को 11वीं वर्षगांठ मनायी गयी। संस्था के संस्थापक पास्टर माइकल कच्छप ने बताया कि यह सेवा 5 लोगों के साथ शुरू की गई थी। आज यह सेवा झारखंड के 4 जिलों मे 15 स्थानों पर लगभग सैकड़ों लोगों के बीच में है। वैसे तो सेवा 2000 ईसवीं से ही प्रारंभ की गई है, पर आज ही के दिन 2012 में रजिस्ट्रेशन हुआ था।

इसलिए आज हमारे वरिष्ठ सलाहकारों की अगुवाई में और मुख्य वक्ता सुहासिनी मरांडी एवं मुख्य अतिथि दुर्गा नायक और सुशील लकड़ा सहित हमारे दर्जनों सहकर्मियों की उपस्थिति में केक काटकर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर अरुण तिर्की, चिपरा, प्रदीप तिग्गा सपारोम, विजय कच्छप, रोशन लकड़ा, माजेंद्र नायक, डॉ उपेंद्र कुमार सिंह एवं कलीसिया के लगभग 500 लोग उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू के छात्र आकाश को पेंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डीएसपीएमयू के छात्र आकाश कर्मकार को राज्यस्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला है। आकाश परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग का विद्यार्थी है। उसे 11 हजार रुपये का चेक सौंप कर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता कला संस्कृति एवं युवा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में राज्य भर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। आकाश ने इससे पहले युवा महोत्सव में भी अपनी पेंटिंग कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य व कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने आकाश को बधाई देते हुए कहा है कि उसकी इस उपलब्धि से पूरा विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट की समन्वयक डॉ. यशोधरा राठौर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## हंस स्टडी सेंटर के 15 विद्यार्थी परीक्षा में सफल

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा प्रथम डिप्टी कलेक्टर का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया, जिसमें हंस स्टडी सेंटर रांची के 15 प्रतियोगियों को ना केवल सफलता मिली बल्कि सामान्य वर्ग में हंस स्टडी सेंटर के राजेश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि बी.सी. वर्ग-2 में लक्ष्मण यादव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और अनुसूचित जाति वर्ग में कमलेश कुमार दास ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सेंटर का नाम रोशन किया। राजेश कुमार वर्तमान में को-ऑपरेटिव विभाग में कार्यरत हैं जबकि यादव और दास गिरिडीह में सरकारी शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सफल परीक्षार्थियों में कलिंदर साहू, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, नवीन चंद्र झा, राजेश कुमार दास, मनोज कुमार चौरसिया, विजय उरांव, विजय कुमार तिर्की, बिपिन चंद्र आदि शामिल हैं। सभी सफल परीक्षार्थियों को हंस स्टडी सर्किल के संचालक ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# लायंस क्लब ने कराया नि:शुल्क हृदय जांच



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लायंस क्लब ने सेवा सप्ताह के तहत सोमवार को निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस जांच शिविर राधा-कृष्ण गार्डेन, बरियातू रोड में आयोजन किया गया था। इसके बाद सभी लायन सदस्यों ने अल्बर्ट एक्का चौक पर दोपहर 12.30 बजे भोजन वितरण के लिए एकत्रित हुये। यह भोजन लायन कृष्णा गोपालका के तरफ से उपलब्ध किया गया था। सभी कार्यक्रमों में पूर्व जिलापाल लायन राजेश गुप्ता, अध्यक्ष रतन अग्रवाल, सुनील माथुर, अमरचंद बेगानी, अमरजीत गिरधर, राम बालक वर्मा, देवाशीष सान्याल, अमित कुमार, नीरज शाह, रेनू जयसवाल, रोहित जयसवाल, सिद्धार्थ जयसवाल, राम कृष्ण एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

# पुनर्वास की मांग को लेकर विस्थापितों ने एयरपोर्ट के समक्ष दिया धरना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के समक्ष विस्थापितों व प्रभावितों ने विशाल धरना का आयोजन किया। विरोध करनेवालों का कहना था कि नामकुम अंचलाधिकारी द्वारा विस्थापितों का पुनर्वास करने के बजाय विस्थापितों को अतिक्रमण कारी कहकर उन्हें जबरन हटाने की नोटिस दिया जा रहा है। नेताओं का कहना था कि नामकुम सीओ द्वारा उनकी पुश्तैनी घर व जमीन छोड़ने अन्यथा बलपूर्वक हटाने का नोटिस दिया गया है। जो गलत है, नामकुम सीओ जनहित को देखते नोटिश को अविलंब वापस लेकर विस्थापितों पुर्नवास कराने का काम करें। विस्थापितों ने आंदोलन के माध्यम से 13 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री के अलावे निर्देशक रांची एयरपोर्ट, सीओ नामकुम सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों को प्रेषित किया गया। 13 सूत्री मांगों में उपरोक्त मांगों के अलावा रांची एयरपोर्ट के सभी नौकरियों व निविदाओं में विस्थापित व प्रभावितों को प्राथमिकता देने। विस्थापितों का पुनर्वास कर उन्हें सभी बुनियादी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद ही एयरपोर्ट विस्तारीकरण का काम करने। सेना व रांची एयरपोर्ट द्वारा बिना अधिग्रहण किए ग्रामीणों की जमीन पर अवैध कब्जे का विधिवत अधिग्रहण कर मामले का स्थाई निराकरण करने सहित अन्य मांगे शामिल हैं। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने एक माह के अंदर विस्थापितों का पुनर्वास नहीं करने और दमनकारी नोटिस वापस नहीं लेने पर फरवरी माह में नामकुम अंचल कार्यालय का घेराव करने व आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष अजित उरांव ने और संचालन सचिव प्रकाश टोप्पो ने किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से मोर्चा के महासचिव सुरेश गोप स्थानीय वार्ड नंबर 50 की पार्षद पुष्पा तिर्की, चंदा घासी पंचायत के पूर्व मुखिया निकोलस एक्का, आदिवासी अधिकार मंच के सुखनाथ लोहरा, विनोद कश्यप, राधे तिर्की, समीर खलखो, सविता लकड़ा, पवन कच्छप, अनीश कच्छप, मधु मुंडा, एरेन तिर्की, बसंती कच्छप, ललिता एक्का, बिरसा रिश्ता, बिष्णु कच्छप,आदि ने संबोधित किया।

प्रर्दशन में हुन्डरु, हेथू, गड़हा टोली, खोखमा टोली, हरा टांड, हिनू, सुलंखी, छोटा घाघरा, कुटे टोला, चंदा घासी,नया लटमा सहीत रांची एयरपोर्ट के आसपास के गांवों के सैकड़ों महिलाएं व पुरुष शामिल थे।

# महाशिवरात्रि पर रातू रोड से मनोहारी झांकी के साथ निकलेगी शिव बारात

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति की केएन कॉलोनी मेट्रो लेन में हुई बैठक में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर रातू रोड से शिव बारात निकालने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में नए सत्र के लिए कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में रमेश सिंह अध्यक्ष चुने गए। वहीं राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश को समिति का मुख्य संरक्षक चुना गया। कमेटी का जल्द ही विस्तार कर पदधारियों के नाम की घोषणा की जाएगी। संगठन के सदस्यों ने कमेटी के अध्यक्ष बने रमेश सिंह को चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि इस बार शिव बारात में कई मनोहारी एवं जीवंत झांकी के अलावा मध्य प्रदेश की ताशा पार्टी शामिल होगी। बैठक में शैलेन्द्र कुमार शैलू, नवीन पपनेजा, विजय कुमार,मिंटू चौबे,रवि अरोड़ा, नमन भारतीय, सुजीत सिंह, राकेश अरोड़ा, सत्येंद्र तिवारी, अशोक बजाज, गौरव बजाज, गिरधारी लाल वर्मा, हरजीत सिंह, हीरालाल पपनेजा,शंकर किंगर,संजय अरोड़ा, संजय अग्रवाल, नमन भारतीय समेत कमेटी के सदस्य शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

## जेएमएम जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम का जन्मदिन मना



**कांके।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों ने रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के जन्म दिवस के मौके पर कांके चौक मुहर्रम मैदान में केक काटकर जन्मदिन मनाया। इसके बाद केक और मिठाई सभी कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणो को बांट कर खिलाई। मौके पर लोगों ने उनका शॉल ओढ़ाकर बुके देकर और गिफ्ट देकर जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर समनूर मंसूरी, प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, अफरोज आलम, सबीबुल अंसारी, हनीफ अंसारी, अख्तर हुसैन, मोहम्मद मेराज, शहाबुद्दीन अंसारी, असगर अंसारी सहित कई लोग शामिल हुए।

## साइबर फ्रॉड से परेशान हैं आंगनबाड़ी के लाभुक

**नामकुम।** प्रखण्ड के विभिन्न आंगनबाडी केन्द्रो के लाभुकों को साईबर फ्राड खाते में पैसा भेजने की बात कहकर खाता नंबर मांग रहे है ।मामाले की जानकारी लाभुकों के द्वारा आंगनबाडी सेविका, सुपरवाईजर और सीडीपीओ को उपलब्ध करायी गयी है। मामले में सीडीपीओ रीना कुमारी ने बताया कि आंगनबाडी के द्वारा योजना का लाभ लेने वाले सभी लाभुकों का निबंधन आनलाईन कर दिया गया है। उन्होंने लाभुकों से अपील की है कि अपने खाते या किसी प्रकार की ओटीपी किसी व्यक्ति को नहीं दें। अगर जरूरी होगा तो सेविका, सहायिका उनके घर आकर उनसे जरूरी दस्तावेज और नंबर ले जाएंगी।

## मंदिर समिति ने किया कंबल वितरण

**ओरमांझी।** राधाकृष्ण मंदिर समिति के सौजन्य से सोमवार को पांचा में एक कार्यक्रम आयोतिज कर क्षेत्र के गरीब, वृद्ध व जरूरत मंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। वनवासी कल्याण केंद्र के संजय यादव व उपस्थित अतिथियों ने गरीबों को कंबल दिया और कहा गरीबों की मदद करना इंसानियत की पहचान है। वहीं ग्राम प्रधान धर्मनाथ पाहन ने कहा सरकारी योजना का लाभ कई गरीब व असहाय तक नही पहुंच पाती है। वैसे लोगों के लिए समाजिक सेवा से जुड़े लोगों के लिए मदद के लिए आगे आना सरहानीय कार्य है। मौके पर समाज सेवी, नारायण साहू, ओमप्रकाश साहू, किरन बांडो, भुनेष्वर मुंडा, संजीव मुंडा, सरोज महतो, राजकिशोर मुंडा, बहाली मुंडा, प्रदीप मुंडा, अनिरूद्ध मुंडा, फुलेंद्र महतो, रीता देवी आदि उपस्थित थे।

## सुगदा झिरगा टोली जंगल में लावारिस हालत में खड़ा वाहन बरामद

**इटकी।** थाना क्षेत्र के सुगदा झिरगा टोली जंगल में गत तीन दिनों से लावारिस हालत में खड़ी एक सवारी वाहन (जेएच 06 सी- 4506) को बरामद किया गया है। थाना प्रभारी रजनी रंजन के अनुसार वाहन को चालक ने 13 जनवरी को जंगल में छोड़ कर चला गया था। ग्रामीणों की सूचना पर वाहन को बरामद कर छानबीन शुरू कर दी गयी है।

## मृतक के परिजनों को लालेश्वर महतो ने दी आर्थिक मदद

**खलारी।** खलारी प्रखंड के राय पंचायत अंतर्गत आदिवासी मुहल्ला निवासी कुलदीप महतो का निधन विगत कुछ दिनों पूर्व हो गया था। वो काफी निर्धन परिवार से थे। जिसकी सूचना मिलते ही लालेश्वर महतो ने अपने प्रतिनिधि राजू गुप्ता के माध्यम से मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया एवं श्राद्ध कर्म के लिए खाद्य सामग्री भिजवाए। इस मौके पूर्व मुखिया प्रदीप उरांवए तरुण कुमार महतो, धर्मेंद्र, रवि सोनी, राजेंद्र प्रजापति एवं अन्य ग्रामीण आदि मौजूद थे।

# ओरमांझी थाना के समक्ष छात्रा का शव रख कर किया प्रदर्शन

## रात में मिली थी धमकी सुबह में फंदे पर लटका मिला था छात्रा का शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बीआईटी मेसरा ओपी के बिरसा ग्राम रूदिया में रात को मिली धमकी, सुबह मिला छात्रा का शव मामले को लेकर क्षेत्र के आक्रोषित ग्रामीणों द्वारा सोमवार को थाना के सामने छात्र का शव रख प्रदर्षन किया गया। फंदे में झूलती मारवाड़ी कॉलेज की छात्रा (19 वर्षीय अनीशा कुमारी) का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचने बाद युवती की शव को अंतिम संस्कार ना करके, सैकड़ों आक्रोशित ग्रामीण दुष्कर्म व हत्या करने के विरोध में मेसरा ओपी थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। स्वजन के साथ ग्रामीण आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को 24 घंटा के अंदर गिरफ्तार होना चाहिए, लेकिन पुलिस पकड़ने की बात तो दूर आरोपितों तक पहुंच भी नहीं पाई है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सदर श्याम किशोर महतो पहुंचे। ग्रामीणों को समझाया जिसके बाद छात्रा के पिता सरदीप राम ने 25 लाख रुपए मुआवजा राशि व परिवार के एक सदस्य को नौकरी मांग पत्र सौंपा। जिसके बाद छात्रा की शव का अंतिम संस्कार किया गया। धरना प्रदर्शन स्वजनों के साथ काफी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण शामिल थे।



ओरमांझी थाना के समक्ष शव रखकर प्रदर्शन करते लोग। इनसेट में मृतक छात्रा।

### शराबी और जुआरियों से मिले मुक्ति

थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह से वार्ता के दौरान जिप सदस्य सह आजसू जिला अध्यक्ष संजय महतो, भाजपा एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश राम, जेएमएम के बबलू राम, रिपब्लिकन पार्टी के प्रधान सचिव प्रितम लोहरा, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रूदिया क्षेत्र में जुआरी व शराबियों के अड्डाबाजी रोकने का आग्रह किया। बताया कि क्षेत्र में असमाजिक युवाओं को जमावड़ा रहता है। पुलिस इस पर अंकुश लगाए।

### एसआईटी गठन कर होगी कार्रवाई

प्रदर्शन में शामिल ग्रामीण घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी, पीड़िता के परिजनों को न्याय, उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी व सुरक्षा मुहैया कराने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों पुलिस पर आरोप लगा रहे थे कि गरीब की बेटी होने के कारण पुलिस मामले की तफ्तीश सही तरीके से नहीं कर रही है। छात्रा की शव को पोस्टमार्टम कराने में एंबुलेंस व्यवस्था नहीं कराए जाने को लेकर भी ग्रामीण नाराजगी जता रहे थे। मांग पत्र के माध्यम से फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी देने की भी मांग की गई है। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सदर रांची श्याम किशोर महतो ने कहा पुलिस की टीम अपने स्तर से मामले की तफ्तीश कर रही है। जब तक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं आ जाती है, तब तक कुछ भी कहना व्यर्थ होगा। रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की टेक्निकल समेत सभी तरह की जांच पड़ताल कर रही है। इसके लिए एसआईटी टीम भी गठित की जाएगी। किसी भी सूरत में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### छात्रा की हत्या से बेटियों की चिंता बढ़ी

प्रदर्शन में काफी संख्या में महिलाएं व युवतियां भी शामिल थे। कई महिलाएं अपनी बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए कहा झारखंड में बेटियों की हत्या व दुष्यकर्म की घटनाएं बढ गई है। लेकिन रूदिया गांव में इस प्रकार की पहली घटना है। अब तो अपनी बेटियों को अकेले छोड़ कर कंही जाने व बेटी को बाहर भेजने में डर लगने लगा है।

# मांडर कॉलेज की प्रभारी प्रिंसिपल से छात्र नाराज, कुलपति का घेराव

## जाति सूचक गाली देने का आरोप लगाया इंदिरा कुमारी को हटाने की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** मांडर कॉलेज की प्रभारी प्रिंसिपल प्रो इंदिरा कुमारी के व्यवहार से नाराज आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव की अगुआई में छात्रों ने सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एके सिन्हा का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। इसके उपरांत उन्हें ज्ञापन सौंप प्रो इंदिरा को तत्काल प्रभाव से हटाये जाने की मांग की गयी। प्रिंसिपल पर छात्र-छात्राओं को जाति सूचक गाली देने का आरोप है। संघ ने डॉ सिन्हा से कॉलेज में शिक्षक, पेयजल व शौचालय की कमी से हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया। इस पर कुलपति ने प्रिंसिपल को हटाने व समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। संघ ने 15 दिनों के अंदर कारवाई नहीं हुई तो कॉलेज में तालाबंदी की चेतावनी दी है।

### प्रदर्शन में थे शामिल

आदिवासी छात्र संघ मांडर कॉलेज के अध्यक्ष लक्ष्मण उरांव समेत महादेव राम, विजय राम, गीता कुमारी, आशीष टोपनो, दमी खलखो, सुमन कुमारी, पूजा कुमारी, मुन्ना कुमारी, सोनू उरांव, सुमन उरांव, सीमा कुजूर, अनीश खान, सोनू अंसारी, अतीक आलम, सोमनी कुमारी, अंजू कुमारी, सरस्वती कुमारी, मनीषा कुमारी, उर्मिला कुमारी, सूरज मुन्नी कुमारी व पूजा कुमारी आदि।

# स्टेट चैंपियन बेटियों को मिलेगी मदद: आदित्य साहू

## बालिकाओं की टीम नो राज्यसभा सांसद ने किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु ने कहा की बेटियों ने सीमित संसाधन में अपनी प्रतिभा की बदौलत पूरे राज्य में अपना लोहा मनवाया है। यदि इन्हें उचित सुविधा उपलब्ध हो तो इनके राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में कोई भी बाधा मुश्किल नहीं होगी। ये बातें राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु ने कही। वे सोमवार को आगर टोली में मुख्यमंत्री आमंत्रण बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में स्टेट चैंपियन बेटियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने बेटियों के लिए 15 सेट जर्सी, बूट, तीन फुटबॉल देने की घोषणा की। कहा कि इन्हें हर संभव मदद किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने कहा कि यह हमारे प्रखंड व जिला का लिए गर्व की बात है। इससे पूर्व अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संचालन सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो ने किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, अनिल टाईगर, मानकी राजेन्द्र शाही मुंडा, मुखिया राजेन्द्र बेदिया, नंदलाल राम, नीलमोहन पाहन, धनेश्वर बेदिया, सूरज मुंडा, मनीष महतो, बिहारी महतो, मनी मुंडा, संतोष पाहन, तिरथनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# इटकी अंचल प्रशासन ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## खराब चापानल की मरम्मत और जल मीनार निर्माण का दिया गया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड व अंचल प्रशासन ने सोमवार को गढ़गांव पंचायत के करमटोली चचगुरा में ग्रामीणों की समस्या सुनी और उसके निष्पादन का आश्वासन दिया। इस क्रम में सड़क विहीन गांव में मनरेगा के तहत मिट्टी मोरम सड़क बनाने की सहमति दी गयी। प्राथमिक विद्यालय में खराब पड़े चापानल की मरम्मत करने ग्रामीणों की मांग पर 15 वें वित्त आयोग से जलमीनार निर्माण कराने का निर्देश इटकी प्रखंड प्रशासन द्वारा दिया गया। इसके अलावा एक विशेष ग्राम सभा कर वृद्ध, वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन संबंधित आवेदन लेकर निष्पादित किया जाएगा। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी। सभा मे बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, सहायक अभियंता प्रतिभा टुड्डु, जेई शैम्पू प्रसाद, मजाज अहमद, ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव मुखिया रजनी उरांव,

## एक नजर में

### अनगड़ा के तिलैया जारा में लगा टूसू मेला



अनगड़ा। प्रखंड के तिलैया जारा एवं बोंगईबेड़ा में टुसू मेला का आयोजन वन रक्षा समिति के द्वारा किया गया। मेला मे रंगारंग टूसू एवं आरक्रेस्टा पार्टी द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । मेला में मुख्य अतिथि के रूप मे खिजरी विधान सभा से आजसू पार्टी के पुर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव और विशिष्ट अतिथि प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो सहित मेला समिति के अध्यक्ष किशुन महतो, सचिव मुलेश्वर महतो एवं दीपक महतो, सुरेश प्रसाद महतो, भुनेश्वर महतो, शिवला महतो, प्रभु दयाल महतो, राजेश महतो, सुनील महतो, सोहन मुंडा, गणेश मुंडा, विजय मुंडा, बबलू मुंडा, दिनेश महतो, सीताराम महतो, मनोज महतो, हीरालाल महतो, कुलदीप महतो इत्यादि उपस्थित थे।

### रातू: श्री साईं मंदिर का मना 9वां स्थापना दिवस

- श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़
- भक्तों ने बाबा से मांगी मन्नतें

रातू। प्रखंड मुख्यालय से सटे टोंगरीटोला साई पुरम में सोमवार को श्री साईं मंदिर का 9वां स्थापना दिवस पर धार्मिक उत्सव का माहौल रहा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 5 बजे काकड़ आरती पूजा से की गयी। बाबा का अभिषेक किया गया। सत्यनारायण पूजा के बाद हवन व मध्याह्न आरती की गयी। दोपहर पालकी यात्रा निकली और महाप्रसाद वितरण के बाद साई भजन आयोजित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने बाबा के दर्शन-पूजन कर मन्नतें मांगी। पूजा अनुष्ठान पुजारी रितेश पाठक और नितेश पाठक ने कराया। समारोह को सफल बनाने में अभय सिन्हा, नवनीत कुमार, विवेक कुमार सिंह उर्फ बीरू, धीरू, पंकज कुमार, सुनिल गुप्ता, भोला, गणेश, ओमप्रकाश, विनीता, सीमा कुमारी, उर्मिला, सुनैनाए व अनुज्ञा आदि की खास भूमिका रही।

### नगड़ी: टोल प्लाजा पर लगा नेत्र जांच शिविर

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के पतराचौली मलार पुल के समीप निर्माणधीन टोल प्लाजा में सोमवार राम कृपाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। मौके पर उपस्थित रांची कार्यपालक दण्डधिकारी संजय कुमार प्रसाद, नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्रिय अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा, प्रोजेक्ट निदेशक विनय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर शिविर में इटकी, नगड़ी सहित सड़क पर आने जाने वाले 300 लोगों ने निशुल्क नेत्र जांच कराया गया। इसमें गौरव कुमार, कुमार सौरव, कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर हेमकांत झा, अभय कुमार सिंह आयोजक मंडली के कई कर्मियों का योगदान रहा।

# उप सचिव ने किया मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** ग्रामीण विकास विभाग के अनुसमर्थन दलों का टीम खलारी प्रखंड अंतर्गत लपरा व मायापुर पंचायत में चल रहे मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। ग्रामीण विकास विभाग से उप सचिव चंद्रभूषण, स्टेट प्लानिंग ऑफिसर राजीव कुमार और नरेंद्र कुमार शामिल थे। वही जिला से जिला परियोजना पदाधिकारी डॉ ऋतुराज और स्टेट टीम शामिल थे। पदाधिकारियों ने मायापुर एवं लपरा पंचायत में चल रहे मनरेगा अंतर्गत सिंचाई कूप, पशु शेड, आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण का निरीक्षण किया गया। इस दौरान लपरा पंचायत बिमला देवी का गाय शेड, फोकन मुंडा का गाय शेड, शुभम प्रसाद का सिंचाई कूप, प्रमोद प्रसाद का आम बागवानी, झुनू मुंडा का सुकर शेड, वही मायापुर पंचायत को सीमा खातून का सिंचाई कूपए मगरी उरांव का आम बागवानी, मुनेशा प्रवीण का दीदी बाड़ी, सकील अंसारी का सिंचाई कूप, संजय यादव का सिंचाई कूप, प्रवीण उरांव का गाय शेड का निरीक्षण किया गया।

# रैयत विस्थापित मोर्चा ने बंद कराया पिपरवार

खबर मन्त्र संवाददाता




**पिपरवार।** रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा 7 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन पिपरवार बंदी के पश्चात सीसीएल प्रबंधन पिपरवार और रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा 7 सूत्री मांगों पर वार्ता के क्रम में कोयला उत्पादन का 20 प्रतिशत कोयला और आरसीआर का कोयला रोड सेल द्वारा किए जाने, एक करोड़ राशि तक के निविदा में भाग लेने हेतु सहकारी समिति बनाने का प्रावधान के तहत पेन कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाने एवं नोटिस जारी करने अन्य मांगों पर सहमति बनने के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। वार्ता में पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय, पिपरवार कार्मिक व प्रशासनिक पदाधिकारी आलोक मनीष सोए, अशोका परियोजना खान प्रबंधक ओसीपी, एस सत्यनारायण, पिपरवार सेल्स ऑफिसर राजेंद्र कश्यप, टंडवा अंचलाधिकारी विजय कुमार दास, प्रखंड अवर निरीक्षक शंकर रविदास, स्टाफ ऑफिसर सिविल पी के साहू सहित मोर्चा नेताओं में रैयत विस्थापित मोर्चा के इकबाल हुसैन, रामचंद्र उरांव, जितेंद्र कुमार राम, अनिल चौबे, महेंद्र गंझु, अर्जुन गंझु, मोहम्मद ताज, महेश साव, इदरीस अंसारी, नागेश्वर महतो, अर्जुन महतोए आशिक अली एशकील अंसारीए रंथु गंझु मौजूद थे।

# सिल्ली: मां बेलिया और श्मशान काली की हुई वार्षिक पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली उप डाकघर के पीछे डुमरटांड़ में स्थित शमशान काली एवं साहेब बांध के किनारे स्थित मां बेलिया की वार्षिक पूजा सोमवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । श्मशान काली पूजा स्थल की साज सज्जा काफी आकर्षक ढंग से किया गया है। जिसे देखते ही बन रही है। पुजा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं कतार लगी रही। व्रती महिला मंदिर के समीप स्थित तलाव से स्नान कर दंडवत करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे एवं पूजा अर्चना की।श्रद्धालुओं ने बताया कि उनकी मन्नते पूरा होने के कारण बकरे की भी बलि दी गई। इस दौरान मंदिर परिसर में खिचड़ी भोग वितरण किया गया जहां लोगों ने सामुहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया । पूजा स्थल में शाम महा आरती एवं जगराता का आयोजन किया गया है। वहीं सिल्ली साहेब बांध के किनारे स्थित मां बेलिया की वार्षिक पुजा भक्ति भाव से संपन्न हुआ। जहां कतार वध हो श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की एवं खिचड़ी भोग ग्रहण किया।



## नीरजा सहाय डीएवी में चलाया गया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में शहर के नामी हॉस्पिटल ऑरकिड हॉस्पिटल के सहयोग से एक स्वस्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत डॉ नौशाद के द्वारा विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के हेल्थ और सेफ मॉनिटरों को आपातकाल में पीसीआर देने का प्रशिक्षण दिया गया।

# लोवाडीह को 2-0 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** राजा अमरू बाबू फुटबाल क्लब कुटे की ओर से आयोजित शेख भिखारी चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के तहत सोमवार को कुटे फुटबाल मैदान में खेले गए रोमांचक मैच में कोकर एफसी की टीम ने एसएफसी लोवाडीह को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली।

खेल के पहले हाफ में दोनों टीमें गोल रहित रहीं।खेल के दूसरे हाफ में कोकर की ओर से मयंक कुमार ने 37वें और सुशील कुमार ने 46वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को 2.0 से जीत दिलाई। बेहतर खेल के लिए कोकर के खिलाड़ी सुशील कुमार को मैच के मुख्य अतिथि ओरमांझी की प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी व विशिष्ट अतिथि उपप्रमुख रिजवान अंसारी ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इधर टूर्नामेंट के तहत खेले गए दूसरे रोमांच से भरपूर मैच में एसवाईसी टोनको की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में एसीडीसी लोहरदगा को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। निर्धारित समय तक मैच 3-3 गोल की बराबरी पर रहने के बाद मैच का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से किया गया।

# आकर्षक चौडल के साथ नाचते-गाते मेला पहुंचे लोग

## ग्रामीणों के स्वाभिमान का प्रतीक है टुसू पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** पांच परगना का प्रसिद्ध सतिघाट टुसू मेला सोमवार को उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मेले को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। वक्ताओं ने कहा कि हमें अपनी लोक सांस्कृतिक विरासत को बचाने की जरूरत है। मेला से हमें आपसी तालमेल को मजबूत बनाने का संदेश देता है। हमें अपनी सांस्कृतिक और परंपरा की रक्षा स्वंय करनी होगी। टुसु मेला स्वाभिमान का प्रतीक माना जाता है। सती घाट मेला स्वाभिमान से जुड़ा है हमें अपनी स्वाभिमान की रक्षा करनी है। मेला में लोग चौडल के साथ नाचते गाते हुए आये। कृषि उपकरण ढोल, नगाड़े, शीलबट्टे पारंपरिक हथियार, ईंख सहित घरेलू समानों की खूब बिक्री हुई। मेले में मौत का कुआं बूगी-बूगी डांस मुख्य आकर्षण रहा। लोगों ने स्वर्ण रेखा नदी किनारे स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी किये। वहीं झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वावधान में डहरे टुसू पर्व का आयोजन किया गया। समिति के लोगों ने मिलन चौक से लेकर सतीघाट टुसू मेला तक भव्य शोभायात्रा निकाली । लोकगीत पर लोग नाचते गाते हैं मेला तक आया। पूरी शोभायात्रा में झारखंडी संस्कृति की झलक देखने को मिल रही थी।



### मेला में थे मौजूद

पूर्व विधायक अमित महतो, कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, आजसू के वरीय उपाध्यक्ष श्याम कुमार महतो, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के देवेंद्र नाथ महतो, पंचायत के मुखिया सुभद्रा देवी, निशिकांत गोंझु आदि। वहीं मेला को सफल बनाने में मेला समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह मुंडा, अशोक महतो, गौतम सिंह देव, माधव सिंह मुंडा, महानंद पुराण, विरिंचि पुराण, जयप्रकाश सिंह मुंडा, कृष्ण सिंह मुंडा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### टुंगरी टुसू मेला में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**सिल्ली।** मकर संक्रांति के मौके पर सोमवार को मुरी में टुंगरी मेला का आयोजन किया गया। मुरी टुंगरी पहाड़ पर लगने वाले इस मेले में मुरी सिल्ली, झालदा, तुलिन समेत सिल्ली एवं आसपास के कई गाव से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। पहाड़ के ऊपरी हिस्से में स्थित ग्राम देवता की पूजा से मेला के कार्यक्रम शुरू किये ग। परिसर में स्थित शिव मंदिर एवं दुर्गा बाड़ी में भी श्रद्धालुओं ने पूजा की। मेले परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। पारंपरिक रीति रिवाज से नाचते गाते महिलाओं व लोगों की टीम टुसू लेकर मेले में पहुंचे। मेले में खिलौने, खाने पीने की चीजें समेत कई प्रकार की दुकानें लगी थी।

# निराशा की बात

**कां**ग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ों यात्रा के दौरान एक ओपन लेटर (खुला पत्र) लिखकर अपने अनुभवों को साझा कर उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन के लक्ष्य की जानकारी दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के तहत करीब 3500 किलोमीटर का सफर तय कर चुके हैं। हिमाचल होते हुए जम्मू -कश्मीर में प्रवेश करेगी। मैं ये पत्र आपको 3500 किलोमीटर की ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा पूरी करने के बाद लिख (ये पत्र) रहा हूं। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की इस पदयात्रा में करोड़ों भारतीयों ने हिस्सा लिया। यह मेरे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा थी, और इस यात्रा के दौरान जो प्यार और स्नेह मुझे मिला उससे मैं अभिभूत हूं। इस यात्रा के दौरान मैंने आप सब के विचारों और आपकी परेशानियों को बहुत ही ध्यान से सुना आज भारत गहरे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, युवा बेरोजगार है, मंहगाई आसमान छू रही है, किसान कर्ज के बोझ तले दबा है, और देश की सारी संपत्ति चंद उद्योगपतियों के पास है। आज भारत में लोगों को उनकी नौकरी जाने का डर है, उनकी आय कम होती जा रही है। देश में चारों तरफ निराशा का माहौल है। 'भारत जोड़ो यात्रा ने उन्हें सिखाया है कि मेरे व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन का लक्ष्य एक ही है- हक की लड़ाई में कमजोरों का ढाल बनना और जिनकी आवाज दबाई जा रही है, उनकी आवाज उठाना।'' कुछ विभाजनकारी ताकतें हमारी विविधता को हमारे ही खिलाफ इस्तेमाल कर रही हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक जाति को दूसरी जाति से, एक भाषा को दूसरी भाषा से, और एक राज्य को दूसरे राज्य से लड़ाया जा रहा है। ये विभाजनकारी ताकतें जानती है कि लोगों के दिलों में असुरक्षा और डर पैदा करके ही वो समाज में नफरत के बीज बो सकते हैं।

# अन्नदाता से हेरा-फेरी

**कि**सानों की मेहनत से उगाये अन्न के संरक्षण व न्यायसंगत वितरण का दायित्व था, वे ही निहित स्वार्थों के लिये इसको ठिकाने लगाने में शामिल थे। देश के नीति-नियंताओं ने जिस विभाग की स्थापना किसान को न्यायसंगत दाम देकर भूख के कारगर समाधान के लिये की थी, उसी विभाग की काली भेड़ें आज घोटालों व हेराफेरी में लिप्त पाई गयी हैं। इस बात की पुष्टि सीबीआई द्वारा पंजाब,हरियाणा व दिल्ली के पचास ठिकानों पर हुई दबिश से होती है। इस छापे में जहां भारतीय खाद्य निगम के चंडीगढ़ स्थित उप महाप्रबंधक व एक एग्रो इंडस्ट्री के मालिक को गिरफ्तार किया है, वहीं चौहत्तर लोगों के खिलाफ केस दर्ज किये गये हैं। इतना ही नहीं, अस्सी लाख से अधिक की नकदी भी बरामद हुई है। कैसी विडंबना है कि जिन लोगों पर खाद्यान्न संरक्षण का दायित्व था वे ही इसकी बंदरबांट में लगे थे। आपराधिक कृत्य देखिये कि कुछ अनाज के व्यापारी व निजी चावल मिल मालिक घटिया अनाज सस्ती दरों में खरीदकर अधिकारियों की जेब गर्म करने के बाद एफसीआई को ऊंचे दामों में बेचकर गोदामों में रखवा देते थे। दुर्भाग्य की बात है कि यही अनाज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को बांटा जाता था। पता नहीं कब से यह गोरखधंधा चल रहा था। इस छापे में बरामद मोटी रकम घोटाले के आकार की ओर इशारा करती है। पक्की बात है कि सीबीआई की जांच में भविष्य में कुछ बड़े खुलासे होंगे और विभाग की कई बड़ी काली भेड़ें सामने आएंगी। फिलहाल भी एफसीआई के एक कार्यकारी निदेशक समेत 74 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन लोगों में विभाग के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी, कुछ संस्थाएं और बिचौलिये किस्म के आम लोग भी शामिल हैं। किसानों के साथ ऐसी हेरा-फेरी अन्याय की श्रेणी में आता है।

# धर्मांतरण से उबलता जनजातीय समाज





- प्रवीण गुगनानी

> रामायण में दण्डकरण्य नाम से, महाभारत में कोसल साम्राज्य के नाम से और 450 ईस्वी के नल राजा भवदत्त वर्मन के नाम से हम इस क्षेत्र के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को समझ सकते हैं। महाराजा प्रवीर चन्द्र भंज देव (1936-48) का शासन रहा है। यहां मुख्य रूप से गोंड, मारिया, मुरिया, भतरा, हल्बा, धुरुवा जनजातियां निवासरत हैं। आज भी इन्हें घने जंगलों के खूब भीतर ही रहना ही प्रियकर है।

**छत्तीसगढ़** का बस्तर संभाग विशेषतः नारायणपुर जिला पुनः अस्थिर, अशांत और अनमना सा है। सदा की तरह कारण वही है- धर्मांतरण। वैसे तो समूचा छत्तीसगढ़ ही धर्मांतरण और मसीही आतंक से पीड़ित है। बस्तर संभाग में यह दंश कुछ अधिक है। सदा की तरह कारण स्थानीय जनजातीय समाज की परम्पराओं, मान्यताओं, पूजा परंपरा, देव परंपरा आदि आदि पर हमला। छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज पर सतत हो रहे हमले और उनके धर्मांतरण को लेकर दो छत्तीसगढ़ी लोकोक्तियां ध्यान आती हैं-

खाँड़ा गिरै कोंहड़ा माँ, त कोंहड़ा जाय। -- कोंहड़ा गिरै खाँड़ा माँ, त कोंहड़ा जाय। अर्थात कुल्हाड़ी गिरे कुम्हड़े पर गिरे, या, तो कुम्हड़ा कुल्हाड़ी पर गिरे, कटता तो कुम्हड़ा ही है। छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज की स्थिति शत प्रतिशत कुम्हड़े के समान हो गई है और कुल्हाड़ी की भूमिका में है यहां बलात धर्मांतरण कराने वाला मसीही समाज और मसीही समाज की परम सहयोगी बघेल सरकार। जनजातीय समाज पर जो कुल्हाड़ी चल रही है उस कुल्हाड़ी में लगी लकड़ी आदिवासी है। आदिवासी अर्थात वे लोग जो धर्मांतरित होकर अपने ही जनजातीय बंधुओं के विरुद्ध चल रही कुल्हाड़ी की लकड़ी बन रहें हैं। इस प्रकार छत्तीसगढ़ का भोला भाला जनजातीय समाज नकली आदिवासी और मसीही समाज से प्रतिदिन काटा पीटा जा रहा है। दो दिन पूर्व नारायणपुर जिले में जो घटना घटी है उसके लिए छत्तीसगढ़ी कहावत है- खाट मेहरिया भुँइ भतार अर्थात पत्नी खाट पर शान से सोई है और गृहस्वामी पति जमीन पर सिकुड़ कर सोया है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज की यही स्थिति है। किंतु, अब छत्तीसगढ़ का जनजातीय समाज इन धर्मांतरित मसीही आदिवासियों और मसीही लोगों के अत्याचार के विरुद्ध जागृत होकर प्रतिकार कर रहा है। वैसे तो भारत के सभी जनजातीय प्रदेश ईसाई मिशनरियों, इटली, रोम, पोप के प्रिय निशाने रहे हैं, किंतु दक्षिणी छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग इनके दंश को बहुत बड़े स्तर पर झेलता चला आ रहा हैं। चार हजार वर्ग किलोमीटर में फैले बस्तर संभाग में कोंडागांव ,दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर और नारायणपुर जिले हैं। अद्भुत लोककलाओं, नृत्यों, चित्रों, आकृतियों, देव परम्पराओं, वन्य उत्पादनों, जीवंत व विविध कृषि, प्रकृति पूजा और वन्य प्राणियों से समन्वय वाला यह संभाग अब मसीही समाज की आतंकी धर्मांतरणकारी गतिविधियों के से अशांत और हिंसक हो रहा है।

रामायण में दण्डकरण्य नाम से, महाभारत में कोसल साम्राज्य के नाम से और 450 ईस्वी के नल राजा भवदत्त वर्मन के नाम से हम इस क्षेत्र के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को समझ सकते हैं। यहां 1324 में काकतीय महाराजा अन्नम देव द्वारा साम्राज्य स्थापित किया गया। इसके बाद महाराजा हमीर देव, बैताल देव, महाराजा पुरुषोत्तम देव, महाराज प्रताप देव, दिकपाल देव, राजपाल देव के शासन से लेकर महाराजा प्रवीर चन्द्र भंज देव (1936-48) का शासन रहा है। यहां मुख्य रूप से गोंड, मारिया, मुरिया, भतरा, हल्बा, धुरुवा जनजातियां निवासरत हैं। आज भी इन्हें घने जंगलों के खूब भीतर ही रहना ही प्रियकर है। दुखद यह है कि योजनापूर्वक इनकी संस्कृति को नष्ट किया जा रहा है।

कुछ माह पूर्व बस्तर संभाग के कोंडागांव में भी धर्मांतरण को लेकर जनजातीय बंधुओं ने बड़ा प्रतिकार किया था। तब वहां नर्मदा बचाओ आंदोलन के तथाकथित अर्बन नेता मेधा पाटकर, अमिताभ मिश्रा, विमल, अखिल चौधरी, डा. विक्रम सिंह, बेला भाटिया आदि पहुंचे थे। आश्चर्य है कि इन कथित मानवाधिकारियों को भी वहां के जनजातीय समाज की पीड़ा, उनके अधिकारों का हनन, उनकी नष्ट होती परम्पराएं, नहीं दिखा। ये सभी वहां जाकर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को क्लीनचिट देकर अपनी प्रायोजित यात्रा की इतिश्री कर आए थे। इन जैसे अन्य मानवाधिकारी, मोमबत्ती बाज, बड़ी बिंदी वाले लोगों को छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज का बलात धर्मांतरण और उसके कारण जनजातीय समाज में अत्यधिक प्रेशर उत्पन्न करता रोष, क्रोध, असंतोष और दुःख दिखता ही नहीं है। इन्हें केवल छत्तीसगढ़ सरकार की छवि की चिंता है और उन आदिवासियों की चिंता है जो धर्मांतरित होकर धनी और साधन संपन्न हो गए हैं।

प्रायोजित बस्तर विजिटर मेघा पाटकर टीम ने यदि तब नकली आदिवासियों, धर्मांतरण कारियों, जनजातीय विरोधी बघेल सरकार को क्लीनचिट देकर भोले भाले जनजातीय समाज की भावनाओं से खिलवाड़ न किया होता तो आज नारायणपुर की घटना न हुई होती। धर्मांतरित व साधन संपन्न होकर भी जनजातीय समाज को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने वाले आदिवासी नारायणपुर में हिंसा के प्रमुख कारक हैं। ये धर्मांतरित अर्बन आदिवासी वनवासी जनजातीय समाज को दीन हीन, उपेक्षा, हास्य और व्यंग्य की दृष्टि से देखकर उनमें क्रोध और दुःख उपजाते हैं। ये अर्बन आदिवासी अपने मूल समाज से रोटी बेटी के संबंध को भी समाप्त कर चुके हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ये जो अरबन सुविधाभोगी और शासकीय आरक्षण का अधिकतम लाभ उठाने वाला धर्मांतरित आदिवासी समाज है; इसे ईसाई समाज भी नहीं स्वीकारता है।

धर्मांतरित आदिवासियों को मसीही समाज छलता है, उनका उपयोग अपनी कुल्हाड़ी में लकड़ी की तरह करता है, किंतु, मसीही समाज कभी भी इनसे रोटी बेटी का सम्बन्ध नहीं रखता है। फलस्वरूप बस्तर संभाग में जनजातीय समाज एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। विरोध दबाने के लिए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार तरह-तरह की दमनकारी नीतियां अपना रहा है। भोले भाले जनजातीय बंधुओं को जेल में डाला जा रहा है।

वामपंथी नक्सली क्षेत्र में वनवासी समाज के विरुद्ध वातावरण बनाया जा रहा है। नारायणपुर की घटना इसकी प्रतिक्रया है। नारायणपुर का जनजातीय धर्मांतरित आदिवासियों, धर्मांतरणकारी मसीही समाज, कथित मानवाधिकारी कार्यकताओं और बघेल सरकार के आचरण को पहचान चुका है।

## खास बात

### हम कर सकते हैं

**नागेन्द्र सिंह**

**कोरोना** के दो लहर के बाद हमारे युवा फिर से अपने मुकाम पाने को तैयार हैं। लेकिन हम डरे नहीं हम करें। ऐसा मैं इसलिए कह सकता हूं क्योंकि दुनिया में कई ऐसी हस्तियां हैं जिन्हें हम हर दिन देख और सुन सकते हैं। क्या हर दिन देखने और सुनने के बाद सीखने की जिज्ञासा नहीं होना चाहिए। अमेरिकी इतिहास में पहली बार अश्वेत राष्ट्रपति बने ओबामा जब अपना चुनाव प्रचार कर रहे थे तब अमेरिका अनेक समस्याओं से जूझ रहा था लेकिन उन्होंने एक शब्द चुना- वी कैन। अंग्रेजी के इस शब्द को हजारो लाखों बार अनेक लोगों ने कहा होगा। इसका हिंदी में अर्थ भी एक दम सहज है- हम कर सकते हैं। लेकिन बाराक के कहने का ढ़ग पूरी दुनियां में चर्चा का विषय बन गया और अमेरिकी आवाम ने उन्हें हाथो-हाथ लिया। यह भी नहीं है उनका व्यवहार कोई बड़े शोध का परिणाम होता है लेकिन वे इन मुद्दों पर गंभीर चिंतन अवश्य करें। आम बात जो आपको खास बना सकती है। बराक के जीवन पर गौर करें तो काई ऐसी पृष्टभूमि से नहीं आये थे जहां से उन्हें इस पद तक पहुंचने के लिए परिवार से कोई समर्थन मिला हो। यही बात जो वाइडेन पर लागू होती है। उनकी उम्र देखें। उनका जीवन समझें। जहां तक हमलोगों का स्वभाव है हम अक्सर कहते रहते हैं कि बड़ा ही बड़ा बन सकता है, इस दुनियां में पिछड़े लोगों को कोई नहीं पूछता है। अगर आप ईमानदारी से कहीं भी जाएं तो आपको असंख्य लोग ऐसे मिलेंगे जो जिनकी जिंदगी शून्य से आंरभ होकर आगे बढ़ रहें हैं। ऐसा मैं दावा के साथ कह सकता हूं। किसी भी क्षेत्र को ले राजनीति,सरकारी सेवा, निजी व्यापार, साहित्य, कला और खेल हर जगह नीचे से उठकर तनकर, हौसला के साथ जिंदगी जीत लेने के उमंग में युवा अपना मुकाम बना रहे हैं। क्या कोई भी जब रजनीकांत को कंडक्टर के रूप में देखता होगा तब सोचता होगा कि यह व्यक्ति एक दिन दक्षिण भारतीय सिनेमा का सुपर स्टार होगा? उन्होंने क्या किया। सिगरेट को हवा में उछालते हुये पीना, चाभी के गुच्छे को विशेष अंदाज में घूमाना, अगल स्टाईल में फाईट सीन देना आदि कई बात है।

# न्याय और प्रेम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**न्याय** भी हो जाए और प्रेम भी ऐसा सिर्फ ईश्वर ही कर सकता है। रांची के बसारगढ़ स्थित ब्रंहा विद्यालय एवं आश्रम में भक्तों के साथ सतसंग में स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि ईश्वर ही ऐसा कर सकता है जिसमें न्याय भी हो और प्रेम भी। राजा दिलीप की कथा बताते हुये उन्होंने कहा कि गुरु वशिष्ठ की गाय नंदनी की रक्षा में उन्होंने अपने प्राण की परवाह नहीं की। इस जीवन में जो कुछ भी किया जाता है उसका परिणाम अवश्य मिलता है। इस त्याग के बाद ही राजा दिलीप पिता बने और पुत्र रधु के नाम पर ही रधु कुल को संसार जानती है जिस कुल के राजा राम की चर्चा सर्वाधिक होती है। कश्यप मुनि और तक्षक के प्रकरण पर स्वामी जी ने कहा कि कश्यप मुनि ने तक्षक को दिखा दिया कि वे राजा परीक्षित को बचा सकते हैं। तब तक्षक ने कहा कि क्या आप प्रकृति के न्याय को बदलना चाहते हैं। कश्यप मुनि लौट गये उन्होंने ईश्वर के न्याय का सम्मान किया। वहीं शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को सात दिनों में ही ज्ञान और वैराग्य से परिपूर्ण कर दिया जिसके कारण तक्षक के काटने और प्राण निकलने का कष्ट उन्हें नहीं हुआ। इस प्रकार न्याय और प्रेम दोनों संभव हुआ। कश्यप मुनि का न्याय और शुकदेव जी के प्रेम से ईश्वर के नियम की रक्षा हो सकी। भारतीय संस्कृति, धर्म का आधार क्षमा है। ईश्वर आपको अनेको बार क्षमा करता है। आपको सुधरने, परोपकारी बनने का अवसर देता है आवश्यकता है आप उसे समझें और गंभीरता से लें। (ब्रम्ह विद्यालय एवं आश्रम रांची

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री श्री शरद यादव जी का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

-योगी आदित्यनाथ

## आपके ट्वीट

**ओड़िसा** के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक जी को विश्व हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर हार्दिक शुभकामना। भारतीय पुरुष हाँकी टीम को भी जीत के लिये शुभकामना।

- हेमंत सोरेन





**21वीं** सदी का यह दशक भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर के कायाकल्प का दशक है। देशवासी आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की वो तस्वीर देखने जा रहे हैं, जिसकी कल्पना तक मुश्किल थी।

- नरेन्द्र मोदी

# उपनिषदों में मगध में तिल उपजाने का प्रमाण




**सुधांशु कुमार**

**भले** गुजरात और राजस्थान में तिल की सर्वाधिक खेती होती है लेकिन बिहार ने तिल पर सर्वाधिक प्रयोग किए हैं। गया की पहचान तिल पर सर्वाधिक प्रयोग से जुड़ी हुई है। तिल बिहार के सबसे बेहतरीन स्वाद से जुड़ी हुई है जो सर्दी में बिहार ही नहीं देश का बहुत ही खास व्यंजन हो जाता है। तिलकुट, तिलपापड़ी, तिलछड़ी, तिलौरी, तिलवा-मस्का और अनरसा। यह सब तिल के प्रयोग से जुड़े स्वाद हैं। गया एक तरह से तिल से बने व्यंजनों का पर्याय है तो उसके ऐतिहासिक कारण भी । महर्षि पाणिनी ने अपनी पुस्तक अष्टाध्यायी में पलल नामक सुस्वादु मिष्ठान्न का जिक्र किया है। उन्होंने लिखा है कि इसमें तिल का चूर्ण, शर्करा या गुड़ मिलाकर बनाया जाता है। उपनिषद में भी इसका मगध में उपज होने का जिक्र आया ह। अपने औषधीय गुणों के कारण यह सर्दी का खास पोषक व्यंजन भी हो जाता है। पत्रकार और लेखक रविशंकर उपाध्याय ने बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय में आयोजित ग्रामोद्योग विमर्श में कही। इसने रोजगार और समृद्धि का एक नया द्वार भी खोला है। गया के सबसे बड़े टैक्सपेयर में एक तिलकुट व्यवसायी ही है। एक अनुमान के मुताबिक, इस व्यवसाय से गया जिले में करीब 10 हजार से ज्यादा लोग जुड़े हैं। बिहार के सभी शहरों को जोड़ लें तो फिर यह आंकड़ा जनवरी माह में 50 हजार से ज्यादा हो जाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले तिलकुट व्यवसाय से तीन और व्यवसाय जिसमें ताड़ के पत्ते का दोना, बांस की बनी डलिया और लकड़ी का बक्सा और कागज का ठोंगा जुड़ा था। तिलकुट के साथ इन चीजों को इसलिए जोड़ा गया था, क्योंकि तिलकुट पर थोड़ा भी दबाव पड़ने पर वह चूर हो जाता था।

## त्योहार

आज भी गया के तिलकुट की शान ना केवल देश बल्कि विदेश तक ह। तिलकुट की कई किस्में होती हैं. मावेदार तिलकुट, खोया तिलकुट, चीनी तिलकुट व गुड़ तिलकुट बाजार में मिलते हैं।हाथ से कूटकर बनाए जाने वाले तिलकुट बेहद खस्ता होते हैं।तिलवा के भी कई स्वाद गया में मौजूद हैं।इसके स्वाद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिसंबर, जनवरी व फरवरी महीने में बोधगया आने वाला कोई भी पर्यटक गया का तिलकुट ले जाना नहीं भूलता। उन्होंने आगे बताया कि उत्तर वैदिक काल में भी तिलहन में तिल, रेड़ी और सरसो का जिक्र ह।अनाज में जौ, गेहूं, ज्वार, चना, मूंग, मटर, मसूर, कुल्थी का।तिल शब्द का संस्कृत में व्यापक प्रयोग ह।कहते हैं कि यह पहला बीज है जिससे तेल निकाला गया, इससे ही इसका नाम तैल पड़ा। तैल यानी तिल से निकाला हुआ। हिंदी में यही तेल हो गया। तिल का इतना महत्व है कि पूरे तिलहन का नाम इसपर पड़ गया। अथर्ववेद में तिल के दैनिक के साथ आध्यात्मिक प्रयोग का वर्णन मिलता ह। तिल हवन में प्रयोग में आता है तो तर्पण में भी. भारतवर्ष में तिल की प्रचुर मात्रा में खेती की जाती ह।तिल प्रकृति से तीखी, मधुर, भारी, स्वादिष्ट, स्निग्ध, गर्म तासीर की, कफ तथा पित्त को कम करने वाली, बलदायक, बालों के लिए हितकारी, स्पर्श में शीतल, त्वचा के लिए लाभकारी, दूध को बढ़ाने वाली, घाव भरने में लाभकारी, दांतों को उत्तम करने वाली, मूत्र का प्रवाह कम करने वाली होती है। आयुर्वेद में तिल के जड़, पत्ते, बीज एवं तेल का औषधि के रुप में ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है. तिल तेल का बाहरी प्रयोग इन बीमारियों में करने से लाभ मिलता है। आधुनिक विज्ञान की मानें तो तिल के बीज में उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, विटामिन ए, बी-1, बी-2, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, पोटैशियम पाया जाता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### राजनीतिक पराभव

**अपनी** निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है पूरी मृदंग की थाप के साथ। अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। मतदाता इस ठगोरी में क्यूं आ जाता है। सार्थक पड़ताल की जरुरत है।

- प्रकाश सिंह, रांची

### जनता की नियति

**हाथी** के दांत खाने के और दिखाने के और। यह कहावत राजनीति दलों के चुनावी घोषणा पत्रों पर सटीक बैठती है। चुनाव चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं।

-ओमप्रकाश सिंह, हजारीबाग

# जीएसटी के तहत रिवर्स चार्ज मैकनिज्म क्या है?



अजयदीप बाधवा

**जीएसटी** में रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (फउट) के अंतर्गत कई लेन देन में आपूर्तिकर्ता के बजाय प्राप्तकर्ता द्वारा ॠरळ भुगतान की प्रक्रिया है। इस मामले में, कर भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता के बजाय प्राप्तकर्ता/ क्रेता को स्थानांतरित कर दिया जाता है। इसे ही रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (फउट) बोलते हैं। सामान्यता जीएसटी में क्रेता बिल के साथ जीएसटी भी विक्रेता या आपूर्तिकर्ता को भुगतान कर देता है जिसे विक्रेता या आपूर्तिकर्ता निश्चित तिथि के अंदर सरकार को दे देता है। पर कुछ परिस्थितियों या लेनदेन में क्रेता या प्राप्तकर्ता सिर्फ वस्तुओं या सेवाओं के मूल्य का बिल का भुगतान ही विक्रेता या आपूर्तिकर्ता को करता है, जीएसटी का नहीं और जीएसटी वह सीधे सरकार को जमा कर देता है। अर्थात आरसीएम में जीएसटी भुगतान की जिम्मेवारी विक्रेता की न हो कर क्रेता, खरीददार या प्राप्तकर्ता की होती है। उदाहरण के लिए, श्याम ने हरि को 1,00,000 रुपये का सामान विक्रय किया।

जीएसटी के समान्य प्रणाली के हिसाब से श्याम द्वारा हरि से जीएसटी लिया जायेगा और आगे सरकार को भुगतान किया जायेगा। लेकिन इस व्यवहार या लेनदेन में अगर आरसीएम प्रणाली लागु होती है तो हरि द्वारा श्याम को जीएसटी का भुगतान करने के बजाय सीधा सरकार को भुगतान किया जायेगा। अर्थात, जीएसटी भुगतान सरकार को करने की जिम्मेवारी श्याम की न हो कर आरसीएम के तहत हरी की हो जायेगी। आरसीएम (रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म) सामान्यता आयात, अपंजीकृत ( जिसका रजिस्ट्रेशन ना हो) डीलर से खरीदारी और कुछ अधिसूचित वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर लागू होता है। सरकार अधिसूचना के तहत उन वस्तुओं या सेवाओं को अधिसूचित करती है जिस पर आरसीएम के तहत जीएसटी का भुगतान होगा। वर्तमान परिदृश्य में, बीमा एजेंट, जनशक्ति आपूर्ति, माल परिवहन एजेंसी, आदि जैसी सेवाओं के लिए भी सेवा कर में रिवर्स चार्ज तंत्र लागू है। प्राप्तकर्ता को आपूर्ति पर 100% जीएसटी कर का भुगतान करना होता है।




पहले के परिदृश्य में, माल परिवहन के समान ही कई असंगठित क्षेत्रों से सेवा कर एकत्र करना सरकार के लिए कठिन होता था व सरकार को पूर्ण कर की प्राप्ति नहीं होती थी। पर जीएसटी में सरकार ने कर वंचना से बचने के लिए आरसीएम के अंतर्गत उन विक्रेता या आपूर्तिकर्ता से भी जीएसटी प्राप्त कर लेती है जिस से पूर्व के विक्रय कर, वैट या सेवा कर के युग में कर प्राप्त नहीं हो पाता था।

**(सीएमए अजय दीप वाधवा, कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट, कर/ वित्तीय/ निवेश सलाहकार)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# शराबियों और गंजेड़ियों से दहशत में छात्र, कमरों का ताला तोड़कर पी शराब, कुर्सियं भी तोड़ दी

# नशेड़ी स्कूल को बना रहे मधुशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों शराबियों और गांजा पीने वाले के हौसले काफी बुलंदी पर है। इन लोगों द्वारा आये दिन विद्यालय में तोड़फोड़ और चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है।

शाम होते ही ये शराबी विद्यालय भवन पहुंचकर जमकर शराब और गांजा का सेवन करते है और नशा चढ़ते ही चोरी और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देते है। ताजा घटना राज्यकृत मध्य विद्यालय दारू बालक में घटी है जहां रविवार की शाम को इनलोगों ने शराब पीकर काफी उत्पात मचाया है। यहां विद्यालय के दो कमरों को तोड़कर पहले शराब गांजा का सेवन किया गया फिर विद्यालय के अंदर ही बोतलों को फोड़ दिया गया साथ क्लास रूम में रखे कुर्सियों को पटककर तोड़ दिया।



विद्यालय की कमरे में तोड़फोड़

इस बारे में विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर ने बताया कि सोमवार की सुबह विद्यालय खोलने गए है तो दो कमरों का ताला टूटा हुआ था और अंदर का दृश्य देखते ही वे आश्चर्यचकित हो गए। कमरे के चारो तरफ शराब की बोतल की कांच के टुकड़े,सिगरेट का पैकेट और टूटी कुर्सियां बिखरी पड़ी हुई थी। इस मामले की जानकारी दारू थाना पुलिस को दे दी गई है। कुछ माह पूर्व भी इस विद्यालय से पंखों की चोरी कर ली गई थी। प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर विद्यालयो में यही हाल है शाम होते ही यहां शराबियों का जमावड़ा लग जाता है।

विद्यालय की दीवारों पर भद्दी भद्दी गालियां लिख दी जाती है जिससे विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं और शिक्षकों को काफी शर्मिन्दगी झेलनी पड़ती है। दारू थाना पुलिस की पीसीआर वैन महीनों में एकाध बार इन जगहों पर जाकर अपने कर्तब्य की इतिश्री समझ लेती है जिस कारण ऐसे तत्वो का हौसला काफी बढ़ जाता है।

## समारोहपूर्वक होगा झंडोत्तोलन




प्रेस क्लब के सदस्य

**हजारीबाग।** झील परिसर स्थित प्रेस क्लब हजारीबाग कार्यालय कैंपस में 26 जनवरी की सुबह 8.10 बजे समारोहपूर्वक झंडोत्तोलन होगा। साथ ही धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। यह निर्णय प्रेस क्लब हजारीबाग की सोमवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। इसकी अध्यक्षता प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने की। बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए पत्रकार हित में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इससे पहले कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को नववर्ष 2023 की शुभकामनाएं दीं। वहीं नए वर्ष में कई नई योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रेस क्लब हजारीबाग के उपाध्यक्ष उमेश राणा, कोषाध्यक्ष अमरनाथ पाठक, संयुक्त सचिव देवनारायण प्रसाद, नवीन कुमार, कार्यकारिणी सदस्यों में बबलु कुमार,अमूलचंद पांडेय, शमीम अहमद, प्रमोद खंडेलवाल, निरंजन सिन्हा, कार्यालय प्रभारी दिलीप वर्मा और कार्यालय सहयोगी महावीर चौरसिया मौजूद थे।

### जिला स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट टूनार्मेंट

## बीएसए बरही के दो खिलाड़ियों का हुआ चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट टूनार्मेंट में बीएसए बरही के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाडियों में सचिन कुमार यादव पिता दुर्गा यादव ग्राम श्रीनगर, प्रभात कुमार पिता प्रकाश यादव ग्राम हरला निवासी शामिल है। दोनो खिलाड़ियों के बेहतर खेल प्रतिभा को देखते हुए हजारीबाग जिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है, जो जिला स्तरीय लीग मैच में अपने जिला हजारीबाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। लीग टूनामेंट को ग्रुप ए, बी एवं सी में बाटा गया है, जिसमे हजारीबाग टीम को ग्रुप ए में रखा गया है। जिसका मैच क्रमशः इस प्रकार होगा। 20 जनवरी को खूंटी बनाम हजारीबाग, 21 जनवरी को कोडरमा बनाम हजारीबाग, 22 जनवरी को हजारीबाग बनाम लातेहार, 27 जनवरी को ए ग्रुप बनाम बी ग्रुप के विजेता टीम का मैच, 28 जनवरी को बी ग्रुप बनाम सी ग्रुप के विजेता टीम का मैच, 29 जनवरी को ग्रुप ए का विनर टीम एवं ग्रुप सी का विनर टीम। उक्त जानकारी बरही बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने देते हुए जिला स्तरीय क्रिकेट टीम में शामिल होने के लिए अपने बीएसए के खिलाडियो को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है।



चयनित छात्र

## ममता देवी हत्याकांड के आरोपी अरमान खान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी अंतर्गत भदवाटांड़ में ममता देवी हत्या मामले के आरोपी अरमान खान उर्फ रॉकी को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना को लेकर मृतका की बहन जया देवी पति निखिल कुशवाहा अरमान खान उर्फ रॉकी, पिता स्व औरंगजेब खान, ग्राम पगमिल, थाना लोहसिंघना, जिला हजारीबाग के विरूद्ध मामला दर्ज करवाया गया।

## जीएम कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस, इचाक में युवा सप्ताह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** जीएम कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस, इचाक में युवा सप्ताह के दौरान स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. रोहित कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप युवा हो और युवा पीढ़ी आपके समय में फिर दुबारा नहीं आ सकती इसलिए आप अपने मंजिल को पाने के लिए इतना मेहनत करो की लक्ष्य की प्राप्ति हो जाए। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था की उठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक तुम मंजिल की प्राप्त न हो जाए। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने युवा विद्याथीर्यों को उत्साहित करते हुए कहा कि जिस प्रकार स्वामी जी के बताए हुए रास्ते पर आप सभी चले आगर कोई युवा मन में ये ठान ले की हमे अपने और अपने देश के लिए कुछ कर गुजरना है तो आपने मंजिल को वह युवा हंसते हंसते उस मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं।स्वामी जी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षक कुमारी ज्योति,अनुभा रंजन, टिंकू कुमार राणा, अभिषेक कुमार और कॉलेज के विद्यार्थियों में सचिन, प्रियांसु, अमन, अजीत, सूरज, विशाल, शीतल लता, विनीता, सचिन, रंजन, शीतल, रितेश, श्याम, संगीता, आरती ने भी अपने अपने विचारो को रखे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन कुंदन कुमार,और बदल कुमार ने किया।



मौके पर उपस्थित लोग

## स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं की अहम भूमिका : मुखिया



प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करती मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के पंचायत भवन कपका में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार ने फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि बदलते समय में हर व्यक्ति बीमारी से ग्रसित हो रहे है। समय पर लोगो का इलाज डॉक्टर के अभाव में देरी हो जाती है वैसे महिलाएं जो मेडिसिन सीखना चाहते तो इस प्रशिक्षण केंद्र में आ कर जरूर सीखना चाहिए। ताकि प्रारंभिक ईलाज कर सके। वहीं प्रशिक्षण प्रभारी भोला बाबा ने बताया की यह कार्यक्रम 30दिनों तक स्वास्थ्य के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उसके बाद परीक्षा देने के बाद प्रमाण पत्र दिया जाएगा। टीवी,हैजा,निमोनिया,बीबी नापने का उपयोग के बारे में बताया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित, रंजित पासवान, किशोर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, सीताराम प्रसाद, तारकेश्वर ठाकुर, विजय पासवान, रघु भुइयां, बीडीओ ठाकुर, सह प्रशिक्षण कर्मी सुनिधि राज, रिंकी देवी के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

## अल्ट्रासाउंड केंद्रों, निजी अस्पतालों का करें औचक निरीक्षण: उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला समाहरणालय सभागार में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट/गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक( लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के निमित्त प्रावधानों के तहत जिला सलाहकार समिति , जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति के बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों की औचक रूप से जांच करने एवं जांच प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित किए जा रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी एवं उन्हें जिला स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए वैसे संचालक जो नियमित रूप से जिला स्तर पर प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं को सूचीबद्ध करने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य

## सांसद की अनुशंसा पर 560 किमी सड़क होगी चकाचक : महेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर ग्रामीण विकास मंत्रालय (भारत सरकार) ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पतरातू प्रखंड में पतरातू थर्मल (रशियन हस्टल) से लेकर साहीटांड़ होते हुए रोचाप (डोकाटांड़) से ग्राम टेरपा तक लगभग 560 किमी सड़क चकाचक होगा। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो ने बताया कि मजबुत व चौड़ीकरण बनने वाले इस सड़क का निर्माण 3 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत होगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए स्वीति प्रदान कर निविदा जारी करने का आदेश जारी कर दिया गया है। मालूम हो कि पथ की स्थिति अत्यंत ही जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के दौरे के क्रम में सांसद जयंत सिन्हा को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया था। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य श्री महतो ने कहा कि पथ का निर्माण हो जाने से टिलैयाटांड़, साहीटांड़, डाडीडीह, रोचाप (डोकाटांड़), टेरपा, टकीसूद, कीरीगढ़ा, पारगढ़ा आदि गांवों के दर्जनों ग्रामीणों को आवाजाही में काफी सुविधा होगी।



भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो की फाइल फोटो

### सड़क का निर्माण 3 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत होगी

## मजदूरों व विस्थापितों की 25 सूत्री मांगों पर हुई चर्चा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन द्वारा पिछले दिनों सौंपे गये 25 सूत्री मांग-पत्र को ले सोमवार को बिरसा पीओ कार्यालय में प्रबंधन व यूनियन के बीच वार्ता हुई। वार्ता में बिरसा पीओ डी शिवा दास, मैनेजर रामेश्वर मुंडा, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी व संजय करमाली मुख्य रूप से शामिल थें। इस दौरान यूनियन द्वारा सौंपे गये 25 सूत्री मांगों पर चर्चा की गई।

## स्पीड न्यूज

### विहिप की मासिक बैठक में अबतक के कार्यों की समीक्षा

**बरही।** प्रखंड स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में विश्व हिंदू परिषद की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला के बजरंग दल सहसंयोजक अंकज ठाकुर का आगमन हुआ। साथ में जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता एवं प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार की अध्यक्षता में मासिक बैठक हुई। जिसमें विगत दिनों से किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं आगामी फरवरी माह में होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। विश्व हिंदू परिषद ने बीते सप्ताह पर जनकल्याणकारी का काम किया। जिसके तहत धर्मांतरण हो रहे लोगों को पुन: हिंदू सनातन संस्कृति में वापसी करवाया, बहुत सारे सेवा क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता कराकर उन्हें पुरस्कार देने का कार्य किया। प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर भिन्न-भिन्न प्रकार के डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य जांच का भी कार्य किया। बरही प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने सनातन संस्कृति को हमेशा कायम रखने के लिए अपनी पूरी टीम के साथ संकल्प लिया। बैठक में अंकज ठाकुर, गुरुदेव गुप्ता, नंद किशोर कुमार, नितेश कुमार, मुन्ना सोनी, संजय कुमार राणा समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

### झामुमो जिला कार्य समिति की बैठक

**कुजू।** मुरपा स्थित अक्षत होटल के सभागार में झामुमो जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू व संचालन जिला सचिव विनोद महतो ने किया। बैठक के दौरान पार्टी में मजबूती समेत कई आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही, आगामी रामगढ़ विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं को संगठन मजबूती को लेकर कई आवश्यक टिप्स दिए गए। जबकि आगामी 16 फरवरी तक पार्टी के निदेर्शानुसार प्रखंडों में पंचायत व बूथ गठन व सदस्यता अभियान को पूरा करने का निर्णय लिया गया।

### लोगों की सेवा ही क्लब का है उद्देश्य : परमजीत सिंह

**भदानीनगर (रामगढ़)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हल में सोमवार को नि:शुल्क सामान्य व चर्म रोग जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 62 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। जांच के बाद डॉ.अजीत कुमार ने सामान्य व चर्म रोग के पाये गये मरीजों को उचित परामर्श देते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सकीय परामर्श जरूरी है। उन्होंने कहा कि शरीर में हल्की-फुल्की भी तकलीफ हो तो डॉक्टर से जरूर मिले। मौके पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन परमजीत सिंह धामी ने कहा कि क्लब का उद्देश्य ही समाजहित में कार्य करते हुए लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निवार्हन ईमानदारी पूर्वक करता आया है जो आगे भी जारी रहेगा। श्री धामी ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का निर्माण होता है। क्लब द्वारा आगे भी क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा।

### एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को मिलेगा बेहतर सेवा: चौधरी

**रजरप्पा।** सोमवार को चितरपुर प्रखंड के आजसू प्रधान कार्यालय के समीप एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का विधिवत उदघाटन किया गया। इस उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ समाजसेवी सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष सुधा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ग्राहक सेवा केंद्र का उदघाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के ग्रामीण क्षेत्र में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के खुलने से लोगों को बैंक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही नया अकाउंट भी खोले जाएंगे। इसके अलावा भी कई तरह के सुविधाएं ग्राहकों को दी जाएगी।

## एक नजर में

### कुशवाहा महासभा के सम्मेलन को लेकर बटेश्वर ने किया दौरा

**इचाक।** झारखंड कुशवाहा महासभा की जिला इकाई का महासम्मेलन 22 जनवरी 2023 को किया जाना है। जिस की तैयारी को लेकर महासभा के प्रदेश संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। सोमवार को इन्होंने पदमा और इचाक प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान कुशवाहा बंधुओं को एक मंच पर आने की अपील की कहा कि 22 जनवरी 2023 को हजारीबाग के शिवम बैंक्वेट हॉल में जिला स्तरीय महा सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश भर के कुशवाहा महासभा के पदाधिकारी एकत्रित होंगे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री मेहता के साथ जिला अध्यक्ष सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक मटकी भारी महतो, जिला महासचिव सह पूर्व मुखिया डेगनारायण प्रसाद मेहता, पूर्व प्रमुख अयोध्या प्रसाद मेहता, सरोज मेहता, सुनील कुमार मेहता और वकील मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

### ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में मनायी गयी 17वीं वर्षगांठ

**दारू।** प्रखंड के दारू पंचायत के बासोबर रोड में स्थित ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल का सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक बजरंग सहाय ने बताया कि किस तरह से यह विद्यालय ने अपनी 17 सालो की सफर को पूरा किया। साथ ही 16 जनवरी 2006 को वर्तमान सदर विधायक मनीष जायसवाल के पिता ब्रजकिशोर जायसवाल के द्वारा उद्धघाटन किया गया था। खेल कूद प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया जिसमें 200 मी की दौड़, कुर्सी रेस, चम्मच रेस, चॉकलेट रेस, बैलून रेस, तीन पैर की दौड़ आदि का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नयन, ऋषव, अनुभव, पिया, नैतिक, लक्ष्मी, परी, ज्योति सहित कई बच्चो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज बक्शी, मंजू सहाय, प्रकृति सिन्हा, यशोदा देवी, प्रियंका कुमारी, रेखा देवी सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

### आमसभा के माध्यम से किया गया पंचायतों में योजनाओं का चयन

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सोमवार को ग्राम सभा आयोजित कर योजनाओं का चयन किया गया। डहरभंगा पंचायत के शिव मंदिर परिसर बौधा में, धरमपुर पंचायत के जरूवाडीह में, झरपो पंचायत के लोधी में, टाटीझरिया के बेरहो में, डुमर के केशोडीह में स्थानीय मुखिया की अध्यक्षता में आम सभा हुई। इसमें पंचायत के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया गया। मुखिया रेखा देवी, कांति देवी, शिबू प्रसाद सोनी, सुरेश यादव, ममता देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत में पंचायती राज अधिनियम के तहत गांव के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए योजनाओं को धरातल पर कार्य करने का निर्णय लिया गया। ग्राम पंचायतों में जीपीडीपी के माध्यम से योजनाओं का चयन करना अनिवार्य है। बताया गया कि सरकार द्वारा पंचायतों को मिलने वाली राशि अब ग्राम पंचायत विकास योजना के आधार पर दिया जाएगा। ग्राम सभा में मुख्य रूप से मनरेगा, स्वास्थ्य, पीसीसी, पेयजल आदि योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा कर लोगों को जानकारियां दी गई। मौके पर वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक व अन्य उपस्थित रहे।

### भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को लेकर धनवार पंचायत में बैठक

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक आयोजन किया गया। अध्यक्षता धनवार पंचायत के कार्यक्रम प्रभारी मो वारिस अंसारी एवं संचालन पंचायत के कांग्रेस अध्यक्ष मो सरताज ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से मौजूद लोगों ने भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए ध्वनिमत से सहमति बनी।साथ ही 22 जनवरी को कार्यक्रम में शामिल होकर पार्टी को मजबूत करेंगे। पंचायत अध्यक्ष मो सरताज ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने वाले कांग्रेस के न्योते को कई सामाजिक कार्यकताओं और आंदोलनों से जुड़े चेहरों ने स्वीकार कर लिया है। इससे स्पष्ट पता चलता है कि देशवासी पार्टी के विचारों से सहमत हो रहे है। मौके पर मो सरताज, मो मुस्तकीम, राजेंद्र सिंह, रामसहाय यादव, मो रियाज, मो तसरीफ, मो अब्दुल लकवीर, दिनेश प्रसाद, महेश प्रसाद, मो समीर, मो बदरूदीन, लालधारी महतो, मो मुस्लिम, मो लियाकत आदि उपस्थित रहे।

### बड़कागांव : गैस सिलेंडर में आग लगने से पति-पत्नी घायल

**बड़कागांव।** बड़कागांव पूर्वी पंचायत के ग्राम कदमाडीह में सोमवार को दोपहर में गैस सिलेंडर में आग लगने से नंदकिशोर सिंह (उम्र 45 वर्ष) एवं उसकी पत्नी अनीशा देवी (40 वर्ष) बुरी तरह जलकर घायल हो गए। दोनों को बड़कागॉव अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूजा कुमारी ने प्राथमिक उपचार की। वहीं बेहतर इलाज के लिए दोनों को एंबुलेंस द्वारा सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। डॉ पूजा कुमारी ने बताया कि दोनों पति पत्नी में पत्नी अनीशा देवी की स्थिति गंभीर है जो लगभग 70% भाग जल गई है। जबकि नंदकिशोर सिंह का दोनो हाथ जल गया है। परिजनों ने बताया कि खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से गैस लीक हो गया जिससे शरीर में आग पकड़ ली। इस कारण अनीशा देवी जल गई। उसके पति नंदकिशोर सिंह जब उसे बचाने गए तो वह भी जल गए। अनीशा देवी के तीन बच्चे हैं।

### मुखिया नीलम देवी ने पंचायत के विकास को लेकर किया बैठक का आयोजन



मुखिया नीलम देवी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखण्ड के बसरिया पंचमाधव पंचायत अंतर्गत जरहिया में ग्राम पंचायत विकास योजना कार्यक्रम के तहत ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया नीलम देवी और संचालन पंचायत सचिव नामधारी महतो ने किया। ग्रामसभा में 15वीं वित्त एवं मनरेगा से सम्बंधित योजनाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया नीलम देवी, पंचायत सचिव नेमधारी महतो, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, वार्ड सदस्या मीना देवी, समाजसेवी नागेश्वर रजक एवं नरेश यादव, काली यादव, शम्भू यादव, लोचन यादव समेत जेएसएलपीएस की दीदी रंजू देवी, विनीता देवी, कल्याणी देवी, शिला देवी, मीना देवी, रूबी देवी, कविता देवी, दुलारी देवी, सरिता देवी, आरती देवी, सावित्री देवी, रीता देवी, बसंती देवी, मालती देवी, रेखा देवी समेत अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### मृतक परिवार को जल्द सहायता दे सरकार : जय श्रीराम समिति

**सेन्हा।** डांडू पंचायत के चितरी कोयल नदी में डूबने से भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों निवासी निरंजन साहू के 25 वर्षीय पुत्र आनन्द साहु की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर जय श्री राम समिति ने गहरा दुख व्यक्त किया साथ ही प्रशासन एवं झारखंड सरकार से अभिलंब पीड़ित परिवार को सहायता देने का आग्रह किया। चितरी ऐतिहासिक घाघ मेला का आयोजन हर साल होता है लेकिन कुछ वर्षों से करोना काल को लेकर लोग नहीं आ पा रहे थे। इस बार हजारों हजार की संख्या में लोग पहुंचे थे। जो की कोयल नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे थे। इसी दौरान युवक कोयल नदी में नहाने के लिए पानी मे घुसा ही था की गहरे पानी में चला गया। जिसे आनन फानन में पानी से बाहर निकाला जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर समिति ने दुख व्यक्त किया है। दुख व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक सह समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, सुषमा सिंह, अजय सोनी,अनूप गुप्ता,कन्हैया करवा,गुंजन वर्मा,रमेश राय उर्फ गुड्डू, जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान ,महामंत्री अजय साहू आदि शामिल है।

### पंचायत समिति की बैठक आज

**कैरो।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक होगी, जिसकी जानकारी देते हुए प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने बताया कि प्रखंड द्वारा संचालित योजनाओं व विकास को लेकर बैठक रखी गई है, जिसमें सभी विभाग का समीक्षा किया जाएगा।

### बीडीओ ने की विकास की समीक्षा



**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को बीडीओ पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।जिसमें पंचायत वार विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए पंचायत में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के तहत पूर्ण योजनाओं का पूर्णता रिपोर्ट, मनरेगा के तहत आधार सीडिंग करने, नए योजनाओं को प्रारम्भ करने सहित कई निर्देश पंचायत सचीव व रोजगार सेवकों को दिया गया। बैठक में बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन करना सुनिश्चित करते हुए मानव दिवस बढ़ाने पर फोकस करें ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिल सके। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मृणाल प्रकाश, आवास समन्वयक दिनेश कुमार, पंचायत सचिव सुहैल अहमद, गुहाँ उरांव, रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान, मंसूर अंसारी, परवेज आलम इत्यादि मौजुद थे।

### नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू



**लोहरदगा।** विशेष केंद्रीय सहायता मद (एससीए) के तहत लोहरदगा जिला के युवक-युवतियों को नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण का सत्र सोमवार से प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण पुराना डीआरडीए भवन में संचालित किया जा रहा है। अभी प्रशिक्षण के तीन सत्र आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें 75 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। मौके पर कम्प्यूटर प्रशिक्षक रत्नप्रभा समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पड़हा व्यवस्था को मजबूत करें : भगत



**कैरो/लोहरदगा।** एड़ादोन बाजार बगीचा में सात पड़हा एड़ादोन का बैठक एड़ादोन बेल देवा उराँव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा के बेल लक्ष्मीनारायण भगत उपस्थित हुए। भगत ने कहा कि पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है। हमारे बीच राजनीतिकरण हावी होने के कारण पड़हा व्यवस्था को कमजोर करने का कार्य कर रहा है।

बेल देवा उराँव ने कहा कि हमारे युवाओं-युवती को नशा-पान से दूर रहे और शिक्षा की ओर ध्यान देने की जरूरत है।हमको अपने रीति-रिवाज,रुढ़िवादी परम्परा को अपनाने की जरूरत है, अपनी भाषों को छोड़ना नहीं है। बैठक को सम्बोधित करने वालो में भिनसार उराँव, शनिया भगत,पूरण भगत,सुशील उराँव, संजय महली,धुंधा उराँव, मड़वा उराँव शामिल थे।इस बैठक में-एड़ादोन, सुकुरहुटू, सड़ाबे,बक्सी, बारडीह गांव के पहान,पुजार,महतो,बुध्दिजीवी एवं सामाजिक जन उपस्थित रहें।

### आवेदन व मूल प्रमाणपत्र अपलोड करें प्रज्ञा केंद्र संचालक : सीओ

**भंडरा।** सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने सोमवार को आय, आवासीय व जाति प्रमाण पत्र को लेकर हल्का कर्मचारियों व प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में सीओ ने कहा कि अंचल कार्यालय से निर्गत होने वाले आय, आवासीय व जाति प्रमाण पत्र बनाने को शिकायत मिल रही है। उन्होंने प्रज्ञा केंद्र संचालकों से चर्चा की और कई आवश्यक निर्देश दिए ताकि प्रमाण पत्र बनाने वालों को कोई परेशानी न हो सके। उन्होंने कहा कि आवासीय प्रमाण पत्र बनाने के लिए खतियानी रैयत के वंशज वर्तमान व स्थायी दोनों जगहों का उल्लेख करेंगे। साथ ही खतियानी रैयत मुखिया से सत्यापित होनी चाहिए और मूल दस्तावेज ही अपलोड करेंगे। बिना खतियानी रैयत वाले 1 से 10 तक का सर्टिफिकेट, जन्म प्रमाण पत्र और अगर कर्मी है तो वहा से निर्गत प्रमाण पत्र भी अपलोड करना होगा। वहीं जाति प्रमाण पत्र में आवेदक के पिता एवं पति को स्पष्ट रूप से दर्शाना होगा। वहीं जाति में गैर एसटी-एससी के लिये वर्ष 1978 से पहले का डीड व एसटी-एससी के लिए वर्ष 1950 के पहले का डीड अपलोड करना होगा। उन्होंने कहा कि इन सबका भी मूल दस्तावेज ही अपलोड करना है। उन्होंने प्रज्ञाकेंद्र संचालकों से कहा कि पूर्व में जितने भी प्रमाण पत्र रिजेक्ट हुए हैं वे सामान्य त्रुटि के कारण हुए हैं। इसलिए आवेदन व मूल प्रमाणपत्र अपलोड सही तरीके से करें ताकि लोगो का प्रमाण पत्र बन सके। बैठक में सीओ के अलावा अंचल उपनिरीक्षक प्रदीप कुजूर, राजस्व कर्मी सुमित जयसवाल, फेकुवा उरांव, नेहा कुजूर, सरोज राम,मकदुम अंसारी,सुबोध उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देने के लिए शुरू हो प्रयास : डीसी

- नवोदय विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक में उपायुक्त सुशांत गौरव ने दिये कई निर्देश
- छात्राओं के बीच नीट एवं जेईई की तैयारियों को लेकर सहायक पुस्तकों का किया गया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया घाघरा का वार्षिक प्रबंधन समिति की बैठक सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विकास से संबंधित कार्यों तथा बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के संबंध में कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा कई आवश्यक निर्णय लिये गये। उन्होंने शत प्रतिशत बच्चों को फर्स्ट डिवीजन लाने हेतु योजना बना कर बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश दिया। बच्चों का अंग्रेजी भाषा में अच्छी पकड़ हो, उसके लिए कक्षा के अंदर बच्चों का अंग्रेजी में बात करने का सुझाव दिया। इसके अलावा विद्यालय कैंपस में समय समय पर अंग्रेजी न्यूज पेपर के आर्टिकल पर चर्चा एवं प्रतिदिन अंग्रेजी रीडिंग पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। इसके अलावा छुट्टी से वापसी पर आए सभी विद्यार्थियों का कोरोना जांच 21 जनवरी को कराने का निर्देश दिया। बैठक में समिति द्वारा सभी कक्षा को डिजिटल क्लास रूम बनाने हेतु प्रोजेक्टर की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रोजेक्टर के लिए निर्धारित रेट को देखते हुए उस आधार पर विद्यालय की आवश्यकता को देखते हुए प्रोजेक्टर्स की खरीद करने की बात कही। इसके अलावे विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से अन्य कई प्रस्तावों को रखा गया। जिसमें सोलर वाटर हीटर, वाटर कूलर , सोलर लाइट , जलमीनार व बिजली तार की मरम्मती, दिव्यांग छात्रों के लिए शौचालय एवं शैक्षणिक भवनों में रैंप निर्माण, सीवरेज निर्माण आदि जैसे मुख्य बिंदु सम्मिलित हैं। जिस पर उपायुक्त द्वारा संबंधित विभागों को सभी प्रस्तावों का आंकलन करते हुए एस्टीमेट बना कर देने का निर्देश दिया एवं सभी पर उपायुक्त ने अनुमोदन किया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्षा किरण बाड़ा, विद्यालय के प्रिंसिपल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता बिल्डिंग डिविजन, विद्यार्थियों के अभिभावक, समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



बच्चे को नीट की तैयारी के लिए पुस्तक देते उपायुक्त व अन्य।

**नवनिर्मित चार कक्षों का डीसी व जिप अध्यक्ष ने किया उदघाटन**

डीएमएफटी फंड से भवन प्रमंडल विभाग द्वारा 59 लाख की लागत से विद्यालस में नव निर्मित 4 अतिरिक्त कमरों का उपायुक्त सुशांत गौरव व जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा ने उदघाटन किया। सभी कमरों के गुणवत्ता की भी उपायुक्त ने जांच करते हुए संतुष्टि जाहिर की। इसके अलावा विद्यालय की छात्राओं के बीच उपायुक्त ने नीट एवं जेईई की तैयारी हेतु सहायक पुस्तकों का भी वितरण किया। विद्यालय भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने रसोई घर के बाहर पानी निकासी एवं हाथ धोने हेतु नल बनाने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में आज उन्होंने पूर्ण हुए कार्यों का निरीक्षण किया, जिसे देख कर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त की, साथ ही अन्य आवश्यक बदलाव करने हेतु भी उनके द्वारा दिशा निर्देश दिया।

## समाज को आईना दिखाता है मीडिया : विजय

**झानद ने गुमला में कई मीडिया कर्मियों को किया सम्मानित**



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला के द्वारा स्थानीय परिसदन में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय बैठक सह जनपक्षीय पत्रकारिता को प्रोत्साहन देने के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के मीडिया के लोगों को नोटबुक व कलम देकर सम्मानित किया गया। मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया को मजबूत बनाने की जरूरत है। क्योंकि असल में समाज को आईना दिखाने का काम मीडिया करती है। मीडिया कर्मियों को मान सम्मान के साथ सरकार को उनका हक अधिकार देने की गारंटी करना चाहिए । श्री सिंह ने 28 फरवरी को रांची में झारखंड को बचाने के सवाल पर आयोजित महापंचायत की तैयारी तेज करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ व जन समस्याओं को लेकर प्रखंड स्तर पर भी आंदोलन तेज करने की अपील की । बैठक में पत्रकारों का हक के लिए सरकार को मांग-पत्र प्रेषित कर मीडिया कर्मियों का ज्वलंत सवालों को आंदोलन का मुद्दा बनाने, 28 फरवरी को रांची में राज्यव्यापी महापंचायत की तैयारी को लेकर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में जागो अभियान को तेज करने, 8 मार्च महिला दिवस पर झारखंड के गांवों में महिला अत्याचार पर रोक व महिलाओं की लंबित मांगों को लेकर संकल्प सभा करने तथा महिला सवालों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव की तैयारी करने, प्रमंडल में दल की मजबूती के लिए गतिविधि तेज करने के अलावे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं ।कार्यक्रम में पुष्पा उरांव, आनंदनी लुगुन, हाफिजुर रहमान, आदित्य सिंह, प्रकाश उरांव, तेजू भगत, अजीत विश्वकर्मा, नायमन कंडुलना, पूरन सिंह, आनंद साहू, एजाज अंसारी, हिमांशु सिंह, बादल सिंह के अलावे दल के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सुमित केसरी के हत्यारों का शीघ्र हो खुलासा : अनूप चंद्र



**गुमला।** भाजपा कार्यालय पालकोट रोड में सोमवार को जिला भाजपा के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का किया गया। जिसमें दिवंगत भाजपा नेता सुमित केसरी को पर्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए सब ने मौन धारण किया। जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा सुमित केसरी का असमय हम सब को छोड़ कर जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि उनके रहस्यमई तरीके से हत्या को जिला प्रशासन यथाशीघ्र खुलासा कर हत्यारों को सजा नहीं दिलवाती है तो भाजपा गुमला जिला आंदोलन करने पर बाध्य होगी। शोक व्यक्त देने वालों में जिला अध्यक्ष अनूपचंद अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत, राजसभा सांसद समीर उरांव,पूर्व विधायक जितवाहन बड़ाईक, कमलेश उरांव,डॉ दिनेश उरांव, शिव शंकर उरांव,डॉ.अरुण उरांव,पूर्व जिलाध्यक्ष सुबोध लाल,विनय लाल,विजय मिश्रा, सविंद्र सिंह, मुनेश्वर साहू व अन्य उपस्थित थे।

### उपसमाहर्ता बने उपायुक्त के स्टेनो लाल बालकिशोर शाहदेव



**लोहरदगा।** उपायुक्त के स्टेनो लाल बालकिशोरनाथ शाहदेव द्वारा प्रथम उपसमाहर्ता (सीमित) प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम रूप से चयनित होने के अवसर पर समाहरणालय सभागार में शुभकामना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि एक लंबे इंतजार के बाद जब व्यक्ति को जीवन में सफलता प्राप्त होती है तो वह क्षण अविस्मरणीय होता है। यह वही पल है। आप इस पल को जी भर जियें। साथ ही, हम आशा करते हैं कि आपकी पोस्टिंग इसी जिले में हो।उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि 17 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यह अद्भुत पल आपके जीवन में आया है। हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

कार्यक्रम में एसडीओ अरविंद कुमार लाल, रजिस्ट्रार सुभाष दत्ता, कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये और श्री शाहदेव के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी व समाहरणालय कर्मी उपस्थित थे।

## प्रेमिका ने जहर खाकर की आत्महत्या, प्रेमी ने भी जान

**24 घंटे के भीतर दो मौत से क्षेत्र में सनसनी, मुखिया टोपनो ने ऑनर किलिंग का लगाया आरोप, जांच की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिोबांग थाना क्षेत्र के लावादाग में एक वर्ष से अधिक समय से चल रहे प्रेम प्रसंग के बाद परिजनों द्वारा शादी से मना करने पर नाबालिग लड़का और लड़की ने मौत को गले लगाया। साथ जीने मरने का कसम खाए प्रेमी युगल को साथ रहने से मना करने पर मरना आसान समझा और जान दे दी। जानकारी के अनुसार लावादाग में नाबालिक लड़की ने घर से करीब 200 मीटर की दूरी में असनागढ़ा नामक जगह पर चूहा मारने की जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद शनिवार रात में ही प्रेमी ने भी घर से 100 मीटर दूरी पर जंगल में महुआ पेड़ पर साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि नाबालिग लड़का लड़की का प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चलता आ रहे था दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे परंतु परिवार इस पर राजी नहीं थे। लड़की की शादी 2022 में लातेहार से तय कर दी गई थी। जिसका निमंत्रण भी बांटा जा चुका था। जिसके बाद प्रेमी प्रेमिका का लेकर फरार हो गया।

काफी खोजबीन के बाद दोनों को गाँव लाया गया था। मामले को लेकर देवदरिया पंचायत की मुखिया टोपनो का कहना है कि लड़का लड़की का प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों भाग कर बाहर गए हुए थे। जिसे घरवालों द्वारा बहला फुसला कर घर बुलाया और गला दबाकर हत्या किया गया है। मुखिया ने मामले पर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### सिसई रेफरल अस्पताल में लगा बंध्याकरण कैंप

**सिसई।** सिसई रेफरल अस्पताल में महिला बंध्याकरण का शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 105 महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। बंध्याकरण के लिए सुबह से ही महिलाएं रेफरल अस्पताल पहुंचने लगी थी। लेकिन जांच 4 बजे से शुरू हुआ। बंध्याकरण कराने पहुंची महिलाओ के गोद मे छोटे छोटे बच्चा भी साथ थे। लोग जांच के लिए भुखे प्यासे ठंड में अपने अपने बारी का इंतजार करते रहें। अस्पताल के तरफ से खाने पीने का कोई भी ब्यवस्था नही किया गया। डॉकटर भी पांच बजे शाम तक नहीं पहुंचे थे। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के दूर दराज से आने वाले महिलाओ को काफी दिक्कतो का सामना करना पडा। बैठने तक की कोई सुविधा अस्पताल की ओर से महिलाओ को नहीं उपलब्ध कराया गया था।

## सड़क के लिए तरस रहें हैं आदिम जनजाति परिवार के लोग

**सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं चूल्हामाटी गांव के लोग**

**विद्यालय भी नहीं हैं, अधिकांश लोग हैं अशिक्षित, बिरसा आवास और शौचालय की मांग करते थक गये**

**मिशन बदलाव के अभियान में गांव की स्थिति का हुआ खुलासा**

**सुरक्षा और कैरियर को लेकर छात्राओं को किया गया जागरूक**



गांव के लोग समस्याओं को लेकर मिशन बदलाव सदस्यों को ज्ञापन सौंपते।

**गुमला।** घाघरा प्रखंड के सारंगों पंचायत के चूल्हामाटी गांव के आदिम जनजाति परिवार के सदस्य आज भी बुनियादी सुविधाओं की बाट जो रहे हैं। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से चूल्हामाटी गांव के लोग वंचित हैं। बिरसा आवास व शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा भी इस गांव के आदिम जनजाति परिवार को नहीं मिल पाया है। दुर्भाग्य तो इस बात की है कि गांव पहुंचने के लिए एक अदद सड़क भी नहीं है। लोग पगडंडियों से होकर गांव पहुंचते हैं। कोई गांव की गंभीर रूप से बीमार पड़ जाए तो भगवान भरोसे ही अस्पताल पहुंच पाता है। सड़क नहीं होने के कारण उनका दुख हरने के लिए न तो कोई अधिकारी और न ही कोई नेता उनके गांव जाना चाहते हैं। इस बात का खुलासा मिशन बदलाव के गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत हुआ। मिशन बदलाव के सदस्य भूषण भगत, पंकज चंद्र गोस्वामी एवं मुखिया राजेश बड़ाईक चुल्हमाटी गांव पहुँचकर ग्रमीणों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा दिल खोलकर रहा और अवगत कराया कि उनके गांव के आदिम जनजाति परिवारों को बिरसा आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। बिरसा आवास योजना को लेकर जिला प्रशासन से लेकर प्रखण्ड प्रशासन तक दौड़ लगा के थक चुके है। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी आदिमजनजाति के घर में शौचालय भी नहीं है। भूषण भगत और पंकज चंद गोस्वामी ने बताया कि सभी आदिमजनजाति बहुत मुश्किल परिस्थितियों में जीवन बसर कर रहे है और बरसात के दिनों में ये बेघर हो जायेंगे ।ग्रामीणों ने कहा कि हमारे यहां सड़क की सुगम व्यस्था नहीं होने के वजह से हमारे गांव में अधिकारियों का दौरा कभी नहीं होता है।

## एक नजर में

### नप गुमला ने खोला राज्य का पहला बर्तन बैंक



**गुमला।** सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध एक कदम आगे बढ़ाते हुए गुमला नगर परिषद ने एक छोटी सी पहल की है। दरअसल पूर्व योजना के अनुसार नगर परिषद ने गुमला शहर में प्रदेश का पहला बर्तन बैंक खोला है। बर्तन बैंक का उद्घाटन सोमवार को उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, नगर परिषद अध्यक्ष श्री दीप नारायण उरांव, एसडीओ सदर रवि जैन, उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, लोक अभियोजक अनिल पांडेय तथा कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उपायुक्त ने नगर परिषद की इस पहल को अभिनव तथा अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि यह छोटी सी पहल सर्कुलर इकोनामी का अच्छा उदाहरण है। खिलौना बैंक और बर्तन बैंक की तर्ज पर गुमला में पुस्तक बैंक बनाया जा सकता है। नप अध्यक्ष श्री दीपनारायण उरांव ने कहा कि ज्यादातर लोग शादी-ब्याह, सालगिरह और बर्थडे पार्टी जैसे आयोजनों में भोजन पानी सर्व करने के लिए थर्मोकोल, प्लेट और प्लास्टिक गिलास जैसे सस्ते साधन उपयोग करते हैं और फिर उस आयोजन के बाद यही थर्मोकोल और प्लास्टिक बर्तन प्रदूषित कूड़ा बनकर शहर को गंदा करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्लास्टिक और थर्मोकोल के बर्तनों को मात देने और पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर परिषद प्रशासन ने शहर के जरूरतमंद नागरिकों को स्टील के बर्तन उपलब्ध करवाने के लिए यह बर्तन बैंक खोला है। उपाध्यक्ष कलीम अख्तर ने कहा कि नगर परिषद अपने खर्चे पर बड़ी संख्या में थाली, गिलास,चम्मच, कटोरी आदि खरीदे हैं। लोगों की मांग पर उन्हें कुछ शर्तों पर ये स्टील के बर्तन सेट महज एक रुपया दर पर या अत्यंत गरीब होने पर निशुल्क भी उपयोग करने के लिए उपलब्ध कराएगा।

### हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स का प्रशिक्षण संपन्न



**घाघरा।** रन्हे चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल घाघरा में चल रहे तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण शिविर सोमवार की संपन्न हो गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि स्काउट्स एंड गाइड्स देश प्रेम व सेवा भावना का विकास करता है। उन्होने ग्रामीण बच्चो में अनुशासन ,अध्ययन, सहस, सजगता,राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर प्रशिक्षण कर आ रहे स्काउटस एंड गाइडस की प्रशंसा किया। नेशनल ट्रेनिग कमिश्नर कुमार हरिओम ने कहा कि प्रकृतिक आपदा के समय स्काउटस एंड गाइडस के प्रशिक्षण प्राप्त युवा आम लोगो को सहायता पहुंचाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विजय कुमार साहू ,सुधीर कैथवार, शिक्षक ,सुनील उरांव ,शिक्षक ,सुरेश भगत, रश्मि टोपो, मिना देवी,नसमुदिन अंसारी ,राहुल नाग, मनोज साहू,प्रविण कुमार,प्रकाश उरांव, प्रमोद उराँव आदि समलित थे।

### लायंस क्लब ने गरीबों के बीच बांटे कंबल



**गुमला।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर लायंस क्लब गुमला ग्रेटर व वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा रायडीह प्रखण्ड के सिकोई पंचायत में वनवासी कल्याण केन्द्र द्वारा संचालित संकुल ग्रामोदय ग्राम सुगाकांटा में संचालित एकल विद्यालय के भैया-बहनों एवं ग्रामीणों के बीच कंबल व पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला विभाग संगठन मंत्री नरेश गुप्ता ने कहा कि सभी त्योहारों का अपना महत्व रहता है। इस अवसर पर लायंस क्लब गुमला ग्रेटर के सक्रिय सदस्य श्री सुभाष अग्रवाल, हिमांशु केशरी , वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला जिला संगठन मंत्री खेदू नायक, एकल विद्यालय के आचार्य फिरनाथ नगेसिया सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।

### शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को ले कलश यात्रा



**घाघरा।** गुटवा गांव में श्री राम दरबार व शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव में सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में बच्चियां और महिलाएं शामिल हुई। कलश यात्रा नवनिर्मित मंदिर गुट्वा गांव से शुरू होकर विभिन्न टोला होते हुए गुट्वा कोयल नदी पहुंची। जहां अचार्य रमेश देव पौराणिक, उमेश नाथ मिश्रा, पवन मिश्रा, नारायण मिश्रा ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरी कराया। वहीं जय श्री राम बोल बम के जयकारे से पूरा वातावरण गूंज उठा। मौके पर संजीत गोप, दीपक सिंह ,भरत सिंह ,पवन गोप ,छोटे गोप, सहदेव सिंह, सीमा देवी ,नेहा कुमारी ,रीना कुमारी, रीना देवी, राधा देवी ,चंद्रा कुमारी ,लीलावती देवी, किरण देवी, नीला देवी, संतोष यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### यूथ कांग्रेस के चयनित पदाधिकारियों को दी बधाई

**गुमला।** युवा कांग्रेस कमेटी के नव चयनित पदाधिकारियों को कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश चीनी ने बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि पदाधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं। आशा है आप सभी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस एक नए मुकाम पर पहुंचेगा और कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। सभी निर्वाचित पदाधिकारी युवा हैं और कांग्रेस के नीति-सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। बधाई देने वालों में अकील रहमान, रामनिवास प्रसाद, अमर कुजूर, मुरली मनोहर प्रसाद, हेमावती लकड़ा, हिमेश कुमार, बैजनाथ उरांव सहित अन्य है।

### माले ने मनाया महेंद्र सिंह का शहादत दिवस



**गुमला।** भाकपा माले गुमला के द्वारा सोमवार को जननायक कोमरेड महेंद्र सिंह का 43 वां शहादत दिवस कचहरी परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महेंद्र सिंह की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। मौके पर माले के जिला सचिव कॉमरेड गजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में महेंद्र सिंह के विचारों की प्रसंगिता बढ़ गई है। बेरोजगार किसान मजदूर अपने अधिकार के लिए जन संघर्ष से जुडकर देश में आवाज बुलंद कर रहे हैं। जिसे और मजबूत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महेंद्र जक्शन उरांव, मुस्तकीम अंसारी, सुखदेव उरांव, बिरजानंद उरांव, दर्शन उरांव, सुषमा देवी, मंगलदेव उरांव, विद्या सागर खेस, घुरनी देवी, संगीता देवी, बिमला उरांव, खिलु उरांव, कौशल्या उरांव, सुमन उरांव, बिरसो देवी, सोनिमा उरांव, सुमन देवी, सुशीला देवी, तेतरी देवी, पार्वती उरांव आदि उपस्थित थे।

### स्काउट एंड गाईड के छात्रों को मिला सर्टिफिकेट

**गुमला।** राजस्थान में आयोजित भारत स्काउट एंड गाईड के 18 वें नेशनल प्रतियोगिता में गुमला जिला स्काउट एंड गाईड के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में गुमला के विद्यार्थियों के अच्छा प्रदर्शन पर उन्हें नेशनल सर्टिफिकेट व इंटीग्रेशन सर्टिफिकेट मिला है। इस प्रतियोगिता में जिले से 38 स्काउट एंड गाईड के विद्यार्थी शामिल हुए थे। यह जानकारी मो. साजिद आलम ने दी है।

# आरएसबी ट्रांसमिशन (इंडिया) लिमिटेड ने ईवीआर मोटर्स, इस्राइल के साथ की साझेदारी

■ भारत के एलसीवी बाजार को इलेक्ट्रीफ़ाई करने के लिए ई-मोटर का उत्पादन और बिक्री करेगी कंपनी

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** डायवर्सिफिकेशन के हिस्से के रूप में आरएसबी ट्रांसमिशन (इंडिया) लिमिटेड ने ईवीआर मोटर्स, इजराइल के साथ साझेदारी करके एलसीवी सेगमेंट में व्यापक बाजार क्षमता का लाभ उठाने के लिए ईवी सेगमेंट में प्रवेश किया है, जो ईवी सेगमेंट में अग्रणी डिजाइन इनोवेटर्स हैं और ईवी को वैश्विक ग्राहकों के समृद्ध पोर्टफोलियो के साथ सुलभअधिक प्रभावी बनाने के लिए बेंचमार्क बनाया है। इस समझौते पर आरके बेहरा, चेयरमैन और एसके बेहरा, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, आरएसबी समूह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये।

इस अवसर पर ओफर डोरोन, सीईओ, ईवीआर मोटर्स, इजराइल ने कहा कि आरएसबी के साथ यह साझेदारी न केवल हमारी सफलता ई-मोटर प्रौद्योगिकी में विश्वास का एक प्रतीक है, बल्कि हम जिस तेजी से व्यापार गति का अनुभव कर रहे हैं, उसमें एक और मील का पत्थर है। एशिया में हाल के व्यावसायिक विकास से पता चलता है कि हल्के वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र उन्हीं लाभों का आनंद लेना चाहेंगे जो हमारी टीएसआरएफ तकनीक 2डबल्यू, 3डबल्यू और बसों जैसे अन्य ईवी सेगमेंट में लाती है। यह समझौता लागत प्रभावी, कम वजन, उच्च प्रदर्शन पावरट्रेन में क्षेत्र का नेतृत्व करने के लिए ईवीआर के अभिनव मोटर डिजाइन के साथ आरएसबी के क्षेत्र की अग्रणी इंजीनियरिंग और विनिर्माण को जोड़ता है।



निशित बेहरा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर - बिजनेस स्ट्रेटजी, आरएसबी और ओफर डोरोन, सीईओ, ईवीआर मोटर्स, इजराइल समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए। दाईं ओर खड़े हैं- आरके बेहरा, चेयरमैन (तीसरे दाएं) और एसके बेहरा, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर (दाएं से प्रथम), आरएसबी समूह, और आरएसबी के अन्य शीर्ष अधिकारी समूह और ईवीआर मोटर्स।

मौके पर निशित बेहरा, (एजीक्यूटिव डायरेक्टर - बिजनेस स्ट्रेटजी, आरएसबी ग्रुप) ने कहा कि ईवीआर एलसीवी सेगमेंट के लिए आरएसबी, इलेक्ट्रिक मोटर्स के साथ डिजाइन और सह-विकास करेगा।

इसमें प्रयुक्त मोटर्स पीवीआर के ट्रैपेजॉइडल स्टेटर रेडियल फ्लक्स परमानेंट मैग्नेट मोटर पर आधारित होंगी, जो मानक ई-मोटर्स की तुलना में 30% -50% हल्की और छोटी हैं। इस समझौते के तहत आरएसबी और ईवीआर एलसीवी के लिए विभिन्न मोटर विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। ईवीआर आरएसबी की असेंबली लाइन की स्थापना का भी समर्थन करेगा, जबकि आरएसबी भारत में ऑटोमोटिव ओईएम को ई-मोटर्स का निर्माण और बिक्री करेगा। उन्होंने आगे कहा कि, लॉन्च के एक हिस्से के रूप में, नए उत्पादों को 12 से 15 जनवरी 23 (हॉल नंबर 4, स्टाल नंबर 4, 66) प्रगति मैदान में 16वें ऑटोएक्सपो 2023 में प्रदर्शित किया जायेगा।

**ईवीआर मोटर्स, इजराइल के बारे में :** ईवीआर ने एक यूनिक, पेटेंट मोटर टोपोलॉजी विकसित किया है: ट्रेपेजॉइडल स्टेटर रेडियल फ्लक्स परमानेंट मैग्नेट मोटर, जो छोटे, हल्के, कम लागत वाले मोटर्स को सक्षम करती है, जिसे उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सकता है। ईवीआर के पहले मोटर्स को 2-पहिया और 3-पहिया वाहनों के लिए डिजाइन किया गया है, और अतिरिक्त अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए उपयुक्त हैं। ईवीआर अब बहु गतिशीलता अनुप्रयोगों के लिए विभिन्न प्रकार के मोटर्स विकसित कर रहा है। इनमें हल्के हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एमएचईवी), हाइब्रिड वाहन (एचईवी) और पूर्ण बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) शामिल हैं। जबकि कंपनी मुख्य रूप से ऑटोमोटिव क्षेत्र को लक्षित करती है, इसकी सफलता इलेक्ट्रिक मोटर अन्य क्षेत्रों से रुचि आकर्षित कर रही है, जो ईवीआर के टीएस-आरएफपीएम मालिकाना टोपोलॉजी के प्रतिस्पर्धी लाभों का लाभ उठाना चाहते हैं।

**आरएसबी ग्रुप के बारे में जानिए :** आरएसबी एक अग्रणी वैश्विक इंजीनियरिंग संस्थान है, जिसका टर्नओवर 3000 करोड़ रुपये से अधिक है, जो उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला का निर्माण करता है, जैसे प्रोपेलर शाफ्ट,छोटे वाणिज्यिक वाहनों के लिए ट्रांसमिशन गियर बॉक्स, स्टीयरिंग गियर बॉक्स, गियर, शाफ्ट, स्लीव और हब आदि, एक्सल और सस्पेंशन सिस्टम, रनिंग गियर सिस्टम और अन्य ऑटोमोटिव घटक जैसे मशीनिंग कास्टिंग और फोर्जिंग, निर्माण उपकरण समुच्चय और अटैचमेंट आदि के साथ। कंपनी के 14 विनिर्माण संयंत्र भारत में 8 स्थानों पर फैले हुए हैं, अर्थात जमशेदपुर (झारखंड), पुणे (महाराष्ट्र), धारवाड़ (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु), श्रीसिटी (एपी), पंतनगर (उत्तराखंड), कटक (उड़ीसा) और लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और होमर (यूएसए) और सिलाओ (मेक्सिको) में एक-एक कंपनी ग्राहकों के निकट होने का विशिष्ट लाभ प्रदान करती है।

## स्पीड न्यूज

### नशाखोरी के अड्डा पर बुलडोजर चलाये प्रशासन : बाबर



**जमशेदपुर।** झामुमो नेता बाबर खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला प्रशासन निम्नलिखित सुझाव देते हुए कहा के मानगो में प्रशासन की लाचारी कहें या मानगो वासियों की बेबसी आज कुछ मुट्ठी भर गंजेड़ी, नशाखोर, मानगो वासियों को जीना हराम कर दिया है। आज स्थिति अजीबो गरीब हो गई है आम जनता चाह कर भी कुछ नहीं कर पाते प्रशासन को जो समय रहते कार्यवाही करनी चाहिए वह नहीं करते। यदि 12 जनवरी की घटना पर प्रशासन सख्त होता तो शब्बीर की जान नहीं जाती। जिला के लगभग थाना में पुलिसकर्मियों की कमी है। यदि समय रहते पुलिस मामले को संज्ञान में लेती तो ऐसा नहीं होता और मोहम्मद शब्बीर की जान नहीं जाती। शब्बीर कोई अपराधी चरित्र का व्यक्ति नहीं था केवल मध्यस्था कराना लोगों के दुख तकलीफ में खड़ा होकर समाधन करने का प्रयास करता था किस से वर्चस्व की लड़ाई नहीं थी। बाबर खान ने कहा वो मेरा बहुत ही करीबी था और मेरा राजनीतिक समर्थक था। इस लिए में उसके हर गीतिविधि से वाकिफ था। लेकिन सवाल ये है और कितने लोगों को नशा खोर निशाना बनायेंगे। बाबर ने कहा बहुत जल्दी जाकिर नगर चौक में मौहम्मद शब्बीर के नाम श्रद्धांजलि सभा होगी। नशाखोरी के खिलाफ बिगुल फूंका जायेगा।

### अलाव के लिए डीसी के नाम सीओ को ज्ञापन



**जमशेदपुर।** मां तुझे सलाम संस्था द्वारा शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन एवं अंचल प्रशासन एक लिखित आवेदन पत्र दिया गया है जिसमें कहा गया है कि पूरे देश के साथ हमारे झारखंड प्रदेश में भी शीतलहर चल रही है जिसको देखते हुए चौक चौराहों में अलाव जलाने की व्यवस्था जल्द से जल्द करनी चाहिए ताकि आम जनता को अलाव की सेवन से राहत मिल सके। अलाव जलाने की मुख्य चौक हरहरगुट्टू शीतला मंदिर चौक, मतलाडी छाता क्लब के सामने, मार्शल कलब,सिद्धू कानू मैदान सामुदायिक भवन के सामने, सुंदरनगर चौक,करंनडीह चौक, बागबेरा चौकष त्रिमूर्ति चौक, लाल बिल्डिंग चौक ,राधा कृष्ण मंदिर झारखंड बस्ती,सिद्धू कानू चौक हल्द्वाबनी,शौकत खान तौक, कारगिल चौक खासमहाल एवं अन्य चौकों में अलाव जलाने के लिए प्रशासन से आग्राह किया गया है ताकि गरीब जनता को अलाव से राहत मिल सके ।

### महेंद्र सिंह का 18 वां शहादत दिवस मना

**जमशेदपुर।** झारखंड के जन नेता शहीद महेंद्र सिंह का 18 वां शहादत दिवस साकची गोल चक्कर के समीप मनाया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात उनके सम्मान में 2 मिनट खड़े होकर मौनरखा। लोगों ने कॉमरेड महेंद्र सिंह को लाल सलाम महेंद्र सिंह अमर रहे तथा महेंद्र सिंह मेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे जैसे नारे लगाए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन माले कोल्हान प्रमंडल द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता ओमप्रकाश सिंह कर रहे थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ओम प्रकाश सिंह ने महेंद्र सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महेंद्र सिंह का पूरा जीवन मजदूरों किसानों दलितों आदिवासियों तथा समाज के हर कमजोर वर्ग के लोगों के हक की लड़ाई को समर्पित रहा है। वे जीवन पर्यंत सड़क से लेकर विधानसभा के अंदर तक जनता की आवाज बुलंद करते रहे हैं। बहुत साधारण परिवार में जन्मे महेंद्र सिंह त्याग एवं सादगी की मिसाल थे और भ्रष्ट ऑफिसर व समाज के दबंग लोग उनके नाम पर खौफ में रहते थे।

# मानगो : शब्बीर हत्याकांड में पांच गिरफ्तार

➲ दो गुटों की मारपीट और जमीन विवाद में हुई है शब्बीर की हत्या : एसएसपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने आजाद नगर थाना के रोड नंबर 10 के पास गत 13 जनवरी की रात 10 बजे हुए गोली चालन के मामले और मोहम्मद शब्बीर अहमद की हत्या के आरोप में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सभी नामजद अभियुक्त हैं और इनमें से एक को छोड़ चार अभियुक्तों को पुलिस ने आज जेल भेज दिया। बचे हुए अभियुक्त मो.ताज का इलाज टीएमएच में चल रहा है और उसकी स्थिति ठीक होते ही पुलिस उसे भी जेल भेज देगी।

उक्त जानकारी जमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में दी। बता दें मोहम्मद सगीर अहमद गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल था इसका प्रारंभिक इलाज टीएमएच में किया गया। उसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए कोलकाता के आमरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां गत रविवार को उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**इन अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार :** जिन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है उसमें बैतूल मुकर्रम मस्जिद कपाली निवासी मोहम्मद सद्दाम हुसैन, 34 वर्षीय और ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 3 निवासी अतीक अहमद, 30 वर्षीय और अलबेला गार्डन निवासी सरफराज आलम, 24 वर्षीय और ओल्ड पुलिया रोड नंबर 3 साल बागान निवासी सैफ अली साकिर और 35 वर्षीय ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 1 नवासी मोहम्मद ताज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी स्वीकरोक्ति के बाद घटनाक्रम में उपयोग स्कॉर्पियो वाहन ,मोबाइल एवं 38000 रूपये नगद बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहम्मद ताज के बीमार रहने के कारण उसे टीएमएच में भर्ती कराया गया है।

एसएसपी ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। हत्याकांड के पीछे दो कारण सामने आए हैं। पहली बात कि गत 12 जनवरी की रात आजाद नगर में युवकों के दो गुटों में मारपीट हुई थी मोहम्मद शब्बीर इसमें से एक गुट को सपोर्ट कर रहा था जिससे प्रतिद्वंदी नाराज थे । हत्याकांड का दूसरा कारण मोहम्मद शब्बीर का कपाली के जमीन कारोबार में दखल भी था। हत्याकांड में शामिल आरोपी भी कपाली में जमीन कारोबार करते हैं और उनकी मोहम्मद समीर से प्रतिद्वंदिता चल रही थी। एसएसपी ने कहा कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास चल रहा है और जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी ने कहा कि इस हत्याकांड में किसी संगठित गिरोह का हाथ नहीं है बल्कि यह पूरी तरह से आपसी रंजिश का मामला है।



गिरफ्तार अभियुक्तों को प्रेस के सामने पेश करते एसएसपी प्रभात कुमार व उनकी टीम।

## एक नजर में

### धातकीडीह में खुला नेशनल फार्मा, दवाओं पर मिलेगा 17% का डिस्काउंट



**जमशेदपुर।** सोमवार को धातकीडीह में रोड पर नेशनल फार्मा मेडिकल शॉप का उद्घाटन धातकीडीह मस्जिद के इमाम ने किया। दुकान के ऑनर सारिक ने बताया कि लोगों को अच्छी प्रकार की सभी दवा डिस्काउंट पर नेशनल फार्मा में मिलेगा। बताया कि धातकीडीह और आस पास के लोगों को डिस्काउंट के लिए दूर जाना पड़ता था जिसको देखते हुए यह दुकान खोला गया है।

### जमशेदपुर के कांग्रेसी राहुल गोस्वामी बनाये गये मोहनपुर विस के पर्यवेक्षक



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कांग्रेस नेता राहुल गोस्वामी को मोहनपुर विस एवं अभिजीत सिंह को प्रमोदनगर कलयानपुर का पर्यवेक्षक बनाये जाने पर उन्होंने अगरतला पहुंच कर अपने अपने विधानसभा का प्रभार त्रिपुरा की सह प्रभारी ललिता लपथांग से मिलकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में लिया। इसके साथ ही उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए तीन राज्यो के प्रभारी आदरणीय डॉक्टर अजय कुमार का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

### देव कन्याओं कानौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न



**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार टाटानगर के युवा प्रकोष्ठ नवयुगदल के श्री रामकृष्ण सिन्हाजी के द्वारा आज सोनारी बालविहार विश्वकर्मा अपार्टमेंट मे 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से पधारे ब्रम्हा वादिनी बहनों के द्वारा संपन्न कराया गया। देव संस्कृति विश्व विद्यालय हरिद्वार से सुश्री प्रज्ञा लक्ष्यकार, सुमन साहू, रुक्मिनी त्रिपाठी टाटानगर पधारें है। जिसमें भारतीय संस्कृति में यज्ञ के महत्व को बताते हुए महायज्ञ की पूणार्हुति की गई। जिसमें बिभिन्न संस्कार निशुल्क सम्पन्न कराए गए। इस अवसर पर श्री रामाकांत प्रसाद, पूर्णिमा सिंह,अंजू शर्मा, रेणु सिन्हा, बिनय कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार विश्वकर्मा,बेबी, बलराम मिश्रा, बैभव सिन्हा ,संतोष महतो,शम्भूनाथ दूबे के साथ महिला मंडल के बहनो का सक्रिय योगदान रहा।

### मुरली पारा मेडिकल कॉलेज,गालुडीह का छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण



**जमशेदपुर।** मुरली पारा मेडिकल एंड रिसर्च कॉलेज कालाझोर, पंचायत-हैंदलजुरी, गालूडीह, प्रखंड-घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम में प्राचार्य डॉ के के सहगल की अध्यक्षता में के बच्चों का व्यवसायीक शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु हेल्थ केयर पाठ्यक्रम हेतु क्षेत्र भ्रमण में सहयोग किये। मनोहर लाल हाई स्कूल चाकुलिया पूर्वी सिंहभूम के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। व्यावसायिक शिक्षा की प्रभारी राकेश कुमार , शशि कला महोदया , सुशीला जी , श्री एस मिस्त्री कमलेश एवं गोपाल गोप ने सहयोग किये। मुरली पारा मेडिकल एवं रिसर्च कॉलेज से बच्चों ने तीनों कोर्स हेतु ज्ञान प्राप्त की, जिसमें की ड्रेसर जो कि मैट्रिक के बच्चे कर के रोजगारोन्मुख स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर सकते हैं ।

### श्रीश्री सार्वजनिक शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार का नीरज सिंह ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुर।** सोमवार को उलीडीह में श्री श्री सार्वजनिक शीतला माता मंदिर समिति के पूजा स्थल का जीणोर्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान ने मौके पर नीरज सिंह के द्वारा इस कार्य के लिए जमकर प्रशासन की श्री पासवान ने बताया की पिछले बार जब नीरज जी यह ज्वारा पूजा में यहां आए थे तब उन्होंने पूजा स्थल की खराब स्तिथि देख कर बस्तीवासियो से वादा किया था की जल्द ही इस पूजा स्थल के मंडप को खूबसूरत तरीके से बनवा कर बस्ती के लोगों को समर्पित करेंगे ताकि लोग बिना किसी तकलीफ के पूजा अर्चना कर सकें जिसके फलस्वरूप आज यह पूजा मंडप का निर्माण पूर्ण हुआ। नीरज सिंह ने कहा क मां के पूजा स्थल के सौंदर्यकरण करने का आज जो सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है इसके लिए मैं सभी बस्ती वासियों का शुक्रगुजार हूं। कार्यक्रम में मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता निलकम शेखर, प्यारेलाल साहू,मंडल महामंत्री राकेश सिंह लोधी, भाजयुमो अध्यक्ष राहुल कुमार, महिला मोर्चा मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती भारती केसरी, प्रमिला शर्मा, देवकी साहू, बिरेन प्रसाद, मनोज शर्मा, अनिल कुमार, अजय लोहार, शुभम राज,, जीतू गुप्ता, सुनील मंडल के अलावा मंडल के वरिष्ठ एवम कनिष्ठ कार्यकर्ता गण सम्मिलित हुए।

### किचन किंग ने पूर्व सैनिकों को किया सम्मनित

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् जमशेदपुर और होटल किचेन किंग, के संयुक्त तत्वावधान मे गोविंदपुर में सेना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर होटल की निदेशिका सह जिला पार्षद श्रीमति सुनीता शाह एवं टाटा मोटर्स वर्कर यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते एवं महामंत्री राजेश कुमार सिंह ने देश की सुरक्षा में डटे सैनिको के योगदान को याद करते हुए सभी उपस्थित पूर्व सैनिकों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## कृषक जनजाति के लोगों ने आखान जात्रा के साथ किसानों ने की कृषि कार्य की शुरुआत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पटमदा प्रखंड के बिड़रा, डांगा गांव के ग्रामीण क्षेत्रों में मकर संक्रांति के दूसरे दिन पहला माघ को आखान जात्रा को शुभ दिन मानते है और सभी प्रकार के शुभ कार्यों की शुरुआत की जाती हैं। विश्वनाथ महतो ने कहा की पुस माह के आते ही किसी प्रकार का शुभ कार्य नहीं होता है। इस माह को खर मास के रूप में माना जाता हैं। वही किसानों के द्वारा आखान जात्रा को कृषकों के द्वारा कृषि कार्य शुरू करने के साथ नया साल के रूप में मनाया जाता है। इस दिन कृषक परिवार के सभी लोग सुबह नहा धोकर नया वस्त्र धारण कर पशु धन की पूजा अर्चना करते हुए खेतो में जाकर ढाई चक्कर (आतर) हल से खेत की जोताई करते हैं।

जिसके साथ खेती के कार्य का शुभारंभ हो जाता है। प्रति वर्ष खेती की शुरूआत इसी दिन से करने के बाद लोग मकर पर्व मनाने के बाद खेती में जुट जाते हैं। जिनके पास हल बैल नहीं होता हैं वे लोग पशु के गोबर को जिस स्थान पर सालों भर इक्कठा करके रखते हैं।

## जेवियर पब्लिक स्कूल व भालुकडीह ग्रामीणों के बीच हुई हिंसक झड़प

■ पुलिस छावनी में तब्दील हुआ पूरा गांव
■ ग्रामीण एसपी समेत पुलिस अधिकारियों ने किया कैंप
■ ग्रामीणों ने हमले के खिलाफ किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के जेवियर पब्लिक स्कूल भालुकडीह (डोरका साई) व ग्रामीणों के बीच हुई हिंसक झड़प के आज दुसरे दिन स्कूल के आज़ पास का क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। इधर विधि व्यवस्था बने रहे जिसको लेकर ग्रामीण एस पी ग्रामीण एसपी समेत डी एस सी चंद्रशेखर आजाद, ए डी एम नंद किशोर लाल,पोटका वी डी ओ निखिल कच्छप, अंचलाधिकारी मोहम्मद इम्तियाज, जादूगोड़ा थाना प्रभारी संजीव झा, समेत अन्य थाने की पुलिस अधिकारी गांव में कैंप किए है व 60 से अधिक महिला व पुलिस के जवान की तैनाती की गई है।इधर ग्रामीणों ने हमले के खिलाफ गांव ने प्रदर्शन किया व दोषियों के खिलाफ कारवाई की मांग की। इस बाबत ग्रामीणों का कहना है कि जेवियर पब्लिक स्कूल भालुकडीह (हाथी विंदा पंचायत) दोषी स्कूली छात्र व प्रबंधक गांव के चौपाल में आकर माफी मांगे तभी जाकर ग्रामीणों का आक्रोश शांत होगा।



गांव में कैंप करते ग्रामीण एसपी व टीम।

## एमजीएम अस्पताल कंबल लेकर पहुंचे पूर्व विधायक कुणाल सारंगी और पूनम सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आए दिन विभिन्न माध्यमों से खबर मिल रही है कि कोल्हान के सबसे बड़े एमजीएम अस्पताल में कंबल की किल्लत है। मरीज अपने बीमारी से कम बल्कि ठंड में कंबल के बिना ज्यादा परेशान है। ऑपरेशन के बाद मरीजों को कंबल नहीं मिल रहा है मरीज अपने बिस्तर में ठिठुर कर रात बिता रहे हैं । आज अंततोगत्वा इस परेशानी से मुक्ति दिलाने के लिए एक छोटा सा प्रयास बहरागोड़ा के पूर्व विधायक भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी एवं भाजपा नेता विकास सिंह की धर्मपत्नी पूनम सिंह एमजीएम अस्पताल जाकर अस्पताल में मौजूद उपाधीक्षक डॉ नकुल चौधरी जी को कंबल देकर सरकार और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को आईना दिखलाने का काम किया है।

मौके में मौजूद कुणाल षाडंगी ने कहा कि कोल्हान का सबसे बड़ा अस्पताल जो स्वास्थ्य मंत्री का गृह क्षेत्र है वहां की स्थिति यह है तो पूरे राज्य की स्थिति क्या होगी । मुख्यमंत्री और मंत्री बड़ी-बड़ी गाड़ियां खरीद रहे हैं लेकिन कंबल खरीदने के लिए उनके पास पैसा नहीं है । मौके में मौजूद भाजपा नेता विकास सिंह की धर्मपत्नी पूनम सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के गलत कारनामे के खिलाफ अगर कोई आवाज उठाता है तो मंत्री जी अपने पावर का दुरुपयोग करके आवाज दबाने का प्रयास करते हैं जबकि वे स्वास्थ्य मंत्री है उन्हें लोगों की जान बचाने का प्रयास करना चाहिए।



अधीक्षक को कंबल सौंपते कुणाल षाडंगी और श्रीमती पूनम सिंह।

## जेपीएस की छात्राओं को नृत्य नंदिनी और शिक्षिका भारती बनर्जी को गुरु गौरव अवॉर्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शहर की शैक्षणिक संस्था जमशेदपुर पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने ओढ़ीसा में 14 वें कटक महोत्सव में सफलता का परचम फहराते हुए अवार्ड हासिल किया वहीं इन्हें शास्त्रीय नृत्य संगीत की प्रशिक्षण देने वाली राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पुरस्कार प्राप्त भारती बनर्जी ने गुरु गौरव सम्मान अवार्ड प्राप्त किया।4 से लेकर 8 जनवरी तक चलने वाले पांच दिवसीय शास्त्रीय नृत्य संगीत महोत्सव में जमशेदपुर पब्लिक स्कूल की वैभवी दास, वंशिका सिंह, अनवी, धृति, अनुष्का माझी और अदिति सिंह के ग्रुप ने कत्थक की प्रीतम अद्भुत ₹शिव वंदना₹ की प्रस्तुति दी और निर्णायक मंडली ने प्रथम पुरस्कार के हकदार की घोषणा की। वहीं भारतीय सांस्कृतिक शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न शैलियों के पहलुओं की जानकार और विद्यालय की नृत्य शिक्षिका भारती बनर्जी को गुरु गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। टीम अवार्ड के साथ सोमवार को विद्यालय पहुंची तो प्रिंसिपल नमिता अग्रवाल ने इनका स्वागत किया। भारती बनर्जी के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय की विद्यार्थियों की सफलता का पूरा श्रेय प्रिंसिपल नमिता अग्रवाल के सदप्रयास, सहयोग और मार्गदर्शन को जाता है।

# एक्सएलआरआइ में 43वें मैक्सी फेयर 21-22 को

■ छह मल्टीनेशनल कंपनियों की समस्याओं का निदान ढूंढेंगे विद्यार्थी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में 43वें मैक्सी फेयर का दो दिवसीय आयोजन 21 और 22 जनवरी को होने वाला है। मार्केटिंग एसोसिएशन ऑफ एक्सएलआरआइ की ओर से आयोजित इस मेले की लांचिंग सोमवार को हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एक्सएलआरआइ के पूर्ववर्ती छात्र सीवीएल श्रीनिवास ने किया. उन्होंने डायरेक्टर फादर एस. जॉर्ज एसजे, डीन एकेडमिक्स संजय पात्रो, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसूजा समेत मैक्सी फेयर की आयोजन समिति के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मैक्सी फेयर की विधिवत लांचिंग की।

इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने कहा कि एक्सएलआरआइ की 75 वर्षों की विरासत को आगे लेकर जाने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि जीवन में कई प्रकार की समस्याएं आती है, उन समस्याओं व चुनौतियों से हम किस प्रकार सफलता पूर्वक निबटते हैं उसी का नाम मैनेजमेंट है। उन्होंने कहा कि मैक्सी फेयर में इंडस्ट्रीज में वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं को खेल-खेल में दूर करने का प्रयास किया जाता है। पिछले 42 वर्षों से यह अनवरत जारी है।

**एक्सएलआरआइ ने जो पढ़ाई के साथ ही जो वैल्यू दिया वह कहीं नहीं मिल सकता :** मौके पर 1993 बैच के बीएम बैच के पूर्ववर्ती छात्र सीवीएल श्रीनिवास मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक्सएलआरआइ में भले उन्हें दो साल के मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट मिला, लेकिन उसके अलावा एक्सएलआरआइ ने जो मूल्य आधारित शिक्षा दी वह सबसे स्पेशल रहा। कहा कि आज के दौर में इंडस्ट्रीज में एक्सलर्स व अन्य बिजनेस स्कूलों में यही बेसिक अंतर है कि एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों को जो शिक्षा दी जाती है देश के लिए बेहतर मैनेजर के साथ ही बेहतर नागरिक तैयार करने के काम भी आते हैं। कहा कि एक्सएलआआइ ने उन्हें लाइफ स्किल्स, प्रॉब्लेम सॉल्विंग एटीट्यूड, क्रिएटिविटी ऑर्गनाइजेशनल स्किल समेत कई अन्य बातों को सिखाया। साथ ही कहा कि एक्सएलआरआइ इसलिए भी खास है क्योंकि उन्हें उनकी लाइफ पार्टनर भी एक्सएलआरआइ से ही मिली।



मैक्सी फेयर लांच करते निदेशक फादर एस जार्ज एसजे व अन्य।

**इन कंपनियों के प्रॉब्लम पर होगा रिसर्च**

| | |
|---|---|
| पीएनजी | बाटा |
| जी | प्रेफ्टी |
| पेप्सिको | आइसीआइसीआइ |

## स्पीड न्यूज

### आशी केयर अस्पताल में लगा जांच कैंप



मेदिनीनगर। आशी केयर अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें कुल 328 मरीजों की नि:शुल्क परामर्श, जांच और दवा दी गई। इसमें मेडिसिन के 140,स्त्री एवं प्रसूति रोग के 80, हड्डी एवं नस रोग के 40,जेनरल सर्जरी के 68 मरीजों की जांच की गई। इस नि:शुल्क जांच शिविर में डॉ जगमोहन, डॉ अमित विक्रम प्रसाद, डॉ रानी, डॉ राजेश मालवा, डॉ मिथलेश, डॉ चर्चिल बॉयज, डॉ अमित मिश्रा व अस्पतालकर्मी मौजूद थे।

फोटो : नावाबाजार तुकबेरा

### तुकबेरा सचिवालय में बैठक 19 को



नावा बाजार, पलामू। प्रखंड के ग्राम पंचायत तुकबेरा के मुखिया सह नावा बाजार मुखिया संघ अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने सूचना जारी कर बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत तुकबेरा सचिवालय के प्रांगण में झंडोत्तोलन समारोह का आयोजन किया जाना है। जिसके तैयारी को लेकर उन्होंने 19 जनवरी को 12 बजे पंचायत सचिवालय के सभाकक्ष में एक आवश्यक बैठक बुलाई है। सूचना में ये भी बताया गया है कि इस बैठक में पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया, सभी वार्ड सदस्य, समाज कल्याण केंद्र पदाधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य, जन वितरण पर नारी केंद्र के विक्रेता, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य साहिया रहेंगे।

### बीडीओ ने किया प्ले स्कूल का उद्घाटन



हरिहरगंज पलामू। शहर के सिनेमा रोड न्यू सब्जी मंडी स्थित लिटिल एंजल प्ले स्कूल का उद्घाटन सोमवार को बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने फीता काट कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ ने स्कूल का निरीक्षण कर कहा कि बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए स्कूल का वातावरण अनुकूल है। वहीं विद्यालय की प्राचार्य राजीव रंजन ने कहा कि विद्यालय में नर्सरी से कक्षा दूसरी तक पढाई सीबीएसई पैटर्न से होगी। मौके पर पूर्व विधायक ललन भुइयां, बीपीएम संजय सिंह, सलाहकार टेरेजा मार्टिस, पूर्व जिला पार्षद आशा कुमारी, दशरथ स्वर्णकार, उपप्रमुख कृष्णा प्रसाद, बृजकिशोर, संतोष जायसवाल, शिक्षक अजय कुमार, सोनू जायसवाल, महताब शाहिल (बब्लू), मुरारी प्रजापति, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, राजेश कुमार, संतोष स्वर्णकार थे।

### चेकपोस्ट पर हुई सघन वाहन चेकिंग



हरिहरगंज पलामू। स्थानीय थाना पुलिस ने सोमवार को थाना के समीप एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया। जहां दोहपिया वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान हेलमेट, कागजात, डिक्की आदि की जांच की गई। वहीं नियम का उल्लंघन करनेवालों को वाहन जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु डीटीओ कार्यालय भेजा गया। प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अबतक 43 दोपहिया वाहनों को जब्त कर जुर्माना वसूली के लिए भेजा गया है। जांच अभियान में एएसआई संजय कुमार सिंह जितेंद्र कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### एबीपीएस के विद्यार्थियों ने बालिका गृह व वात्सल्य धाम में बांटी सामग्री



विश्रामपुर (पलामू)। रेहला के ग्रासिम इंड्रस्टीज द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति पलामू बालिका गृह व वात्सल्य धाम में जाकर अनाथ बच्चों के साथ मनाया। बच्चों ने बालिका गृह व वात्सल्य धाम में वस्त्र, चूड़ा, दही, तिलकुट व चॉकलेट सहित कई सामग्री बांटी। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल के प्राचार्य संजय खन्ना स्वयं कर रहे थे। साथ में स्कूल के सोशल क्लब के शिक्षक व शिक्षिकायें भी थीं। ग्रासिम के मानव संसाधन प्रमुख अजित तिवारी एबीपीएस परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य, नैतिक-आचरण के साथ-साथ सामाजिक सरोकार का कार्य भी करता रहा है। प्राचार्य संजय खन्ना ने कहा कि इस पुनीत कार्य से एक तरफ जहां बालिका गृह व वात्सल्य धाम के अनाथ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आयी। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों के अंदर सेवाभाव, संतुष्टि व समर्पण की भावना दिखायी दी। उन्होंने ग्रासिम इंड्रस्टीज के सराहनीय सहयोग पर प्रबंधन का आभार जताया।

फोटो : हुसैनाबाद राजेंद्र पाल

### शहरी क्षेत्र में नहीं मिल रही है राशि



हुसैनाबाद, पलामू। नगर पंचायत क्षेत्र में पीएम आवास की बकाया राशि के लिए लाभुक भटक रहे हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। जनता कभी पार्षद तो कभी ऑफिस की चक्कर लगाती है। लेकिन उनको केवल आश्वासन ही मिल रहा है। वार्ड 3 के पार्षद राजेंद्र पाल ने कड़े शब्दों में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मीडिया को बताया कि सत्र 2018-19 एवं 2019-20 तथा 20-21 के लाभुक काम करवा कर बैठे हैं। कुछ लोग छप्पर उजाड़ कर बैठे है तथा कइयों ने तो दुकान से उधार सीमेंट व सरिया लेकर निर्माण कराया लेकिन उनका भुगतान नहीं हो रहा है।

### सांसद खेल स्पर्द्धा 18 से 20 तक



तरहसी, पलामू। सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 18 जनवरी से 20 जनवरी तक स्थान नेतरहाट में कार्यक्रम हेतु माननीय सांसद श्री सुनील कुमार सिंह जी के निर्देश पर कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक सह भारतीय जनता युवा मोर्चा चतरा के जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी जी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस सांसद प्रतिनिधि बिनोद प्रसाद गुप्ता के आवास पर संबोधित किये प्रेस मीडिया के बंधुओं को संबोधित करते हुए श्री केसरी ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक सराहनीय कदम है इस पहल को चतरा सांसद सुनील सिंह साकार करने में जी-जान से लगे हुए हैं।

# सांसद आपके पंचायत कार्यक्रम में सांसद ने लोगों से किया सीधा संवाद

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सोमवार को पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत सांसद आपके पंचायत में कार्यक्रम के तहत देवरी खुर्द, देवरी कला, बडेपुर, महुअरी पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुआ। साथ ही देवरी कला पंचायत के मुखिया श्री मनोज भारती के बड़े भाई एवं श्री लक्ष्मी सिंह जी की मां के असामयिक मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर पहुंचा और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उक्त पंचायतों का भ्रमण के दौरान जनसमस्या सुन निराकरण का आश्वासन दिया।



**खास बातें :** साथ ही सांसद ने केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि उफकत्र योजना के तहत भजनिया मोड़ से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) भाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरी एवं रानी देवा तक 17.372 किलोमीटर, पथ निर्माण विभाग से हैदरनगर से पंसा, भजनिया मोड़ से हैदरनगर मेन रोड़ तक एवं जपला से नवीनगर तक सड़क स्वीकृत कराया गया है। इसके साथ ही साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तीन महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई हैः- मुख्य सड़क से पांती बटंडा तक 5.92, उपरीकला उपरी खुर्द 6.11, सरगाडा से हैदरनगर वाया नौडीहा पतरीया 13.58 किलोमीटर स्वीकृत कराई गई है। मौके पर वरिष्ठ नेता विनोद सिंह, प्रफुल्ल सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रविन्द्र सिंह, राम प्रवेश सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, अजय गुप्ता, रामराज मेहता, सांसद प्रतिनिधि श्री श्रवण अग्रवाल, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, नरेन्द्र सिंह, विनय सिंह, मुखिया ममता देवी, वार्ड सदस्यगण सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# स्व रामअवतार लाल सर्राफ मार्ग कर रहा नगर निगम क्षेत्र को गौरवान्वित : महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। सोमवार को महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह एवं वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला ने महापौर आवास चौक से नामधारी गुरुद्वारा तक के मार्ग का बोर्ड द्वारा पारित नामकरण शहर के जाने-माने स्वर्णकार व्यवसाई स्वर्गीय रामअवतार लाल सर्राफ मार्ग कर एक सच्ची श्रद्धांजलि दी। महापौर अरुणा शंकर ने कहा जब मैं शहर में वधू बन कर आई थी तो उस वक्त मुझे चाचा जी का आशीर्वाद लेने का मौका मिला था। वह बहुत ही मृदुभाषी थे और उनका पूरा परिवार हमेशा शहर के हर सुख दुख में खड़ा रहता। आज मैं इस मार्ग का नाम शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई के नाम करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रही। मौके पर मंगल सिंह एवं प्रदीप अकेला ने भी स्व राम अवतार लाल सर्राफ को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की। मौके पर प्रभात अग्रवाल, अनूप तुलस्यान, गुरबीर सिंह, राजपाल नामधारी, सुनील गुप्ता, फिरोज उद्दीन अंसारी, मेयर के प्रधान सहायक अशोक सिंह के अलावे स्व अवतार लाल सर्राफ के पूरे परिवार के सदस्य प्रदीप सर्राफ, प्रवीण सर्राफ, पूजा सर्राफ, रिशु सर्राफ, गोलू आकाश एवं कई लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने जानकारी दी स्वर्गीय रामअवतार लाल सर्राफ जी का शुरू किया हुआ प्रतिष्ठान आज भी शहर का एक विश्वसनीय सोना चांदी का प्रतिष्ठान है जो 1942 से सेवा दे रहा।

### बाबा रामदेव ने पलामू आने का न्योता किया स्वीकार : अरुणा शंकर

# 18 मार्च से तीन दिन पलामू में रहेंगे योगगुरु बाबा रामदेव

- 18, 19, 20 मार्च के लिए पलामू का डेट तय हुआ
- पतंजलि इकाई के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह पलामू प्रभारी ने दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा हम सबों का प्रयास रंग लाया। योग गुरु बाबा रामदेव ने पलामू आने का न्योता हम सबों का स्वीकार कर लिया। महापौर ने बताया कल पतंजलि हरिद्वार में उनके कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए 18, 19, 20 मार्च के लिए पलामू का डेट तय कर दिया गया जिसकी सूचना पतंजलि इकाई के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह पलामू प्रभारी ममता जी एवं राजीव जी ने दी।



अरुणा शंकर, पलामू मेयर।

महापौर ने बताया यह पलामू का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा जिसमें सबो की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

निगम इसके लिए विशेष तैयारी भी करेगा क्योंकि कई सटे राज्य से लोग हमारे अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु पतंजलि हरिद्वार से इसी माह 28 तारीख को एक टीम आएगी जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जायेगी। महापौर ने बताया इस कार्यक्रम में पलामू चेंबर के अलावे जितने भी सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यवसायिक संस्थान हैं सबको साथ लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जायेगा तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी क्योंकि यह मेयर का नहीं पूरे पलामू प्रमंडल का कार्यक्रम है।

# एएसपी ऋषभ गर्ग ने सेंटर होम में पत्नी के साथ बच्चों संग मनायी मकर संक्रांति

- सामर्थ्यवान लोग असहाय बच्चों का करें सहायता : वृशाली गर्ग

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। एएसपी सह सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग पत्नी वृशाली गर्ग के साथ पहुंचे दो नंबर टाउन स्थित सेंटर होम पहुंचे। वे दोनों मकर संक्रांति पर्व सेंटर होम के बच्चों के साथ पारिवारिक माहौल में मनाया। सेंटर होम के बच्चों के प्रगति देखकर वे दोनों काफी खुश हुए। सेंटर होम के सभी रूम में घूमकर बच्चों के रहन सहन व खान पान तथा इनकी सुरक्षा का जायजा लिया। तत्पश्चात बच्चों के बीच चुड़ा तिलकुट खाकर एक अभिभावक का रौल अदा किया। जिसे देखकर बच्चे एवं सेंटर होम के कर्मी काफी प्रसन्न हुए।

### बच्चों को दिये स्वेटर-चादर



मौके पर बच्चों के बीच गर्म वस्त्र स्वेटर, चादर भेंट किया। इस मौके पर एएसपी की पत्नी वृशाली गर्ग ने कहा कि सेंटर होम में वे ही बच्चे रहते हैं जो अपने मां पिता से बिछड़ जाते हैं या गुमशुदा होने के बाद प्रशासन द्वारा उन्हें शरण दी जाती है। बच्चे नादान होते हैं इनके प्रति मानवता का स्नेह प्रकट करना सभी मानव का कर्तव्य होता है। सामर्थ्यवान लोगों को ऐसे बच्चों के बीच सहयोग या दान करना चाहिए। भगवान मुझे और सामर्थवान बनाये ताकि मैं असहाय बच्चों के साथ ही साथ निर्धन लोगों के बीच भी जाकर सेवा कर सकूँ। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि इस प्रकार के बच्चों के बीच अपना समय अवश्य बितायें जिससे कि इन बच्चों को यह अहसास हो कि मैं अकेला नहीं हूं। एएसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि सेंटर होम के बच्चों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो तो संचालक मुझे तत्काल इसकी सूचना दें। मैं सहयोग प्रदान करूंगा। इस मौके पर हाउस मदर गायत्री देवी, काउंसलर चंद्रकांता सिंह, केस वर्कर सीमा वर्मा व अन्य मौजूद थे।

### सेमरा पंचायत सचिवालय में सेवा प्राधिकार की बैठक



चैनपुर पलामू। प्रखंड के सेमरा पंचायत के पंचायत सचिवालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सेमरा पंचायत के मुखिया बसंत भुइयां ने की। मौके पर पीएलबी देवराज शर्मा ने कहा कि बाल विवाह अपराध है जिस पर अंकुश लगाना हम सभी का दायित्व बनता है। मुखिया बसंत भुइयां ने कहा कि बाल विवाह पर पूर्ण तरीके से अंकुश तभी लगाया जा सकेगा जब हमारे युवा व वृद्ध लोग जागरूक होंगे। मौके पर वार्ड सदस्य दीपक पांडे, भीम राम, विनोद राम, बिरजा सिंह सहित कई ग्रामीण और विद्यार्थी शामिल थे।

### वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए बनी कमेटी



उंटारी रोड (पलामू)। उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के जोगा (जरही टोला) स्थित आजनवन खेल मैदान में रविवार को पंचायत स्तरीय बैठक असरेश पाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन किया जायेगा। जिसमें झंडोत्तोलन का समय 11:30 बजे समय निर्धारित किया गया। साथ ही फुटबॉल टूर्नामेंट को सफल बनाने को लेकर कमेटी बनायी गयी। जिसमें मनोज चौधरी अध्यक्ष, अमित चौधरी सचिव, रामगति चौधरी कोषाध्यक्ष, अजय विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, ब्रह्मदेव चौधरी को उपसचिव व दशरथ साह बने। आजनवन विकास समिति के सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता उदेश चौधरी ने बताया कि टूर्नामेंट का प्रारंभ 29 जनवरी से किया गया है।

### मां व मुखिया दोनों हैसियत से मौजूद हूं : मुखिया



नीलांबर पीतांबरपुर। उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुराईनपतरा में सबकी योजना सबका विकास अभियान कार्यक्रम के तहत पंचायत के मुखिया पूनम देवी की अध्यक्षता में बालसभा की गयी। इस सभा में बाल संसद के बच्चों ने बाल सभा के पूर्व ही पेयजल जैसी कई समस्याओं का निदान हेतु मुखिया जी के प्रति आभार व्यक्त किये। वहीं अपनी कई महत्वपूर्ण समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित किये जिसमे -विद्यालय के मरम्मति व सुंदरीकरण,शौचालय के मरम्मत, विद्यालय में पहुंचपथ हेतु पी सी सी पथनिर्माण,विद्यालय छत पर सुरक्षा हेतु रेलिंग निर्माण, खेल मैदान, शुद्ध पेयजल हेतु वॉटरफिल्टर जैसी कई अतिआवश्यक समस्याओं के समाधान हेतु प्रस्ताव दिये जिसे बाल संसद ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किये।

# मेला आयोजन से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा: अमित

खबर मन्त्र संवाददाता



तरहसी, पलामू। तरहसी थाना क्षेत्र के श्री केदारनाथ मंदिर श्रीकेदाल में रविवार को मकर संक्रांति पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला लगाया गया। मेले में संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान भूत बामन शंकर पर जल अर्पण कर मनवांछित फल की कामना की। वहीं मेले में हो रहे संस्कृतिक कार्यक्रम और मेले का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी ने किया। श्री तिवारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति की झलक मेले में मिलती है, जहां लोग अपने श्रद्धा से भगवान की दर्शन पूजा करते हैं और एक दूसरे से मिलते भी हैं। इस श्री केदारनाथ मंदिर में लोग अपने सभी मनोकामना की पूर्ति के लिए भगवान भूत भगवान शंकर के दर्शन करते हैं प्राची प्रखंड के अध्यात्म की धरती श्री केदारनाथ मंदिर में मेले के आयोजन मेजो समिति ग्राम वासी अपनी सहमति और सुरक्षा की व्यवस्था जो करते हैं वह सराहनीय है।

# युवा, कला, संस्कृति, वन पर्यावरण के अंग राष्ट्र धरोहर की हिफाजत सबका दायित्वः कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता



छतरपुर पलामू। छतरपुर थाना के समीप नवनिर्मित कोयल कम्युनिटी हॉल परिसर में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने हिमाचल के कपूर और थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा लगाकर भक्ति जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी लोगों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा लगाते हुए पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। कहा कि युवा, कला, संस्कृति, वन, पर्यावरण के अंग और राष्ट्र की धरोहर है इनकी हिफाजत करना सबकी दायित्व है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि प्रकृति के दोहन के कारण धरती के तापमान तेजी से बढ़ रहे हैं। जिससे ही प्राकृतिक आपदाएं उत्पन्न हो रही है। अगर लोग समय रहते सचेत नहीं हुए तो वह दिन दूर नहीं होगा जब लोगों को गर्मी के दिनों में घर से निकलना मुश्किल हो जायेगा।

# हुसैनाबाद : सतचंडी महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। हैदरनगर प्रखंड के दिवानबीघा में नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व सतचंडी महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धाल शामिल हुए। जलयात्रा में दिवानबीघा से जपला शहर होते हुए लगभग 8 किलोमीटर पैदल चल कर श्रद्धालु सोन नदी तट पहुंचे। जहाँ यगाचार्य पूज्य स्वामी विष्णुचित्त महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन कर जलभरी कार्यक्रम सम्पन्न कराया। यज्ञ की आहुति को लेकर बीते 20 नवम्बर को ही वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन की गई थी। जिसमें दिवानबीघा के बीरेंद्र सिंह व उनकी पत्नी मीना देवी ने मुख्य यजमान के रूप में भूमि पूजन कर यज्ञ संपन्न कराने की संकल्प ली थी।

### एमओ ने की अन्नपूर्णा योजना की दो वर्षो के भंडारण की जांच

नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू। 2 वर्षों से रखे अन्नपूर्णा अनाज खराब होने के कागार पर मुखिया रेखा देवी ने प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल को जानकारी दी की लेस्लीगंज प्रखंड के विवाह मंडप में पिछले 2 वर्षों से 209 क्विंटल अनाज सड़ने के कगार पर हो गया है। लेकिन यह चावल का उपयोग सरकार द्वारा 2 वर्षों से नहीं की जा रही है। मुखिया रेखा देवी की पहल पर नीलांबर पितांबरपुर सीओ सह प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी ने विवाह मंडप में रखें अन्नपूर्णा अनाज को निरीक्षण किया।

# देश के मानचित्र पर दिखेगा उंटारी रोड का देवस्थल शिवसंपत धामः अरबिंद सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



उंटारी रोड पलामू। प्रखंड के सुप्रसिद्ध देवस्थल शिवसंपत धाम के मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति पर लगे दो दिवसीय मेला भंडारे के साथ संपन्न हो गया। मेले के समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भी बांटा।

शिव संपत धाम मंदिर निर्माण कमिटि के अध्यक्ष सह उंटारी रोड जिला पार्षद अरबिंद ने कहा कि प्रखंड के एक एक गांव के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य को शुरू किया गया था जो निरंतर काम चलता रहा और लाकडाउन में भी आप लोगो के सहयोग से मेला भी लगता रहा।

आज वही मंदिर प्रखंड ही नहीं पूरे प्रदेश में चर्चित देवस्थल के रूप सुप्रसिद्ध हो रहा है जो अब भारत के मानचित्र पर भी दिखेगा। उन्होंने सभी छः पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को कहा कि आप लोगों की सहयोग अपेक्षित है। आप लोगों का सहयोग रहा तो मंदिर परिसर को और विकसित किया जाएगा।

# गरीब, शोषित, वंचित वर्ग के लोगों की आवाज कभी दबने नहीं देंगे: विधायक

- विधायक आलोक चौरसिया के कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज में जुटे भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को सतबरवा स्थित मुरमा मलय डैम के मैदान में विधायक आलोक चौरसिया ने वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह समेत कई भाजपा नेता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया अपने राजनीतिक काल से ही मलय डैम पर प्रत्येक वर्ष कार्यकर्ताओं के साथ वनभोज कार्यक्रम के माध्यम से मिलने जुलने का कार्य करते थे तथा क्षेत्र की समस्या से अवगत होकर उसके समाधान के लिए आंदोलन किया करते थे। श्री चौरसिया ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से वादा करते हुए कहा कि गरीब, शोषित, वंचित वर्ग के लोगों की आवाज कभी दबने नहीं दिया जायेगा। इसके लिए आजीवन संघर्ष करता रहुंगा। पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह ने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के विकास करने में फेल हो गई है। चुनावी वादे अभी तक एक भी पुरा नही की है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के द्वारा कई जन समस्याओं से भी विधायक श्री चौरसिया को अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय पाठक तथा संचालन भाजपा नेता आशीष सिन्हा ने किया।

**खास बातें :** मौके पर ज्योति पांडे, रूपा सिंह, रामलाल चौरसिया, भीष्म चौरसिया, दुर्गा जोहरी, प्रभात कुमार भुइयां, सीटू गुप्ता, लवली गुप्ता, विपुल गुप्ता, अमलेश चौरसिया, प्रमुख बसंती देवी, जिप सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया रिंकी यादव, शिव यादव, ज्ञान धन चौरसिया, अर्जुन सिंह, शीतल सिंह, बबन पासवान, संजय यादव, कमलेश प्रसाद, अजय उरांव, सुशील सिंह, राजेंद्र सिंह चेरो, चंचल यादव आदि थे।

# निजी स्कूलों के हितों की रक्षा में सदैव तत्पर रहूंगा : दिलीप सिंह नामधारी

- स्थापना दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित हो : अविनाश वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। बाईपास रोड स्थित शांति कुलम आवासीय विद्यालय में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में बतौर अतिथि एसोसिएशन के सदस्य समाजसेवी दिलीप सिंह नामधारी एवं झारखंड इंडिपेंडेंस स्कूल एलाइंस के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं संचालन सचिव दीपेंदु गुप्ता और उमेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए अजय श्रीवास्तव ने आगामी दिनों में प्रस्तावित एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर प्रकाश डालते हुए एसोसिएशन के 6 वर्षों के सफर पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।





कार्यक्रम को संबोधित करते समाजसेवी दिलीप सिंह नामधारी।

**खास बातें :** बैठक में दिलीप सिंह नामधारी ने कहा कि अपने पिता व मुख्य संरक्षक के माध्यम से एसोसिएशन के सभी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त होती रहती है और यह बहुत ही प्रशंसनीय है। एसोसिएशन से जुड़े हुए लोग कम संसाधन में बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। श्री नामधारी ने कहा कि जब कभी भी आप मेरी आवश्यकता महसूस करें मैं आप लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलूंगा। अपने संबोधन से पूर्व जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से परिचय प्राप्त कर दिलीप सिंह नामधारी ने अपनेपन का एहसास कराया। मौके पर जीसा के संरक्षक अविनाश वर्मा ने शिक्षा में अविस्मरणीय योगदान के लिए पूरे नामधारी परिवारों को बधाई देते हुए एसोसिएशन द्वारा बिंदुवार संघर्षो पर प्रकाश डाला एवं जिले के साथ राज्य में मिल रही मान्यता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## स्पीड न्यूज

### बस्ताकोला गौशाला में राधा कृष्ण प्रतिमा स्थापना पर कलश यात्रा

**झरिया।** श्री झरिया धनबाद गौशाला बस्ताकोला में नवनिर्मित मंदिर में स्थापित श्री राधा कृष्ण भगवान का विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का त्रिदिवसीय कार्यक्रम मैं पहले दिन 108 कलश शोभायात्रा सोमवार 16 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे गायत्री मंदिर से निकल कर बस्ताकोला गौशाला पहुंची ,कलश यात्रा में झांकी श्याम रथ को भव्य रूप से सजाया गया था बैंड पार्टी कलश के आगे चल रही थी जो भक्तों को राधा कृष्ण की धुन पर झूमा रहे थे भक्तगण राधा कृष्ण का जयकारा के साथ गौ माता का भी जयकारा लगा रहे थे। कलश शोभायात्रा पहुंचने के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### आरएसएस ने सेवा बस्ती में मनाया मकर संक्रांति उत्सव

**तेतुलमारी।** आज तेतुलमारी नगर के वेस्ट मोदीडीह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग द्वारा मकर संक्रांति उत्सव मनाया गया । बस्ती के लोगों के साथ सामूहिक रूप से चूड़ा गुड़ तिलकुट खाकर उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मोदीडीह बस्ती के सभी कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

### दीप नारायण सिंह ने जदयू झारखंड प्रभारी को किया सम्मानित

**रांची/धनबाद।** सोमवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने जदयू प्रदेश प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी जी को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जदयू धनबाद जिलाध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह, बिन्दु देवी,राम स्वरूप यादव, रुपेश पासवान,धन लाल दुबे, आदि उपस्थित रहें।

### जोटलाल मुंडा का लंबी बीमारी के बाद निधन

**सिन्दरी ।** सीपीआईएम समर्थक ठेकाकर्मी कामरेड जोटलाल मुंडा (74) का उनके रोहड़ाबाँध रेलवे स्टेशन के समीप आवास में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए लोगों का तांता सोमवार को लगा रहा। परिजनों को सांत्वना देने के लिए पहुँचे सीपीआईएम वरिष्ठ नेता काली सेन गुप्ता व बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष सुंदर लाल महतो ने उनके लड़ाकू जीवनी पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि देने वालों में वरिष्ठ नेता काली सेन गुप्ता, सुंदर लाल महतो, विकास कुमार ठाकुर, गौतम प्रसाद, स्वामीनाथ पांडेय, पिंटू चटर्जी, शिबू राय, सुबोल चंद्र दास ने उनके निधन से वाम आंदोलन को क्षति बताई।

### सेंधमारी कर 12 खस्सी की चोरी

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र अंतर्गत भुली तेतुलमारी रोड के बड़की बौआ सात नंबर में दीपक महतो झटका मीट दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरो ने दुकान से 12 खस्सी चोरी कर ली। जिसका बाजार कीमत एक लाख बीस हजार रुपया है। खबर लिखे जाने तक भुक्तभोगी प्रभु प्रसाद मेहता ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### दसचंडी महायज्ञ को लेकर राजगंज बाजार में सफाई अभियान

राजगंज। राजगंज हटिया स्थित रटन्ति काली मंदिर के पुनर्निर्माण के पश्चात माँ काली की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार से पंचदिवसिय दसचंडी महायज्ञ को लेकर राजगंज बाजार में सफाई अभियान चलाया गया। राजगंज मुखिया बन्दना बरुई और मुख्य आचार्य राजेश चंद्र के नेतृत्व में मंदिर समिति के सदस्यों ने इस सफाई अभियान में भाग लिया। महायज्ञ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ होगी। सफाई अभियान में सुबोध चौरसिया,सुनील साव, विकाश कुमार, पवन कुमार, रंजीत कुमार आदि शामिल थे।

# अपराध की योजना बनाते तीन गिरफ्तार, देसी पिस्टल बरामद

**गोधर 14 नंबर कोलडम्प के पास से हुई गिरफ्तारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर 14 नंबर कोलडम्प के पास से पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अपराधियों के पास से पिस्टल भी बरामद किया गया है ।पुलिस ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा कार्रवाई की गई और दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया गिरफ्तार दोनों अपराधी पहले भी जेल की हवा खा चुके हैं। वहीं इस मामले को लेकर डीएसपी अरविंद कुमार बिन्हा ने बताया कि केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर 14 नंबर कोलडैम के पास से दो अपराधी वारदात की घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे थे। जिसकी सूचना मिलने के बाद केंदुआडीही थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह दलबल के साथ गोधर14 नंबर कोल्डम पहुंचे तो दो लोग पुलिस को देखते ही भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ा और पूछताछ की पूछताछ के दौरान दोनों के पास से दो देशी पिस्टल बरामद किया गया। इसके बाद दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया।



**लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले थे अपराधी**

डीएसपी ने बताया कि दोनों अपराधियों का नाम शुक्र राम उर्फ सुजीत राम और शशि रंजन राम है। दोनों केंदुआडीह थाना क्षेत्र के काली बस्ती के रहने वाले हैं ।दोनों अपराधियों ने पूछताछ में बताया कि लूटपाट की घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहा था। डीएसपी ने बताया कि दोनों अपराधियों के खिलाफ केंदुआडीह और धनसार थाना में कई आपराधिक मामले दर्ज है। जिसमें रंगदारी आर्म्स एक्ट और लूटपाट सहित मारपीट का केस भी शामिल है।

## कोटपा के तहत जांच अभियान में छापामारी

**बोकारो।** चास थाना प्रभारी मो० रूस्तम के निर्देश में ई.सिगरेट व सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम.2003 की धाराओं के तहत नियमित जांच अभियान में छापामारी दल के सदस्य मो० असलम के द्वारा चास के महावीर चौकए गगार्पुलए चेकपोस्टए तेलीडीह मोड के पास कुल 73 दुकानों की जांच की गईए जिसमें 15 दुकानों ६ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया। उनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2200 रुपए की वसूली की गई। छापामारी के दौरान सभी दुकानदारो को निदेशित किया गया कि सिगरेट के विज्ञापन वाले पोस्टर हटा दें अन्यथा कोटपा . 2003 की धारा 5 के अन्तर्गत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



## एक नजर में

### महाराणा प्रताप विचार मंच ने बांटे कंबल



**बोकारो।** महाराणा प्रताप विचार मंच के सदस्यों ने गरीबए बेसहारा और जरूरतमंदों के बीच आपसी सहयोग से कम्बल वितरित किया। गरीबों की सेवा को सुखद अनुभूति और सर्वोपरि पुण्य कार्य बताते हुए सभी वक्ताओं ने सरकार व प्रशासन से अलाव की व्यवस्था करने की मांग की। मौके पर मंच के पदाधिकारी गौतम सिंहएउदय सिंहएराजा जनकएरंजेश सिंह सहित विद्या सागर सिंहए शशि सिंह, मुकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बच्चों के बीच भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने किया कंबल वितरण

**झरिया।** झरिया के बस्ताकोला स्थित जीवन संस्था के दिव्यांग बच्चो के लिए इस ठंड में कंबल के लिए जीवन संस्था के सचिव अनिल सिंह ने धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ नाथ जी से मिल गुहार लगाई थी जिसके के बाद सांसद जी की अनुशंसा पर धनबाद के उपायुक्त संदीप कुमार द्वारा उन्हे झरिया सीओ से मिल कंबल प्राप्त करने के निर्देश जारी कर दिया जहा लगातार चक्कर लगाने के बावजूद सीओ झरिया ने उन्हे कंबल नहीं उपलब्ध कराए और उन्हे उल्टा उन्हे धनबाद जिला कार्यालय से लेने के लिए कह दिया जिसके पश्चात उन्होंने हमेशा की तरह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह से मुलाकात कर उनसे दिव्यांग अनाथ बच्चों के लिए कंबल प्रदान करने का आग्रह किया वही श्रीमती सिंह ने उन्हे अविलंब उन बेसहारा बच्चो के लिए कंबल वितरित किया इस दौरान मौके पर अनिल नोनिया शैलेश सिंह चंद्रवंशी अखिलेश सिंह दिलीप भारती के अलावा कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### ज्ञानेंद्र मुनि महाराज का तेरापंथ जैन समाज द्वारा हुआ भव्य स्वागत

**बोकारो।** जैन तेरापंथ मुनि आचार्य श्री महाश्रमण जी के विद्वान शिष्य मुनि ज्ञानेन्द्र मुनि महाराज के आगमन पर तेरापंथ जैन समाज के लोगों ने मुनिजी का भव्य स्वागत किया।वे बोकारो में अपने ओजपूर्ण प्रवचन से जनमानस को लाभान्वित करेंगे और अपने सहवर्ती संतो के साथ लगभग एक पखवाड़े तक मुनिजी चास.बोकारो में विभिन्न स्थानों में विराजेंगे। पिंड्राजोरा स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में अपने प्रवचन में उन्होंने आंतरिक शुद्धिकरण एवं विकास पर बल दिया। पूरे कार्यक्रम में जैन समाज के लोग बढ़.चढ़कर के हिस्सा ले रहे हैं।मौके पर जैन तेरापंथ समाज से बजरंग चौरड़ियाए जयचन्द बांठियाए सिद्धार्थ पारेखए अंकित जैन आदि मौजूद रहे।

### सांसद से मिला प्रतिनिधिमंडल

**लोयाबाद।** सिजुआ नागरिक समिति के द्वारा विस्थापितों के मुद्दो को लेकर आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो के नेतृत्व मे गिरिडीह के सांसद से रामगढ मे मुलाकात कर सिजुआ के वर्तमान समस्या से अवगत कराया गया वताते चले कि पिछले दिनों बीसीसीएल प्रबंधन पुलिस के सहयोग से तेतुलमुडी वस्ती और 22 / 12 मे वस्ती खाली करने का इस्तेहार चिपाकाया गया था, जिससे ग्रामीणो मे भारी रोष व्याप्त था। इसी मुद्दो को लेकर पिछले दिनो सिजुआ नागरिक समिति के द्वारा जनजागरण अभियान के तहत सिजुआ के विभिन्न इलाको का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों ने जोगता मैदान मे सभा करके बीसीसीएल प्रवंधन के खिलाफ सभा करके प्रवंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई थी। इन्ही समस्याओ को लेकर सोमवार को सिजुआ नागरिक समिति का एक प्रतिनिधि मण्डल आजसू जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे गिरिडीह सांसद से मुलाकात की सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने बीसीसील के सीएमडी से फोन पर बात करके वस्तुस्थिति की चर्चा की और कहा कि जबतक ग्रामीणों को उचित मुआवजा न मिले तव तक बीसीसीएल किसी प्रकार का ग्रामीणों के खिलाफ कार्य न करे ।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए कामरेड महेंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** बगोदर के पूर्व विधायक सह भाकपा माले नेता व झारखंड के जननायक शहीद का महेंद्र सिंह की 19 वीं पुण्यतिथि पर 16 जनवरी को भाकपा माले सिन्दरी पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा को संकल्प सभा के रुप में मनाया गया। उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर व दो मिनट का मौन धारण कर उन्हे श्रध्दांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के बरिष्ठ नेता कॉमरेड सुधीर महतो ने कहा कि शहीद कॉमरेड केवल भाकपा माले नेता व विधायक ही नही थे।वे बिहार-झारखंड के जननायक व विपक्ष की आवाज थे। उन्होंने आजीवन मेहनतकश आवाम के लिए संघर्ष किया और सत्ता व झारखंड के माफिया व पुलिस गठजोड़ के खिलाफ लड़ाई को अंजाम दिए थे। इसके डर से तत्कालीन शासन-प्रशासन व माफिया ताकतों ने मिलकर उनकी हत्या करवाई थी और आजतक उनके हत्यारे बेखौफ घूम रहे हैं। उनकी आवाज को हमेशा के लिए बंद करने की कोशिश की गई थी। कामरेड महेंद्र सिंह के आवाज व संघर्ष आज भी झारखंड में गूंज रहे हैं। संकल्प सभा में यह भी संकल्प लिया गया कि कॉमरेड महेंद्र सिंह की पार्टी भाकपा माले के पटना में होनेवाले 11 वें महाधिवेशन को सफल बनाने में हमसभी पूरी ताकत लगा देंगे। आगामी 15 फरवरी को लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ रैली व 16 से 20 फरवरी 2023 को भाजपा मिटाओ, देश बचाओ नारे के साथ 11 वें महाधिवेशन को सफल करने का आह्वान किया गया।



## नुक्कड़ नाटक से सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

**आज तक चलेगा सड़क सुरक्षा सप्ताह**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह व ट्राफिक डीएसपी राजेश कुमार के निदेर्शानुसार विनोद बिहारी चौक में लोगो को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें भाग लेकर जितने वाले प्रतियोगियों को हेलमेट दिया गया तथा गुड समेरिटन (नेक नागरिक) के बारे में विस्तार से समझाया गया।

वहीं बरटांड बस स्टैंड पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में एएसजी होस्पिटल द्वारा 45 लोगों के आंखों की जांच की गई।

17 जनवरी को सड़क सुरक्षा को लेकर रन फॉर सेफ्टी व सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार तथा परिवहन विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।

## बेरमो: महायज्ञ से क्षेत्र में कायम होगी सुख शांति और समृद्धि

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** कथारा में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 30 जनवरी से 5 फरवरी तक निर्धारित है। महायज्ञ के लिए यज्ञ समिति के लोग गोमिया के विधायक लंबोदर महतो से मिलकर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

महायज्ञ की सफलता के लिए गोमिया के विधायक ने यज्ञ समिति को हर संभव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिया साथ ही कहा इस तरह के अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की विकास होगी लोगों के विचार में अच्छे कार्य के लिए प्रेरणा मिलेगी जिससे मानव जीवन सुखी और सफल होता है। इस प्रकार का अनुष्ठान मेरे लिए हर्ष और गौरव का विषय है मैं अपनी ओर से हर तरह से सहयोग प्रदान करूंगा जिससे महायज्ञ को अच्छे ढंग से सफल किया जा सकेगा कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम की रूपरेखा को बहुत जल्द देखने का कार्य करूंगा।साथ ही पिछले दिनों दुर्गा पूजा के आगमन पर महायज्ञ प्रांगण के निकट अपने घोषणा के तहत ग्रील गेट महायज्ञ पूर्व पूरा किए जाने का महायज्ञ समिति को भरोसा दिए। साथ ही जल यात्रा के दिन स्वयं कार्यक्रम में शरीक होकर समस्त नगरवासी और ग्राम वासियों के साथ उपस्थित रहने का बात कही।

## कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान,जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के आदर्श हम सबों के राहुल गांधी की संघर्ष रूपी भारत जोड़ो यात्रा के सफलता के बाद उनके द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान₹ कार्यक्रम की शुभारंभ की गई।उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में आवश्यक बैठक आयोजित की गई।उक्त बैठक में धनबाद जिला के प्रभारी चन्द्रशेखर शुक्ला एवं धनबाद जिला अन्तर्गत सभी विधानसभा के प्रभारीगण एवं सभी प्रखंड/नगर के नवमनोनीत प्रभारीगण मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा देश में की जा रही तानाशाही एवं नकारात्मक व नफरत की राजनीति के साथ-साथ महंगाई बेरोजगारी एवं जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर माननीय राहुल गांधी जी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित कर देश में प्रेम,भाईचारा,सद्भावना बना रहे इसी संदेश के साथ उन्होंने इस यात्रा के माध्यम से ऐतिहासिक पहल किया है। भारत जोड़ो यात्रा का श्रम की मध्यम से देश की कोने कोने से करोड़ों लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है और लोग इस यात्रा से निरंतर जूड रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के सफलता बाद उनके द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू किया गया है।



## लोक संस्कृति को सहेजना जरुरी: राज्य मंत्री

**दुर्गा पहाड़ी में टुसू मेला का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के दुर्गा पहाड़ी में आयोजित टुसु मेले में कसमार एजरीडीह व पेटरवार सीमा सीमावर्ती गांव के ग्रामीणों के बीच राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेन्द्र प्रसाद महतो व पूर्व विधायक बबीता देवी ने मेले का उद्देश्य को बताते हुए एकजुटता के साथ रहने और अपनी परंपरा को अछुण्ण बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।टुसुए झुमर नाच आदि को प्रोत्साहन देते हुए संस्कृति व परंपरा को सहेजने पर जोर दिया। बड़ी संख्या में महिलाएं टुसू चौड़ल लिये मेला स्थल पंहुचे व विसर्जन किया। मेले में बंगाल की गायिका रेवती महतो द्वारा झुमर गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर टूसू प्रतियोगिता में प्रथमए दितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टुसू को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रमुख नियोती कुमारीए विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवीए मुखिया अमरलाल महतोए नरेश कुमार महतो एदिलीप महतोए सृष्टीधर महतोए डब्लू महतोएमहेश करमालीए दीपक कुमार महतोए धनंजय महतो मनोज करमाली समेत अन्य शामिल थे।



## भोला यादव की पुण्यतिथि पर 300 गरीबों को दिया कंबल

**केंदुआ।** भोलानाथ बसेरिया में स्व भोला प्रसाद यादव का 20 वीं पुण्यतिथि मनाया गया. इस मौके कई राजनैतिक दल के नेतागण और समाजसेवी गण उपस्थित हुए। सबसे पहले स्व भोला प्रसाद यादव के पुत्र टुनटुन यादव,शिव कुमार यादव ,भुटली यादव,जितेंद्र यादव ने तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये.वही आगन्तुक अतिथियों ने भी तस्वीर पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वही मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद विधायक राज सिन्हा कांग्रेस के पूर्व मंत्री मन्नान मालिक,बीसीसीएल के पूर्व जी एम अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे.सभी आगन्तुक अतिथियों ने स्व भोला प्रसाद यादव के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके मार्ग दर्शन पर चलने का संकल्प लिये। वही इस उपलक्ष पर विधायक राज सिन्हा और जी एम अरुण कुमार सिंह के द्वारा 300 सौ गरीबों गुरबो के बीच कंबल वितरण किया गया।वही विधायक राज सिन्हा ने कहाँ की स्व. भोला प्रसाद यादव अपने जमाने के संघर्षशील एवं लड़ाकू नेता थे।जो अपने क्षेत्र के कमजोर वर्ग के लोगो को हमेशा साथ दिए और उनके उत्थान मे हमेशा अग्रसर रहते थे।

# गोल्फ ग्राउंड में 121 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**धनबाद में सर्व धर्म सामूहिक विवाह का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में रविवार को गोल्फ ग्रांउड अब रणधीर वर्मा स्टेडियम मे-सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति द्वारा आयोजित विवाह समारोह में आज कुल 121 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। विवाह कार्यक्रम की शुरूवात बारात प्रस्थान से हुई। बैंड बाजो और आतिशबाजियो के बीच 80 टोटो वाहनो सभी में दुल्हे की एक साथ बारात निकली। बारात के वापस आने के बाद गोल्फ ग्राउण्ड में समधी- मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पारम्परिक तरीके से दुल्हा - दुल्हन के बीच जयमाला कराया गया। एक साथ दुल्हा और दुल्हन का जयमाला का यह दृश्य काफी अनूठा और आकर्षक था।हिन्दू 113,मुश्लिम 08,सिख 03 जोड़ों की सामुहिक विवाह समारोह का आनंद उठाने के लिए धनबाद सहित अन्य जिलो से भी हजारो की संख्या में लोग जुटे। इस सामूहिक विवाह को लेकर जोड़ो में भी उत्साह चरम पर रहा। सर्व धर्म विवाह समिति लगातार नवें वर्ष में 121 जोड़ो का सफल सामूहिक विवाह संपन्नता से अगले वर्ष और अधिक जोड़ों की विवाह कराने का लक्ष्य रखा।पंडित तथा मोलवी ने विवाह समारोह में शरीक हुए। गायत्री परिवार की अहम भूमिका निभाई तथा सिन्दूर दान,लवा लखाई का रस्म अदा की। समाज सेवी दल के 35 संस्थान विवाह संपन्न कराने में जूटी रही।

## कलश यात्रा के साथ श्री मारुती नंदन महायज्ञ शुरू

चासनाला। श्री श्री मारुती नंदन नव दिवसीय . महायज्ञ को लेकर सुदामडीह स्थित सूर्यधाम से सोमवार को प्रयाग राज से पधारे श्री श्री 1008 श्री बालयोगी महामंडलेश्वर परशुराम त्यागी जी महाराज के देख रेख में कलश शोभा यात्रा निकाली गई । इस कलश यात्रा में 501 महिलाए शामिल थे। यह कलश यात्रा गाजे बाजे व जय श्री राम के जयकारे के साथ सुदामाडीह रिवर साइड, चास नाला केके गेट, चास नाला मोड़ होते हुए पुनः मंदिर परिसर पंहुचा इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति मय था। जहाँ अयोध्या से आये अंतर्राष्ट्रीय आचार्य पंडित श्री रंजीत शास्त्री अपने सहयोगी पडित दीपक शास्त्री रामेश्वर वैदिक,मुरारी शास्त्री, सुभाकर शास्त्री , के द्वारा वैदिक मन्त्रोंचरण के साथ कलश भरनी कार्य संपन्न कराया गया। वहीं बनारस से आई कथा वाचिका मृदुभाषी देवी किशोरी राधिका के मुखरविन्द से कथा की जाएगी तथा यज्ञ का सामापन नवे दिन एवं महा भंडारे का आयोजन किया जाएगा इस मौके पर चासनाला, सुदामाडीह यज्ञ समिति के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### मंत्री चंपई सोरेन...

उनके साथ उनके बड़ा बेटा भी चेन्नई गये हैं। चंपई सोरेन पहले भी दो बार चेन्नई के अस्पताल में एडमिट हो चुके हैं। यह तीसरा मौका है, जब उन्हें चेन्नई ले जाया गया है। रविवार को तड़के चार बजे जमशेदपुर स्थित टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में उन्हें भर्ती कराया गया। यहां उनके खून व यूरिन की जांच के लिए सैंपल लिया गया। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर चंपई सोरेन के स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में साथी मंत्री चंपई सोरेन जी को बेहतर चिकित्सा के लिए चेन्नई भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य खराब होने के बाद चंपई दा का टीएमएच जमशेदपुर में इलाज चल रहा था। आप शीघ्र स्वस्थ होकर आये, परमात्मा से यही कामना करता हूं।

### झारखंड में पर्यटन ...

उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात काफी अच्छी रही। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास में पूरी मदद करने की हमने पेशकश की। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री को केरल में छुट्टियां बीताने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने उनके और उनके परिवार के अच्छे समय की कामना की।

### 9 राज्यों में...

केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में मीडिया से ये जानकारी साझा की। उनके मुताबिक सोमवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के पहले दिन केंद्रीय नेतृत्व के सूरमा हैं तो क्षेत्रीय क्षत्रपों का भी जमघट है। इस दौरान किन बातों पर चर्चा हुई है, इसकी झलक भाजपा नेताओं ने दे दी है। भाजपा ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के दौरान जिन दो चीजों पर नजर गड़ा रखी है, वह है 2023 के विधानसभा चुनाव और मिशन 2024। यही वजह है कि भाजपा की कार्यकारिणी के दौरान एक खास एक्सरसाइज पर ध्यान दिया गया। यह एक्सरसाइज थी, चुनावी राज्यों के दिग्गजों से रिपोर्ट कार्ड की मांग।

**पहले दिन इन राज्यों ने पेश की रिपोर्ट :** अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक इस दौरान उन राज्यों से रिपोर्ट मांगी जा रही, जहां इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सोमवार को कर्नाटक, त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय के राज्य चुनाव प्रभारियों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट पेश की। इन राज्यों में कर्नाटक और त्रिपुरा में भाजपा की सरकार है। वहीं, मेघालय में भाजपा गठबंधन में है। बताया जाता है कि चुनाव प्रभारियों की इन रिपोर्ट्स के आधार पर 2023 के विधानसभा चुनाव का रोडमैप तैयार किया जायेगा।

**आज इन राज्यों की बारी :** मंगलवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम पर चर्चा होगी। इसमें मध्य प्रदेश में भाजपा सत्ता में है, लेकिन अन्य राज्यों में उसके लिए हालात बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। राजस्थान में उसे सतीश पूनिया और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया के आपसी संघर्ष से भी पार पाना होगा। यहां पर कांग्रेस की गुटबाजी सतह पर आ चुकी है, इसके बाजवूद भाजपा यहां खुद को मुकाबले में खड़ा नहीं कर पा रही है। यह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लिए एक बड़ी चिंता का विषय होगा। वहीं, छत्तीसगढ़ में भी भाजपा को भूपेश बघेल का तोड़ हासिल करना होगा। यहां, भाजपा को कोई दमदार चेहरा नहीं मिल पा रहा है, जो उसे चुनावी वैतरणी में पार लगा सके।

### देर रात हॉस्टल ...

उनका कहना है कि शौचालय की सफाई, झाड़ू लगाना, मैदान साफ कराना और गलत तरीके से चंदा वसूलना, नाश्ता, भोजन आदि में गुणवत्तापूर्ण सामान नहीं दिया जाने उनके यहां आने का मुख्य कारण रहा है। यदि इन सब कार्य को लेकर शिकायत की जाती है तो वार्डेन द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। छात्राओं ने कहा कि वे लोग उपायुक्त से अपनी समस्याओं को बताने पहुंचे हैं।

# कड़ाके की ठंड से जम गयी डल झील



## अग्निवीरों से प्रधानमंत्री मोदी ने की मन की बात, बोले

# बाजी पलटने वाली सिद्ध होगी अग्निवीर योजना


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिकों की भर्ती की नयी अग्निवीर योजना को 'परिवर्तनकारी नीति' बताते हुए सोमवार को कहा कि यह हमारे सशस्त्र बलों को मजबूत बनाने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने के मामले में एक 'बाजी पलटने' वाली सिद्ध होगी। प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं में भर्ती की अल्पकालिक योजना 'अग्निपथ' के पहले बैच के अग्निवीरों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक पीएम मोदी ने यह भी कहा कि युवा अग्निवीर सशस्त्र बलों को अधिक युवा और 'टेक सेवी' (आधुनिक तकनीक व प्रौद्योगिकी के जानकार) बनाएंगे। अग्निवीरों की क्षमता की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी भावना सशस्त्र बलों की बहादुरी को दर्शाती है, जिसने हमेशा राष्ट्र के झंडे को ऊंचा रखा है। उन्होंने कहा, 'इस अवसर के माध्यम से वे जो अनुभव प्राप्त करेंगे, वह जीवन के लिए गर्व का स्रोत होगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भारत नए जोश से भरा हुआ है और सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास चल रहे हैं। 21वीं सदी में युद्ध लड़ने के बदलते तरीकों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस संवाद के दौरान संपर्क रहित युद्ध के नए मोर्चों और साइबर युद्ध की चुनौतियों पर भी चर्चा की। पीएम ने कहा, 'तकनीकी रूप से उन्नत सैनिक हमारे सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। युवाओं की वर्तमान पीढ़ी में विशेष रूप से यह क्षमता है। इसलिए अग्निवीर आने वाले समय में हमारे सशस्त्र बलों में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।' मोदी ने यह भी बताया कि यह योजना महिलाओं को और सशक्त बनाएगी। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि कैसे महिला अग्निवीर नौसेना का गौरव बढ़ा रही हैं। पीएम ने कहा कि वह तीनों बलों में महिला अग्निवीरों को देखने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने सियाचिन में तैनात महिला सैनिक और आधुनिक लड़ाकू विमान उड़ाने वाली महिलाओं का उदाहरण देते हुए अग्निवीरों को बताया कि कैसे महिलाएं विभिन्न मोर्चों पर सशस्त्र बलों का नेतृत्व कर रही हैं।




## स्पीड न्यूज

### दिल्ली की जनता तानाशाही सहन नहीं करेगी : केजरीवाल



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली की जनता तानाशाही सहन नहीं करेगी और उपराज्यपाल वीके सक्सेना को संविधान और उच्चतम न्यायालय के आदेश मानने ही पड़ेंगे। दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को ट्रेनिंग पर फिनलैंड भेजने से उपराज्यपाल द्वारा रोके जाने के विरोध में सोमवार को केजरीवाल के नेतृत्व में सभी मंत्रियों और विधायकों ने विधानसभा से राजनिवास तक पैदल मार्च किया। मुख्यमंत्री करीब एक घंटे तक अपने मंत्रियों और विधायकों के साथ उपराज्यपाल से मिलने का इंतजार करते रहे लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हुई।

### जैकलीन ने अब दुबई जाने की मांगी अनुमति

**नयी दिल्ली।** ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोमवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस दिल्ली की एक अदालत में हाजिर हुईं। जैकलीन ने जनवरी के अंतिम सप्ताह में अपने काम के सिलसिले में दुबई जाने की अनुमति याचिका के जरिए मांगी है। इस पर पटियाला हाउस कोर्ट ने इडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### सेंसेक्स 168 अंक टूटा

**मुंबई।** सोमवार को सेंसेक्स 168 अंकों की गिरावट के साथ 60,092.97 अंकों पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 61.75 अंकों की गिरावट के साथ 17894.85 अंकों पर बंद हुआ।

## अमेरिका : बाढ़ और बारिश ने मचाई तबाही

### हजारों घर डूबे 20 से ज्यादा लोगों की मौत

**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका इन दिनों प्राकृतिक आपदाओं से घिरा हुआ है। बर्फीले चक्रवात तूफान के बाद अब बाढ़ और बारिश ने तबाही मचा रखी है। अब तक 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़, बारिश और तूफान का ये असर अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में देखने को मिल रहा है। अब तक प्रभावित इलाकों से 70 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि राष्ट्रपति बाइडेन ने इसे आपदा घोषित कर दिया है।



## जोशीमठ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट जाने का दिया निर्देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जोशीमठ भू-धंसाव मामले में केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को छूट दी कि वह उत्तराखंड हाईकोर्ट जा सकता है और वहां इस आपदा को 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित करने की मांग कर सकता है। इसी के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र की ओर से जोशीमठ में प्रभावित लोगों को राहत मुहैया कराने की मांग को भी नकार दिया। साथ ही मामले में दखल से भी इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने याचिकाकर्ता स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को याचिका उत्तराखंड हाईकोर्ट में दायर करने की छूट दी। बता दें कि याचिकाकर्ता स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शीर्ष अदालत में अपील करते हुए कहा था कि मामले में तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है और इस संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। जिस पर पीठ ने मंगलवार यानी आज की तारीख दी थी लेकिन अब अदालत ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है।

### जी20 : 18 जनवरी से होगी हेल्थ वर्किंग ग्रुप की बैठक

**नयी दिल्ली।** जी20 में भारत अध्यक्षता के तहत पहली हेल्थ वर्किंग ग्रुप की बैठक 18 से 20 जनवरी के बीच तिरुवनंतपुरम में होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया, बैठक में तीन प्राथमिकताओं पर जोर दिया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य आपात स्थितियों पर नजर रखना- तैयारी और प्रतिक्रिया, फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना, इसके अलावा डिजिटल हेल्थ इनोवेशन और समाधान शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया बैठक का शीर्ष एजेंडा स्वास्थ्य आपात स्थितियों की रोकथाम और एक स्वस्थ्य व एंटीबायोटिक प्रतिरोध पर ध्यान देना है।

## सरकार ने माना कोरोना वैक्सीन में कई साइड इफेक्ट

### सिरदर्द, खुजली, थकान और भूख कम लगना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कोरोना से बचाव के लिए लगाई जा रही वैक्सीन को लेकर कई सवाल उठते रहे हैं। कुछ एक्सपर्ट्स ने माना है कि वैक्सीन के कई साइड इफेक्ट हैं, लेकिन अभी तक इसपर कोई डाटा या रिसर्च नहीं आई है, लेकिन अब सरकार के दो संस्थानों ने माना है कि कोविड वैक्सीन के एक नहीं बल्कि कई साइड इफेक्ट हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने पुणे के व्यवसायी प्रफुल्ल सारदा को एक आरटीआई के जवाब में यह बात स्वीकार की है। कोविड वायरस के खिलाफ लगने वाली पांच वैक्सीन को टीकाकरण के लिए अनुमति दी गई थी। इनमें एस्ट्राजेनाका और सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड और एसआईआई की कोवोवैक्स को अनुमति दी गई थी। हालांकि भारत में अधिकतर लोगों को कोविशील्ड और कोवैक्सिन लगाई गई है। प्रफुल्ल सारदा की ओर से दाखिल की गई आरटीआई के जवाब में आईसीएमआर की



**कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट**

आरटीआई के जवाब में बताया गया है कि कोवैक्सिन के लगने के बाद लोगों में पसीना आना, खांसी-जुकाम, उल्टी, दस्त और सिरदर्द की शिकायत देखी गई है।

**कोविशिल्ड से हुए ये दुष्प्रभाव**

कोविशिल्ड लेने वालों में आंखों में दर्द, सिरदर्द, उल्टी आना, कमजोरी बॉडी पेन, सूजन, शरीर पर लाल धब्बे जैसी परेशानियां देखी गई हैं।

पीआईओ डॉ लियाना सुसान जॉर्ज और सीडीएससीओएस के पीआईओ सुशांत सरकार ने वैक्सीन के कई साइड इफेक्ट के बारे में जानकारी दी है।

### थोक महंगाई दिसंबर में घटकर 4.95% हुई

**नयी दिल्ली।** भारत की थोक मूल्य मुद्रास्फीति नवंबर के 5.85% से घटकर दिसंबर 2022 में 4.95% हो गई, इसका मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं और कच्चे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में गिरावट है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति नवंबर 2022 में 5.85% और एक साल पहले दिसंबर 2021 में 14.27% थी। दिसंबर 2022 के दौरान खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति (-) 1.25% रही, जबकि ईंधन और बिजली के मामले में यह 18.09% रही। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि महीने के दौरान निर्माण क्षेत्र के उत्पादों में मुद्रास्फीति 3.37% दर्ज की गई।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे दुर्घटना में बाल-बाल बचे

**बक्सर।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी एक सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। बक्सर से पटना लौटने के क्रम में डुमराव के मठीला-नारायणपुर पथ के सड़की पुल के नहर में कारकेड में चल रही कोरानसराय थाने की गाड़ी पलट गयी। इसके ठीक पीछे मंत्री की गाड़ी चल रही थी। केंद्रीय मंत्री अश्वनिनी अपनी इनोवा कार में सवार थे।ड्राइवर के सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना टल गई। दुर्घटना रविवार की रात को हुई। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। इस सड़क हादसे में समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस गाड़ी का ड्राइवर भी चोटिल हो गया।सभी केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा में शामिल थे। दो पुलिसकर्मियों को अधिक चोटें आईं हैं। सभी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे अपनी देख रेख में घायलों को अस्पताल ले गए। जो दो कर्मी ज्यादा घायल हैं उन्हें पटना रेफर कर दिया गया।

## पूर्वानुमान : कड़ाके की ठंड से उत्तर पश्चिम भारत को 19 जनवरी से मिलेगी राहत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तर और उत्तर पश्चिम भारत में सोमवार को कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी रहा। देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। वहीं, मैदानी इलाकों में हिमालय से आने वाली बर्फीली उत्तर-पश्चिमी हवाओं के साथ अगले दो दिनों में इस क्षेत्र में और भी अधिक ठंड पड़ने की संभावना है।

**19 जनवरी से समाप्त हो जायेगी शीत लहर की स्थिति :** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि दो पश्चिमी विक्षोभ के कारण 19 जनवरी से शीतलहर की स्थिति समाप्त हो जाएगी। जिससे उत्तर भारत के कई क्षेत्रों को राहत मिलेगी। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली के कई हिस्सों और पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने बताया कि दिल्ली में भीषण शीतलहर की स्थिति के साथ राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। अगले 2 दिनों तक तापमान इसी तरह बना रह सकता है, आगे और गिरावट की संभावना नहीं है। 18 जनवरी से तापमान बढ़ सकता है।



## दुर्घटनाग्रस्त विमान का 'ब्लैक बॉक्स' मिला, लापता चार लोगों की तलाश अब भी जारी

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा में रविवार को हुई विमान दुर्घटना में 72 यात्रियों में से अब तक 68 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं, जिसमें पांच भारतीय भी शामिल थे। लेकिन अभी भी चार लोगों की बॉडी बरामद नहीं हो सकी है, जिसकी तलाश फिर से शुरू कर दी गई है। वहीं सेना ने बयान जारी करते हुए कहा कि अभी तक उसे कोई जिंदा नहीं मिला है। वहीं हवाई अड्डे के अधिकारी शेर बाथ ठाकुर ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिल गया है। ब्लैक बॉक्स के जरिए हादसे का कारण पता लगाया जा सकेगा। वहीं विमान हादसे को लेकर नेपाल में आज एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। यति एयरलाइंस के विमान ने काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार सुबह 10:33 बजे उड़ान भरी और उतरने से कुछ मिनट पहले पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## श्वेता तिवारी ने बेशर्म रंग पर किया डांस

टीवी इंटस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी छोटे पर्दे के जरिए एक्ट्रेस को घर-घर में और फैंस के दिलों में जगह मिली। एक्ट्रेस कहने को 42 की है, लेकिन अपनी हॉटनेस से कई यंग एक्ट्रेसेज को टक्कर देती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपने फैंस के साथ नए-नए तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। इन दिनों फिल्म पठान का गाना 'बेशर्म रंग' इन दिनों काफी सुर्खियों में है। इस गाने में दीपिका ने अपना जलवा दिखाया और अब इसी गाने पर श्वेता तिवारी अपना अंदाज दिखाया है। इस वीडियो में श्वेता बाथरोब पहनकर झूमती नजर आ रही है, ऐसे में वह बाथरूम में एंट्री लेती हैं और अगले ही पल येलो कलर के पैंट-सूट में नजर आती है। कैप्शन में उन्होंने लिखा- जब वो मुझसे 1000 बार पूछते हैं कि आपको तैयार होने में कितना टाइम लगेगा, मैं कुछ ऐसे तैयार हो जाती हूं। श्वेता का स्लिम और सेक्सी अवतार देखकर हर कोई हैरान है। एक्ट्रेस ने 'कसौटी जिंदगी की' से अपने करियर की शुरूआत की थी। इस शो अदाकारा ने प्रेरणा का किरदार निभाया था। एक्ट्रेस ने प्रेरणा बनकर कई सालों तक पर्दे पर राज किया। हालांकि कुछ वक्त के लिए टीवी इंडस्ट्री से दूर भी हो गई थी, लेकिन अब एक बार फिर उनकी वापसी हो चुकी है।






# नीदरलैंड ने न्यूजीलैंड को 4-0 से रौंदा

एजेंसी

**राउरकेला।** नीदरलैंड ने कप्तान थिएरी ब्रिंकमैन की अगुवाई में फॉरवर्ड पंक्ति के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के ग्रुप-सी मुकाबले में न्यूजीलैंड को 4-0 से रौंद दिया। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मुकाबले में ब्रिंकमैन (दूसरा, 12वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये दो गोल किये, जबकि बिजेन कोएन (19वां) और होडमेकर्स जेप (54वां मिनट) ने एक-एक गोल दागा। अपने पहले मुकाबले में चिली को 3-1 से हराने वाली न्यूजीलैंड के पास तीन बार की विजेता नीदरलैंड के हमलों का कोई जवाब नहीं था। डच टीम के कप्तान ने दूसरे ही मिनट में फील्ड गोल करके टीम का आक्रामक रवैया साफ कर दिया।



### फ्रांस ने रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराया

फ्रांस ने सोमवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक पूल-ए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखीं। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विक्टर शारलेट ने सातवें मिनट में फ्रांस का पहला गोल किया, जबकि कॉनर ब्यूचैंप ने 15वें मिनट में दक्षिण अफ्रीका के लिये गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन विक्टर ने आखिरकार 56वें मिनट में अपना और टीम का दूसरा गोल जमाकर फ्रांस को जीत दिलाई।

### मलेशिया ने वापसी कर चिली को पस्त किया

**राउरकेला।** मलेशिया ने पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक पूल-सी मुकाबले में चिली को 3-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखीं। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले के पहले हाफ में राजी रहीम (26वां मिनट) ने मलेशिया के लिए एकलौता गोल किया, जबकि जुआन अमोरोसो (20वां मिनट) और मार्टिन रॉड्रिगेज (29वां मिनट) ने गोल जमाकर चिली को 2-1 की बढ़त दिला दी थी। मलेशिया ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए अशरफ हमसानी (41वां) और नूरस्याफिक सुमंत्री (42वां मिनट) के गोलों की बदौलत मुकाबला 3-2 से जीत लिया।

### ऑस्ट्रेलिया-अर्जेंटीना मैच ड्रॉ

**भुवनेश्वर।** तीन बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पूल-ए मुकाबले में अर्जेंटीना के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में थॉमस डोनेल (18वां), मैको कसेलो (32वां) और मार्टिन फरेरो (48वां) ने अर्जेंटीना के लिये गोल किया, जबकि जेरेमी हेवर्ड (नौंवा), डेनियल बील (29वां) और ब्लेक गोवर्स (57वां) ने ऑस्ट्रेलिया के गोल दागे।

## अंडर-19-वीमेंस टी20 वर्ल्ड कप : भारत की लगातार दूसरी जीत, यूएई को 122 रन से हराया



महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने अपने दूसरे मैच में यूएई को 122 रन से हरा दिया है। लगातार दूसरी जीत के साथ भारतीय टीम अंक तालिका में अपने ग्रुप में शीर्ष पर बनी हुई है और भारत का अगले राउंड में खेलना लगभग तय हो चुका है। ग्रुप स्टेज में अब भारत को सिर्फ स्कॉटलैंड के साथ खेलना है। यूएई की टीम के खिलाफ मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 219 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में यूएई की टीम सिर्फ 97 रन ही बना पाई और 122 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। कप्तान शेफाली वर्मा 34 गेंद में 78 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद श्वेता सेहरावत भी 49 गेंद में 74 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद ऋचा घोष ने 29 गेंद में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 49 रन बना दिए। अंत में टीम इंडिया तीन विकेट खोकर 219 रन बनाने में सफल रही। भारत के लिए शबनम, तितस, मन्नत और परशवी ने एक-एक विकेट लिया।

### वायाकॉम-18 ने हासिल किया महिला आइपीएल के प्रसारण का अधिकार, 951 करोड़ की बोली लगाई

**मुंबई।** रिलायंस की स्वामित्व वाली वायाकॉम-18 प्राइवेट लिमिटेड ने महिला आईपीएल के प्रसारण का अधिकार हासिल कर लिया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा- वायाकॉम-18 को बीसीसीआई और बीसीसीआई विमेन पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद। वायाकॉम ने 951 करोड़ रुपये का वादा किया है, जिसका मतलब है अगले पांच वर्षों (2023-27) के लिए प्रति मैच मूल्य 7.09 करोड़ रुपये। महिला क्रिकेट के नजरिये से यह बेहद शानदार है।


VERMA PRESS

**वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची**

**Verma's® Today®**

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar – II | ₹ 100 | English Grammar – II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran – II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran – II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !